3 राजधानी
दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण का दर्ज किया बयान

6 अभिमत
खाड़ी में चीन के पर कतरने के प्रयास

10 विदेश
इजराइल ने गाजा पट्टी में हवाई हमले किए

11 राष्ट्रीय
सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडू और पश्चिम बंगाल से मांगा जवाब



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 186
नई दिल्ली, शनिवार, 13 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




लखनऊ स्पिनर्स के सामने सनराइजर्स की होगी कड़ी परीक्षा

स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# ज्ञानवापी मामला: 'शिवलिंग' की अब वैज्ञानिक जांच होगी

## ● इलाहाबाद हाईकोर्ट ने काल निर्धारण का दिया आदेश, वाराणसी के जिला न्यायाधीश का आदेश किया दरकिनार

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने काशी विश्वनाथ ज्ञानवापी मस्जिद विवाद मामले में वाराणसी के जिला न्यायाधीश का आदेश शुक्रवार को दरकिनार करते हुए आधुनिक पद्धति के आधार पर कथित शिवलिंग का काल निर्धारित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार मिश्रा ने वाराणसी के जिला जज द्वारा 14 अक्टूबर, 2022 को पारित आदेश को चुनौती देने वाली एक पुनरीक्षण याचिका पर यह आदेश पारित किया।

यह याचिका लक्ष्मी देवी और तीन अन्य लोगों द्वारा दायर की गई थी। वाराणसी की अदालत ने 16 मई, 2022 को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण के दौरान मिले ढांचे की कार्बन डेटिंग सहित वैज्ञानिक जांच की याचिका ठुकरा दी थी। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि शिवलिंग को क्षति पहुंचाए बगैर आधुनिक पद्धति के आधार पर काल निर्धारण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए। अदालत ने इस संबंध में विभिन्न संस्थानों से रिपोर्ट भी मांगी थी। आईआईटी रुड़की द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि शिवलिंग की प्रत्यक्ष कार्बन डेटिंग संभव नहीं है और काल का निर्धारण सामग्री की प्रॉक्सी डेटिंग के साथ किया जा सकता है। इसके लिए शिवलिंग के आसपास की सामग्रियों का विस्तृत अध्ययन आवश्यक है। इस रिपोर्ट में आगे सुझाव दिया गया है कि सतह के नीचे कुछ जैविक सामग्रियों की डेटिंग से काल का निर्धारण किया जा सकता है, लेकिन उन जैविक सामग्रियों का शिवलिंग से संबंधित होना आवश्यक है।

अदालत ने आईआईटी कानपुर के पृथ्वी विज्ञान विभाग के प्रोफेसर जावेद एन मलिक की ओर से ज्ञानवापी के लिए दिए गए सुझावों पर भी विचार किया। प्रोफेसर मलिक ने सुझाव दिया कि भूमिगत सामग्री और ढांचे को समझने के लिए जीपीआर के जरिए सतह का एक विस्तृत सर्वेक्षण करना आवश्यक है। इससे उस स्थान पर यदि कोई प्राचीन ढांचे का अवशेष दबा है, तो उसे पहचानने में मदद मिलेगी। अदालत ने वाराणसी के जिला जज को कथित शिवलिंग की वैज्ञानिक जांच कराने के हिंदू भक्तों के आवेदन पर कानून के मुताबिक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। अदालत के इस निर्देश के साथ उस ढांचे की कार्बन डेटिंग और वैज्ञानिक ढंग से काल निर्धारण का रास्ता साफ हो गया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने अपने 52 पेज की रिपोर्ट में विशेषज्ञ मत दिया है कि उस ढांचे का वैज्ञानिक पद्धति से किसी तरह की क्षति पहुंचाए बगैर काल निर्धारण किया जा सकता है।

यह मत आईआईटी कानपुर, आईआईटी रुड़की, बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट लखनऊ और एक अन्य शैक्षणिक संस्थान द्वारा किए गए अध्ययनों पर आधारित है। पुनरीक्षण याचिकाकर्ताओं के वकील विष्णु शंकर जैन ने दलील दी, जिला जज ने बिना किसी आधार के आदेश पारित किया, जबकि उन्हें एएसआई से विशेषज्ञ मत लेना चाहिए था कि क्या शिवलिंग को नुकसान पहुंचाए बगैर उसकी कार्बन डेटिंग की जा सकती है। अपर ( शेष पेज 9 )

# कर्नाटक के ताज के हकदार का फैसला आज



**पीएनएस/एजेंसी।** बेंगलुरु

## ● वोटों की गिनती में दोपहर तक रूझान हो जाएगा साफ

**कर्नाटक** के ताज के हकदार का फैसला शनिवार ईवीएम मशीनों में बंद वोटों की गिनती के साथ हो जाएगा। अनुमान के मुताबिक दोपहर तक सभी सीटों के रूझान आने के साथ ही सत्ता की चाबी किसके हाथ लगेगी यह भी साफ हो जाएगा। हालांकि कर्नाटक मतगणना को लेकर प्रदेश ही नहीं पूरे देश में भारी उत्सुकता और बेचैनी है।

कर्नाटक में इस बार सत्तारूढ़ भाजपा, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस और जनता दल (सेक्युलर) के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। वहीं विधानसभा चुनाव में राज्य के मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता बसवराज बोम्मई, कांग्रेस नेता सिद्धरमैया और डीके शिवकुमार तथा जद (एस) के एचडी कुमारस्वामी सहित कई अन्य बड़े नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। मतगणना राज्य भर के 36 केंद्रों में सुबह 8 बजे से शुरू होगी। चुनाव अधिकारी उम्मीद जता रहे हैं कि राज्य के भावी राजनीतिक परिदृश्य की तस्वीर दोपहर तक स्पष्ट हो जाएगी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए राज्य भर में, विशेषकर मतगणना केंद्रों के अंदर और आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

राज्य में 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए 10 मई को चुनाव में 73.19 प्रतिशत का रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया। ऐसे में जब ज्यादातर एग्जिट पोल में कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़े मुकाबले का पूर्वानुमान जताया गया है, वहीं जद(एस) त्रिशंकु जनादेश की उम्मीद लगा रहा है ताकि उसे सरकार गठन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने का मौका मिल सके। अधिकांश सर्वेक्षणकर्ताओं ने सत्तारूढ़ भाजपा पर कांग्रेस को बढ़त दी है। हालांकि कुछ ने राज्य में त्रिशंकु विधानसभा की संभावना का भी संकेत दिया है। राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा राज्य की सत्ता में क्रमिक बदलाव की 38 साल पुरानी परंपरा तोड़ने ( शेष पेज 9 )

## यूपी में नगरीय निकाय चुनाव की मतगणना आज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश नगरीय निकाय चुनाव और हाल ही में हुए विधानसभा उपचुनाव के लिए मतों की गिनती शनिवार को होगी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों चुनावों के मतों की गिनती शनिवार की सुबह आठ बजे से शुरू होगी। स्वार (रामपुर) और छानबे (एससी) (मिर्जापुर) के उपचुनाव के लिए मतदान 10 मई को हुआ था, जबकि राज्य में नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान दो चरणों में चार मई और 11 मई को हुआ था।

अधिकारियों के मुताबिक स्वार और छानबे विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा और दोनो स्थानों पर क्रमश: 44.95 प्रतिशत और 44.15 फीसद मतदान हुआ। उनके अनुसार, एक साल पहले हुए विधानसभा चुनाव में स्वार में मतदान प्रतिशत 68.8 था, जब सपा नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम खान ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अपना दल (सोनेलाल) के उम्मीदवार को हरा दिया था। इसी तरह छानबे विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को मतदान प्रतिशत 44.15 प्रतिशत रहा, जबकि पिछली बार चुनाव में यह 52 प्रतिशत था। स्वार सीट सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम को एक मामले में सजा सुनाए जाने के बाद उनकी सदस्यता रद्द होने के चलते रिक्त हुई है जबकि छानबे सीट भाजपा के सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) के विधायक राहुल कोल के निधन की वजह से खाली हुई है।

उपचुनाव में सत्ताधारी गठबंधन और विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के बीच सीधा मुकाबला है। नगरीय निकाय चुनाव में 11 मई को दूसरे चरण में 38 जिलों में 53 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि चार मई को पहले चरण में राज्य के 37 जिलों में 52 प्रतिशत मतदान हुआ। शाहजहांपुर ने अपना पहला मेयर चुनने के लिए मतदान किया है। मेरठ और अलीगढ़ में 2017 में बसपा के मेयर थे, जबकि बाकी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा था। नगरीय निकाय चुनाव 17 महापौर, 1420 पार्षद, नगर पालिका परिषदों के 199 ( शेष पेज 9 )

# सीबीएसई की 10वीं-12वीं के नतीजे में बेटियां फिर अव्वल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में शुक्रवार को बेहतर परिणाम आने के बाद जश्न मनाती सेंट थामस स्कूल की 12वीं की छात्राएं। फोटो रंजन डिमरी

**केंद्रीय** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा शुक्रवार को घोषित 10वीं और 12वीं की परीक्षा के नतीजों में एक बार फिर लड़कियों ने बाजी मारी है। हालांकि इस साल उत्तीर्ण प्रतिशत व 90 और 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों की संख्या पिछले साल के मुकाबले कम रही। वहीं, सीबीएसई अधिकारियों ने कहा कि पिछले शैक्षणिक सत्र से तुलना करना उचित नहीं है, क्योंकि महामारी की वजह से पिछले सत्र को दो टर्म में विभाजित किया गया था।

वहीं, स्कूलों के प्रधानाचार्यों का दावा है कि इस कमी की वजह स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) को लागू करना है। इस साल 10वीं कक्षा में 93.12 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जो पिछले साल के मुकाबले 1.28 प्रतिशत कम है। वहीं महामारी से पहले वर्ष 2019 में 91.10 प्रतिशत विद्यार्थी 10वीं कक्षा में उत्तीर्ण घोषित किए गए थे। बोर्ड के मुताबिक इस साल 12वीं कक्षा में 87.33 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं जो पिछले साल के 92.71 उत्तीर्ण प्रतिशत के मुकाबले 5.38 प्रतिशत कम है। हालांकि, वर्ष 2019 (कोविड महामारी के पूर्व के शैक्षणिक सत्र) के उत्तीर्ण प्रतिशत 83.40 के मुकाबले यह अधिक है। इसी तरह की परिपाटी दोनों कक्षाओं में 90 या 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में भी देखने को मिली।

सीबीएसई नतीजों के मुताबिक 12वीं कक्षा में 1,12,838 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 22,622 विद्यार्थी 95 प्रतिशत से ( शेष पेज 9 )

# दिल्ली और केंद्र में आईएएस के तबादले को लेकर फिर ठनी

## ● सेवा विभाग सचिव के ट्रांसफर पर सुप्रीम कोर्ट पहुंची केजरीवाल सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** में आईएएस अफसर के तबादले को लेकर एक बार फिर दिल्ली और केंद्र सरकार में ठन गई है। दिल्ली की आप सरकार ने यह आरोप लगाते हुए शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय पहुंची कि केंद्र उसके सेवा विभाग के सचिव के तबादले को लागू नहीं कर रहा है।

एक दिन पहले ही उच्चतम न्यायालय ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाते हुए कहा था कि लोक व्यवस्था, पुलिस और भूमि जैसे विषयों को छोड़कर अन्य सेवाओं के संबंध में दिल्ली सरकार के पास विधाई तथा शासकीय नियंत्रण है। आप सरकार ने दावा किया कि अदालत की अवमानना के लिए केंद्र को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत ने कल ही फैसला सुनाया है और यह अवमानना का मामला हो सकता है।

सिंघवी ने कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 141 के तहत इस अदालत के आदेश की अवमानना हो सकती है और एक पीठ को इस पर तत्काल सुनवाई करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वे कह रहे हैं कि हम किसी का तबादला नहीं करेंगे। कल सुनाए गए फैसले के मद्देनजर मैं अवमानना याचिका दायर कर सकता हूं लेकिन इसमें समय लगेगा। इसलिए कृपया मामले को सूचीबद्ध करें। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि वह अगले सप्ताह मामले की सुनवाई के लिए एक पीठ का गठन करेंगे। उच्चतम न्यायालय द्वारा आप सरकार को स्थानांतरण-पदस्थापना पर नियंत्रण प्रदान किए जाने के कुछ घंटे बाद ही ( शेष पेज 9 )

# आर्यन खान को गिरफ्तार करने वाले अफसर पर केस हुआ दर्ज

## ● बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे को न फंसाने के लिए 25 करोड़ रुपये रिश्वत मांगने का है आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



समीर वानखेड़े और आर्यन खान की फाइल फोटो

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े और चार अन्य के खिलाफ एक क्रूज पोत से प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किए जाने के मामले में बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को नहीं फंसाने के लिए 25 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके बाद उनके परिसरों की तलाशी ली गई। उन्होंने कहा कि आर्यन खान को दो अक्टूबर, 2021 को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था। एनसीबी ने इस मामले में आरोप पत्र दायर किया था और आर्यन खान को क्लीन चिट दे दी थी। एनसीबी द्वारा गठित एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने दावा किया था कि वानखेड़े के नेतृत्व वाली जांच में चूक हुई थी। उन्होंने कहा कि मुंबई, दिल्ली, रांची और कानपुर में 29 स्थानों पर तलाशी ली गई। अधिकारियों ने बताया कि आरोप है कि आईआरएस अधिकारी वानखेड़े और अन्य ने आर्यन खान को मादक पदार्थ मामले में फंसाने के लिए 25 करोड़ की कथित तौर पर मांग की थी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई को जानकारी मिली कि अधिकारी और उनके साथी ने 50 लाख रुपए अग्रिम के तौर पर कथित तौर पर लिए थे। वानखेड़े आर्यन खान की गिरफ्तारी के समय मुंबई में एनसीबी के प्रमुख थे। उन्हें पिछले साल मई में चेन्नई में करदाता सेवा महानिदेशालय में स्थानांतरित कर दिया गया था।

## क्विक न्यूज

### गुजरात में 68 जजों की पदोन्नति पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सूरत के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरीश हसमुखभाई वर्मा समेत गुजरात की निचली अदालतों के 68 न्यायिक अधिकारियों की पदोन्नति पर शुक्रवार को रोक लगा दी। ज्ञात रहे कि सूरत के सीजेएम हसमुखभाई वर्मा ने ही मानहानि के एक मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दोषी ठहराया था। उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ ने कहा कि गुजरात राज्य न्यायिक सेवा नियमावली 2005 के अनुसार, योग्यता-सह-वरिष्ठता के सिद्धांत और योग्यता परीक्षा पास करने पर ही पदोन्नति होनी चाहिए। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा जारी की गई सूची और जिला न्यायाधीशों को पदोन्नति देने के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश गैरकानूनी और इस अदालत के निर्णय के विपरीत है। अत: इसे बरकरार नहीं रखा जा सकता। न्यायालय ने पदोन्नति सूची के क्रियान्वयन पर रोक लगाने के साथ संबंधित अधिकारियों को उनके मूल पदों पर भेजने के आदेश दिए।

# अदालत ने कहा, इमरान को किसी भी मामले में 17 मई तक गिरफ्तार न करें

**भाषा।** इस्लामाबाद



**इस्लामाबाद** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 17 मई तक ऐसे किसी भी मामले में गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया, जो नौ मई के बाद दर्ज किए गए हैं। इससे चंद मिनट पहले ही उच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार के एक मामले में खान को दो सप्ताह के लिए जमानत दी थी।

न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब और न्यायमूर्ति समन रफत इम्तियाज की एक पीठ ने अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई की। इससे एक दिन पहले, उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय परिसर से मंगलवार को खान की गिरफ्तारी को अवैध और गैरकानूनी करार दिया था। एक अलग याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने खान को नौ मई के बाद दर्ज सभी मामलों में 17 मई तक जमानत दे दी। खान ने उन मामलों में जमानत के अनुरोध के साथ अपने खिलाफ दायर सभी मामलों का विवरण प्रदान करने के लिए एक याचिका दायर की थी। याचिका में खान ने अदालत से कहा था कि उन्हें हिंसा की जानकारी नहीं है, लेकिन उनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। जमानत देते हुए न्यायमूर्ति औरंगजेब ने यह भी टिप्पणी की कि खान की गिरफ्तारी के मद्देनजर हुई हिंसक घटनाओं की निंदा की जानी चाहिए। इस बीच, गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने कहा कि सरकार अदालत के आदेश का सम्मान करेगी और खान को जिन मामलों में जमानत मिली है, उनमें उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा।

# आधुनिक जरूरतों के मुताबिक है नई शिक्षा नीति: मोदी

## ● कहा- इसे जमीनी स्तर पर लागू करने की जिम्मेदारी शिक्षकों की है

**एजेंसी।** गांधीनगर



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने नई शिक्षा नीति को व्यावहारिक शिक्षा पर केंद्रित बताते हुए शुक्रवार को कहा कि पहले छात्रों को किताबी ज्ञान मिलता था लेकिन अब इससे बदलाव आएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति को जमीनी स्तर पर लागू करने की जिम्मेदारी शिक्षकों की है।

अखिल भारतीय शिक्षा संघ के 29वें द्विवार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि गूगल डेटा और सूचना दे सकता है लेकिन शिक्षकों की भूमिका छात्रों के मार्गदर्शक की होती है। मोदी ने कहा, आज भारत 21वीं सदी की आधुनिक आवश्यकताओं के मुताबिक नई व्यवस्थाओं का निर्माण कर रहा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति इसी को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। हम इतने वर्षों से स्कूलों में पढ़ाई के नाम पर अपने बच्चों को केवल किताबी ज्ञान दे रहे थे। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति उस पुरानी अप्रासंगिक व्यवस्था को परिवर्तित कर रही है।

उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति व्यावहारिक शिक्षा पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री ने शिक्षकों से अपील करते हुए कहा, इस तरह की शिक्षा प्रणाली शिक्षा नीति के केंद्र में है और अब यह शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे इस प्रणाली को जमीन पर लागू करें। उन्होंने याद किया कि कैसे उनके स्कूल के एक शिक्षक उन्हें और अन्य छात्रों को अनाज का उपयोग करके संख्याओं के बारे में बताते थे। शिक्षा नीति में किए गए बदलावों का जिक्र करते हुए, मोदी ने छात्रों को उनकी मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा देने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि नई नीति ने इसके लिए प्रावधान किए हैं। मोदी ने कहा कि स्थानीय भाषाओं में दी जाने वाली शिक्षा से गांवों के प्रतिभाशाली युवाओं को शिक्षक बनने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, हमारी स्वतंत्रता के बाद, अंग्रेजी एक प्रमुख भाषा बन गई। आज भी, माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे अंग्रेजी माध्यम में पढ़ें।

नतीजतन, गांवों और गरीब परिवार की पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली शिक्षकों को सिर्फ इसलिए अवसर मिलना बंद हो गए क्योंकि उन्हें कभी अंग्रेजी सीखने का मौका नहीं मिला। चूंकि नई शिक्षा नीति स्थानीय भाषाओं में शिक्षा पर जोर देता है, इसलिए यह ऐसे शिक्षकों को अवसर प्राप्त करने में भी मदद करेगी। शिक्षण के महान पेशे की प्रशंसा करते हुए मोदी ने कहा कि जब भी वह भूटान और सऊदी अरब के शाही शासकों सहित किसी भी विश्व नेता से मिले, तो उन्होंने उन्हें बताया कि उन्होंने भारत के शिक्षकों से अपनी शिक्षा प्राप्त की है। मोदी ने कहा कि सऊदी अरब के शाह (सलमान बिन अब्दुलअजीज अल सऊद), जो एक बहुत वरिष्ठ और सम्मानित नेता हैं, ने मुझे बताया कि उनके शिक्षक गुजरात से थे। मोदी ने कहा कि हालांकि वह अपने पूरे जीवन में कभी शिक्षक नहीं रहे, लेकिन वह आजीवन एक ऐसे छात्र रहे हैं जो समाज में हो रही चीजों को देखता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री होने के बावजूद, वह अभी भी अपने स्कूल के उन शिक्षकों के संपर्क में हैं जो जीवित हैं। मोदी ने कहा कि बच्चे को आकार देने में प्राथमिक शिक्षक की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है क्योंकि परिवार के बाद वह शिक्षक ही होता है जिसके साथ वह सबसे अधिक समय बिताता है और शिक्षक के व्यवहार और तौर-तरीकों से सीखता है। अपने संबोधन में मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि छात्रों और स्कूलों के बीच लगाव आज कम ( शेष पेज 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 13 मई, 2023





# गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में लड़कियों ने फिर लहराया परचम

**पीएनएस। नोएडा/गाजियाबाद**

● इश्मीत कौर ने सीबीएसई बोर्ड 12वीं कक्षा की परीक्षा में जिला टॉप किया



सीबीएसई ने 12वीं के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस बार 87.33 पास प्रतिशत रहा है। नोएडा की इश्मीत कौर ने सीबीएसई बोर्ड 12वीं क्लास की परीक्षा में जिला टॉप किया है। इश्मीत कौर ने 99.40 प्रतिशत अंक हासिल करके नोएडा में पहला स्थान प्राप्त किया है। इश्मीत कौर नोएडा के सेक्टर-22 में स्थित स्मरविला स्कूल की स्टूडेंट है इश्मीत कौर का कहना है कि टीचर्स और परिवार ने मुझे बहुत सपोर्ट किया, जिसकी वजह से मैंने यह कामयाबी हासिल की है। कौर ने बताया कि वह कभी घंटों से हिसाब से पढ़ाई नहीं करती है। जब दिल करता है तभी पढ़ने लगती है। परिवार के अलावा उनके ओचर्स ने उनका बहुत स्पोर्ट किया। कौर ने बताया कि वह अब साइकोलॉजिस्ट बनना चाहती है। पिछले साल सीबीएसई बोर्ड में 91.25 फीसदी छात्र पास हुए थे, जबकि इस वर्ष 84.67 प्रतिशत छात्र ही उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं पिछले वर्ष 94 फीसदी छात्राएं पास हुई थीं, जबकि इस वर्ष 90.68 प्रतिशत छात्राएं ही पास हुई हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 12वीं कक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। इस साल 12वीं कक्षा में 87.33 प्रतिशत स्टूडेंट उत्तीर्ण हुए हैं। छात्राओं का पास प्रतिशत लड़कों की तुलना में छह फीसदी अच्छा है।

छात्राओं का पास प्रतिशत 90.68 रहा है, जबकि छात्रों का पास प्रतिशत 84.67 रहा है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 12वीं और 10वीं कक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। बोर्ड ने शुक्रवार को परीक्षा परिणाम जारी करते हुए बताया कि इस साल 12वीं कक्षा में गौतमबुद्ध नगर में 87.33 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। गौतमबुद्ध नगर में 18,476 छात्रों ने 12वीं की परीक्षा दी थी। इसमें बालक 10,815 और बालिका 7661 है। 16,136 छात्र परीक्षा में पास हुए हैं। नोएडा जोन का परिणाम 80.36 प्रतिशत रहा। वहीं, 10वीं में कुल 24,224 छात्रों ने परीक्षा दी थी। इसमें 14,138 बालक और 10,086 बालिका शामिल हुए। 10वीं का रिजल्ट अभी स्कूल की तरफ से मिलान किया जा रहा है।

### नोएडा के 219 स्कूलों के सभी छात्र हुए पास

नोएडा में कुल 219 सीबीएसई के सभी छात्र पास हुए। बिशनपुरा गांव निवासी कांग्रेस पार्टी के एआईसीसी सदस्य पुरुषोत्तम नागर की भतीजी सुरभी नागर ने 12वीं सीबीएसई की परीक्षा में करीब 97 फीसदी अंक प्राप्त करके गांव, परिवार, समाज और गौतमबुद्ध नगर का नाम रोशन किया। दि मिलेनियम पब्लिक स्कूल में 12वीं कॉमर्स की छात्रा सुरभी ने 96.75 फीसदी नंबर लाकर परीक्षा उत्तीर्ण की।


## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रताप सिंह/ विमला चौधरी LBJAI00001135566 | प्लॉट नंबर ई-170, स्कीम बालाजी विहार- 6, एक्सटेंशन- 1, बेनार रोड के पास, जयपुर, राजस्थान, जयपुर- 302001/ मई 10, 2023 | दिसम्बर 29, 2022 रु. 6,29,380/- | जयपुर/ दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मई 12, 2023
स्थान : दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रीति खन्ना, दीपक खन्ना, 747, प्रथम तल स्कूल अपार्टमेंट, अरूण विहार, सेक्टर-28, नोएडा, उत्तर प्रदेश, नोएडा-201301 खाता सं. :- LBDEL00002362672/ LBNOD00005309629/ LBNOD00004620624 एवं LBNOD00002361776 | अपार्टमेंट नंबर 306, तृतीय तल, टावर नंबर 12 ए लोटस पैनाश, प्लॉट नंबर जीएच-05, सेक्टर-110 नोएडा -201301 | 16-03-2023 रू. 9,73,398/- रू. 10,50,048. 05/- रू. 9,45,364/- | 03-10 -2022 |
| 2. | अभिषेक वैश, पुनीता वैश, फ्लैट 11/सी, बी 12, धवलगिरि अपार्टमेंट, सेक्टर-34, नोएडा-201301 खाता सं. :- LBGHZ00002363986 | फ्लैट नंबर 304, तृतीय तल, टावर-3, ब्लॉक-सी, प्लॉट नंबर जीएच-16 एफ, यूनिबेरा टावर्स, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा-201307 | 18-03-2023 रू. 22,03,262/- | 03-01 -2023 |
| 3. | देवेन्द्र शाही, रूचि महाजन, फ्लैट नंबर 10 डी, पाकेट जे एवं के, दिलशाद गार्डन, दिल्ली-110095 खाता सं. :- LBNOD00001942563 | फ्लैट नंबर 703, द्वारका 4, 7वां तल, गुलमोहर गार्डन, पीएच 2, एनएच 58, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद-201010 | 18-03-2023 रू. 15,53,163/- | 09-01 -2023 |
| 4. | दिलीप कुमार पटेल, राधा पटेल, 85, प्रथम तल, निकट एमसीडी अस्पताल, अम्बेडकर नंब, मदनगीर, विल्लार बेदी, नई दिल्ली, दिल्ली-110062 खाता सं. :- LBDEL00004105521 | प्लॉट नंबर सीई-322, ब्लॉक सी, अंसल गोल्फ लिंक्स-I, बिल्डर एरिया, प्लॉट नंबर पी-8, गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा -201301 | 18-03-2023 रू. 46,33,928/- | 02-08 -2022 |
| 5. | मुकेश कुमार, सुमन कुमारी, जी-504, ब्लॉक जी, संगम विहार, हमदर्द नगर, साउथ दिल्ली, दिल्ली-110062 खाता सं. :- LBDEL00004976018 | दुकान नंबर ओ-605, छठा तल, विंग बी, "गौड़ सिटी", गौड़ सिटी सेंटर, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-4, नोएडा -201307 | 18-03-2023 रू. 21,15,941/- | 30-12 -2022 |
| 6. | नवीन बोथरा, संध्या बोथरा, फ्लैट नंबर 71, बिल्डिंग नंबर 1655, आरडी-2120, ब्लॉक 321, मनामा, 973 खाता सं. :- LBDEL00003042580 | फ्लैट नंबर 401, चतुर्थ तल, सन वर्ल्ड अरिस्टा टावर-9, प्लॉट नंबर जीएच 01/सी, सेक्टर-168, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा -201301 | 18-03-2023 रू. 76,46,320/- | 30-01 -2023 |
| 7. | सत्येन्द्र कुमार, शिखा वर्मा, ए-10, द्वितीय तल, सेक्टर-12, निकट मदरडेरी, सेक्टर-11, नोएडा, नोएडा-201301 खाता सं. :- LBNOD00002027751 | फ्लैट नंबर ई 1606, 15वां तल, टावर ई, जेएम फ्लोरेंस, प्लॉट नंबर डीवी-जीएच-09 सी, सेक्टर-टेकजोन-4, नोएडा-201307 | 18-03-2023 रू. 26,02,505/- | 09-01 -2023 |
| 8. | सीमा सक्सेना, यतीश सक्सेना, सी 1/63, गोल्ड क्रोट्स द्वारका, प्लॉट 04, सेक्टर-11, दिल्ली, दिल्ली-110075 खाता सं. :- LBGUR00002123290 | फ्लैट नंबर माइनर-एच/ए/1202, 12वां तल, टावर एच, "बीटहोवन्स 8", सेक्टर-107, द्वारका एक्सप्रेसवे, गुरूग्राम-122001 | 18-03-2023 रू. 30,56,014/- | 09-01 -2023 |
| 9. | शरीक खान, हरीस खान, राणा खान, प्रीमियम मार्केटिंग सर्विसेज, एलआईसी पी ओ बॉक्स 941, शारजाह-20248 खाता सं. :- LBNOD00002355234 | फ्लैट नंबर 18178, 18वां तल, मारवेला "महागुन माई वुड्स" प्लॉट नंबर जीएच-04, सेक्टर-16 सी, नोएडा-201307 | 18-03-2023 रू. 45,16,193/- | 30-01 -2023 |
| 10. | सुखविंदर कौर, मंजीत सिंह, बी 35, विष्णु गार्डन, नई दिल्ली, दिल्ली-110018 खाता सं. :- LBNOD00004232257 | प्लॉट नंबर 331, तृतीय तल छत के साथ, सम्पत्ति सं. डब्ल्यूजैड-93, चांद नगर, तिलक नगर, दिल्ली- 110018 | 18-03-2023 रू. 33,16,561/- | 03-01 -2023 |
| 11. | तनु, नरेन्द्र कुमार, तनु, एंजिल मर्करी अपार्टमेंट, फ्लैट नंबर बी 1603, मॉल रोड, अहिंसा खंड 2, इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201014 खाता सं. :- LBNOD00005176382 | फ्लैट नंबर ए-1711, 17वां तल, छत के अधिकार नहीं, टावर ए, "केडब्ल्यू सृष्टि" केएच नंबर 1125/1, 1125/2, 1125/3, ग्राम नूर नगर, राज नगर एक्सटेंशन, एनएच-58, परगना लोनी, गाजियाबाद-201001 | 18-03-2023 रू. 21,97,600/- | 03-01 -2023 |
| 12. | तारीफ खान, मोहम्मद अहमद खान, फाइनैंस दुबई सिलिकॉन ओएसिस, आईटी प्लाजा 810, शारजाह, दुबई, दुबई-10079 खाता सं. :- LBNOD00002380736 | फ्लैट नंबर 10173, 10वां तल, बिल्डिंग मारवेला "महागुन माई वुड्स", प्लॉट नंबर जीएच-04, सेक्टर-16 सी, नोएडा-201307 | 18-03-2023 रू. 35,84,564/- | 30-01 -2023 |
| 13. | वंदना सिन्हा, कमलेश कौर सिन्हा, आरजैड सी 11 ए, गली नंबर 0 22 साध नगर पार्ट-2, पालम कालोनी, निकट मिलियन स्टेडियो, नई दिल्ली, दिल्ली-110045 खाता सं. :- LBDEL00003217779 | मकान नंबर आरजैड एफ-1/49, प्लॉट नंबर 49, गली नंबर 1-ए, प्रथम तल, महावीर एन्क्लेव, दिल्ली-110068 | 18-03-2023 रू. 34,05,158/- | 03-01 -2023 |
| 14. | दीपक गोयल, कीर्ति गोयल, एस-86, दुर्गा मंदिर मार्ग स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली, दिल्ली-110092 खाता सं. :- LBDEL00003769496 | फ्लैट नंबर 08242, 24वां तल, बिल्डिंग नंबर 8, प्रस्तावित नाम "एटीएस अल्योर", प्लॉट नंबर पी 7/टीएस-2 ए, सेक्टर-22 डी, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी, जिला गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201307 | 18-03-2023 रू. 38,68,502/- | 30-01 -2023 |
| 15. | मनीष कुमार, हरीश कुमार, रेखा रानी, बीबी-27 डी, ईस्ट शालीमार बाग, दिल्ली, दिल्ली-110088 खाता सं. :- LBDEL00005123296/ LBDEL00005332921 | डीडीए एलआईजी लैट नंबर 27 डी, तृतीय तल, ब्लॉक बीबी, टाइप-ई, शालीमार बाग ईस्ट, दिल्ली-110088 | 21-03-2023 रू. 24,82,050.2/- रू. 4,32,653.6/- | 09-01 -2023 |
| 16. | मनोज कुमार, अंशुल शर्मा, फ्लैट नंबर बी 607, टावर बी अजनारा होम्स, सेक्टर-16 बी, नोएडा-201301/ खाता : LBGHZ00004861411 एवं LBGHZ00005341948 | यूनिट नंबर बी-607, टावर बी, 7वां तल, अजनारा होम्स, प्लॉट नंबर जीएच 03, सेक्टर-16 बी, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201307 | 21-03-2023 रू. 16,09,221/- रू. 1,81,762/- | 03-01 -2023 |
| 17. | सुमित कुमार राणा, रमेश सिंह राणा, ई-53, अली विहार, सरिता विहार, साउथ दिल्ली, दिल्ली-110076 LBNOD00003993841/ LBNOD00004656829/ LBNOD00004903059/ | प्लॉट नंबर 17, ब्लॉक जी, केनिंग्सटन पार्क प्लॉट, फेज-1, सेक्टर-133, जेपी ग्रीन्स विश टाउन, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201301 | 21-03-2023 रू. 42,78,983/- रू. 25,51,118/- | 18-01 -2023 |
| 18. | उषा गोयल, अतुल कुमार गोयल, मकान नंबर 1334, दौलताबाद, वार्ड नंबर 19, सेक्टर-16, फरीदाबाद-121002, LBFDB00002409994/ LBDEL00002974123 | मकान नंबर 1334, भू तल, छत के अधिकार नहीं, सेक्टर-16, अर्बन एस्टेट, फरीदाबाद-121001 | 21-03-2023 रू. 86,19,163/- रू. 5,27,012/- | 03-01 -2023 |
| 19. | संजय कुमार, रूपम सिन्हा, 336/13 ए, प्रथम तल, शिव मंदिर, न्याय खंड-3, आम्रपाली विल, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201014/ खाता : LBGHZ00005528318 एवं LBGHZ00005595410 | फ्लैट नंबर एसएफ-3, प्लॉट नंबर एनके-2/279, द्वितीय तल, एचआईजी, बैक साइड, आरएचएस छत के अधिकार सहित, नीति खंड-2, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 | 21-03-2023 रू. 7,84,735/- रू. 4,62,146/- | 03-09 -2022 |
| 20. | रीता मेहता, कुमुद मेहता, गुलशन मेहता, 45 डी, तृतीय तल, सरस्वती गार्डन, दिल्ली-110015 खाता सं. :- LBDEL00003408974/ LBDEL00003869957 | प्लॉट नंबर 16, ब्लॉक ए, ग्राम बसई दारापुर, सरस्वती गार्डन, दिल्ली-110015 | 08-04-2023 रू. 84,68,075/- रू. 45,56,737/- | 03-10 -2022 |
| 21. | कमलजीत कौर, बलबीर सिंह, सी-92, खसरा नंबर 16/19, ग्राम कालोनी उदय विहार, नीलोठी एक्सटेंशन, दिल्ली-110041 खाता सं. :- LBLUD00004690198/ LBDEL00004981261 | मकान नगर निगम नंबर बी-31-1716/बी/पी-22-बी, खसरा नंबर 505, 507, खाता नंबर 470/505, 472/507, जमाबंदी वर्ष 2007-2008, हदबस्त नंबर 172, ग्राम तरफ सईदन, आबादी अजीत नगर, टिब्बा रोड, तहसील एवं जिला लुधियाना, पंजाब | 23-03-2023 रू. 15,25,819/- रू. 2,30,893/- | 03-01 -2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 12 मई, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# कड़ी सुरक्षा के बीच आज खुलेंगी ईवीएम

## नोएडा में वोटों की गिनती की तैयारियां पूरी, गाजियाबाद में 50 टेबल पर 37 राउंड में होगी मतगणना

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा/गाजियाबाद**



डीसीपी ग्रामीण जोन द्वारा मोदीनगर क्षेत्र के स्ट्राँग रुम का निरीक्षण किया गया।

नगर निकाय के चुनावों की मतगणना के लिए नोएडा और गाजियाबाद प्रशासन पूरी तरह तैयार है। ईवीएम की सुरक्षा के लिए स्ट्राँग रूम को सीसीटीवी निगरानी में रखा गया है। वहीं गायिजादब में 50 टेबल पर मेयर पद की मतगणना 37 राउंड में होगी। जिले के नौ नगर निकायों के तीन स्थानों गोविंदपुरम अनाज मंडी में गाजियाबाद नगर निगम, डासना नगर पंचायत व खोड़ा नगर पालिका की मतगणना कराई जाएगी। निगम के मेयर व पार्षद पद की मतगणना के लिए 50-50 टेबल लगाई जाएंगी।

मेयर पद की मतगणना 37 राउंड में कराई जाएगी जिस पर 200 कर्मचारी तैनात होंगे तो वहीं लोनी की मतगणना 35 चक्र में होगी। लोनी में मतगणना के लिए अध्यक्ष व सभासद के लिए 28-28 टेबल लगाई जाएंगी।

डासना नगर पंचायत के लिए तीन-तीन टेबल होंगी और मतगणना छह राउंड में संपन्न होगी। मोदीनगर अध्यक्ष, सदस्य, मुरादनगर अध्यक्ष, सदस्य पद की मतगणना आदर्श कन्या इंटर कॉलेज मोदीनगर में कराई जाएगी। निवाड़ी, पतला, फरीदनगर पंचायत के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना कम्यूनिटी सेन्टर गोविंदपुरी मोदीनगर में होगी। लोनी अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना लोनी इंटर कॉलेज लोनी में पूरी होगी। गोविंदपुरम अनाज मंडी में कुल 174 टेबल लगाई जाएंगी, जिसमें 770 कर्मिक मतगणना करेंगे। डासना अध्यक्ष व सदस्य पद के लिए तीन-तीन टेबल और 15-15 कर्मिक होंगी। खोड़ा अध्यक्ष व सदस्य पद के लिए 34-34 व कर्मिक 170-170 तैनात होंगे। मोदीनगर अध्यक्ष व सदस्य पद के लिए भी 34-34 टेबल और उन पर 170-170 कर्मिक तैनात होंगे। मुरादनगर अध्यक्ष व सदस्य पद के लिए 25-25 टेबल और 125-125 कर्मिक होंगे। निवाडी, पतला, फरीदनगर अध्यक्ष व सदस्य पद के लिए 2-2 टेबल होंगी जिन पर 10-10 कर्मिक शामिल होंगे। लोनी अध्यक्ष व सदस्य पद के लिए 28-28 टेबल और 112-112 कर्मिक मतगणना के लिए तैनात किए गए हैं।

मेयर पद की मतगणना के लिए एक टेबल पर 4-4 कर्मिक होंगे। जहां तीन टेबल होंगी, वहां पांच-पांच कर्मिक तैनात किए गए हैं। गाजियाबाद नगर निगम और लोनी नगर पालिका में इन दोनों क्षेत्रों के रिजल्ट दोपहर तक जारी होने की सम्भावना है।

### डीसीपी सिटी जोन निपुण अग्रवाल ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

*गाजियाबाद। नगर निकाय चुनाव की मतगणना के लिये गोविंदपुरम मंडी में बनाये गये मतगणनास्थल में की गई सुरक्षा व्यवस्था का जायजा डीसीपी सिटी जोन निपुण अग्रवाल व एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने अन्य अधिकारियों के साथ लिया। मतगणनास्थल की सुरक्षा व्यवस्था के संदर्भ में डीसीपी सिटी जोन निपुण अग्रवाल ने बताया कि मतगणनास्थल का सुरक्षा कवच कई स्तरीय बनाया गया है। श्री अग्रवाल ने बताया कि मतगणस्थल व इसके आस-पास वाले स्थान को नो ड्रोन जोन एवं अस्थाई रेड जोन घोषित किया गया है। इस सुरक्षा व्यवस्था के तहत जहां कई स्थानों पर बैरियर लगाकर चेकिंग करने का प्रावधान किया गया है। वहीं मतगणना स्थल के अंदर उन्हीं लोगों को जाने की अनुमति होगी जिनके पास प्रवेश कार्ड होंगे। अग्रवाल ने बताया कि इस सुरक्षा व्यवस्था के तहत किसी दल का प्रत्याशी ना तो मतगणनास्थल के आस-पास अपना कैंप लगा पायेगा और न ही जीत के बाद आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर सकेगा।*


**PUBLIC NOTICE**
**To whom it May concern**
**Tarak Hospital, C-7, Jai Bharat Enclave, Dwarka More, Opp. Metro Pillar No. 789, New Delhi-110059**
Have decided as per rule to destroyed all medical records lie between 1st April 2016 to 31st March 2018. Concern Person can contact at reception with in 15 days.
**Tarak Hospital**
**Medical Director**



**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किलस सुरजीत कौर पत्नी स्व. श्री जोगिन्द्र सिंह निवासी गली मोहन लाल जैन वाली गली, वार्ड नं. 06, रानियां, जिला सिरसा, हरियाणा। ने अपने पुत्र गुरदर्शन सिंह तथा अपनी पुत्री परमजीत कौर को अपनी सभी समस्त चल तथा अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा इनके दुर्व्यवहार, कदाचरण, असामाजिक कृत्यों के कारण सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। अब इनके किसी कार्य व लेन देन की जिम्मेवारी मेरे client की नहीं होगी।
Sanjeev Dwivedi (Advocate) Tis Hazari Courts, ND-54



**PUBLIC NOTICE**
General public is hereby informed that my clients Shri Ram Sarup Malhotra and his wife Shrimati Rani Malhotra both Resident of W-30C, Rajouri Garden, New Delhi -110027 have severed all their relations with their only son Shri Ravi Malhotra and his wife Romie Malhotra (nee Raminder Bawa alias Dimple) both resident of 306, Lvory Court II, Essel Towers, M.G.Road, Gurugram, Haryana due to their violent and abusive behaviour, indifferent attitude and constant threats causing severe mental stresses, embarrassment leading to deterioration of their health and unhappiness in their lives specially both being Senior Citizens. Both my above-named clients do hereby disown and debar their son and his wife from all their moveable and immoveable properties and severe all relationships with them. Public is informed anybody dealing with them will do so at their own risks and responsibilities and my clients will not be responsible for any of their acts, deeds or dealings done by Ravi and Romie Malhotra.
**DEEPAK KOCHHAR**
**Advocate**



**PUBLIC NOTICE**
Mortgage of Freehold Residential Apartment No. F-304, 3rd Floor, Tower- F, Parkview City 2, Secor-49, Gurugram, Haryana. (Herein after referred as the "said property").
Notice is hereby given to the General Public that Mr. Neeraj Tandon & Ms. Neelema Tandon are stated to be the owners of the said property by virtue of Conveyance Deed dated 18.07.2011. The original Allotment letter & Apartment Buyer agreement has been stated to be lost/misplaced. Now the said Mr. Neeraj Tandon & Ms. Neelema Tandon intends to sell the said property to my client. The client is availing the financial facility to purchase the above referred property and against the security of above referred property. If any person including banks, financial institutions or any other person, relative, organization, company, firm or government authority, etc. having any claim, right, title or any interest of any nature whatsoever into or upon the above-referred property, is hereby called upon to make the same known, in writing with documentary evidence by registered AD/Speed Post to the undersigned at the address mentioned herein below within 7 (days) days of publication of this notice, failing which the same shall be deemed to have been waived and/or abandoned. In the event of no response being received to this notice, the purchase/ mortgage of this property shall be completed by my client without any reference to and without in any manner being affected by any such right title, interest or claim whatsoever.
**Mayank Mehandru**
**Advocate**
**Y-11/A Naveen Shahdara, Delhi 110032**
**Email: mayank@manuvidhishala.in**
**Ph.: 9891949124**


# 20 हजार लोगों को दो साल में घर देगा सुपरटेक

● सुप्रीम कोर्ट में भी कंपनी पेश करेगी रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**



गौतमबुद्ध नगर में जिला प्रशासन की सख्ती के बाद अब सुपरटेक से प्रभावित करीब 20 हजार लोगों को आगामी 2 सालों के भीतर अपना घर देने जा रहा है।

इसके लिए सुपरटेक बिल्डर ने सिंगापुर की ओकट्री कंपनी से मदद मांगी है। जिसकी स्वीकृति सिंगापुर की ओकट्री कंपनी की तरफ से मिल चुकी है। अब सुपरटेक की करीब 16 परियोजनाओं पर सिंगापुर की ओकट्री कंपनी निवेश करने जा रही है। गौतमबुद्ध नगर में सुपरटेक की 16 बड़ी परियोजनाओं में करीब 27,476 फ्लैट्स हैं। घर खरीदार काफी लंबे समय से सुपरटेक बिल्डर से काफी परेशान थे।

सिंगापुर की ओकट्री कंपनी के सुपरटेक में निवेश के बाद घर खरीदारों का सपना काफी जल्द पूरा हो सकता है। सुपरटेक बिल्डर की तरफ से दावा किया जा रहा है कि आगामी दो सालों के भीतर गौतमबुद्ध नगर के करीब 20 हजार घर खरीदारों को अपने फ्लैट पर कब्जा मिल जाएगा।

सबसे पहले उन लोगों को फ्लैट पर कब्जा मिलेगा। जिन्होंने इन परियोजनाओं के लिए घर की बुकिंग कर दी है। सुपरटेक ग्रुप के चेयरमैन आरके अरोड़ा ने बताया कि इसकी पूरी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में भी पेश की जाएगी। जिसमें यह लिखा जाएगा कि कितने दिनों में कितने घर खरीदारों को फ्लैट पर कब्जा मिल जाएगा।

## यातायात पुलिस ने 1106 वाहनों के काटे चालान

**नोएडा।** यातायात पुलिस, नोएडा पुलिस, परिवहन विभाग और रोडवेज द्वारा संयुक्त रूप से एक अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत शहर के मुख्य मार्ग, बाजार, सेक्टर के भीतर स्कूल बस, डंपर, ट्रक और कार के अलावा अन्य वाहन अवैध रूप से पार्क किए जाने और गलत दिशा में वाहन चलाने पर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान वाहनों को टोह भी किया जा रहा है।

डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव ने बताया कि वह सभी स्थान चिह्नित किए जा चुके हैं।

# 11 सड़कों पर रोजाना होते हैं आधा दर्जन हादसे

● पुलिस ने ब्लैक स्पॉट की सूची की जारी




**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

नोएडा यातायात पुलिस की तरफ से गौतमबुद्ध नगर की ब्लैक स्पॉट की नई सूची जारी कर दी गयी है। इस सूची में गौतमबुद्ध नगर की 11 सड़कों को अतिसंवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इन सभी सड़कों पर रोजाना काफी बड़ी संख्या में सड़क हादसे होते हैं। इन सड़क हादसों के चलते रोजाना सैकड़ों लोगों की जान भी जा रही है।

गौरतलब है कि यातायात पुलिस की पुरानी ब्लैक स्पॉट सूची में 15 सड़कें ऐसी थी जो अंतिसंवेदनशील थी। लेकिन, यातायात पुलिस की नई सूची मे चार ब्लैक स्पॉट की कमी आ गयी है। पुलिस का कहना है कि पिछले एक साल के दौरान इन स्थानों पर कई-कई भीषण सड़क हादसे हुए हैं। जिसमें 5 से 8 मौत हो चुकी हैं। तीन साल के सर्वे के बाद जिला प्रशासन, परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की ओर से ब्लैक स्पॉट का निर्धारण होता है। इसी क्रम में यातायात पुलिस ने इसकी नई सूची जारी की है। यातायात पुलिस की नई सूची के अनुसार दो नोएडा और सात ग्रेटर नोएडा के पुराने ब्लैक स्पॉट को अतिसंवेदनशील से सामान्य घोषित कर दिया है।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा के ऐसे तीन-तीन ब्लैक स्पॉट शामिल है, जो पहले ही यातायात पुलिस की सूची में थे। लेकिन, इस बार पांच नए ब्लैक स्पॉट भी अतिसंवेदनशील की सूची में शामिल हो गए हैं।

# खेलो इंडिया: छह प्रतियोगिता में 1770 खिलाड़ी लेंगे भाग

● 21 से 3 जून तक गौतमबुद्धनगर विवि और शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में आयोजित होगा

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**



अपर मुख्य सचिव नवनीत कुमार सहगल ने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में समीक्षा बैठक की

खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत 21 से 3 जून तक जनपद गौतमबुद्धनगर में 6 गेम आयोजित किए जाएंगे।

यह खेल गौतमबुद्धनगर विश्वविद्यालय, शहीद विजय सिंह पथिक खेल स्टेडियम तथा एक गेम दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। जनपद गौतमबुद्धनगर के जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने दोपहर को एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत जनपद गौतमबुधनगर में 21 मई से 3 जून तक तक विभिन्न खेलों का आयोजन होगा, जिसमें करीब 1770 खिलाड़ी, कोच, वैलेंटियर और मैनेजर आदि भाग लेंगे। इनके रहने की व्यवस्था गौतमबुद्धनगर विश्वविद्यालय सहित कई जगह पर की गई है। उन्होंने बताया कि गौतमबुद्ध नगर विश्वविद्यालय में वेटलिफ्टिंग और बास्केटबॉल का टूर्नामेंट आयोजित होगा।

जबकि शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्विमिंग, बॉक्सिंग तथा कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया है कि शूटिंग प्रतियोगिता दिल्ली के एक स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि खेलो इंडिया की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पुलिस विभाग और खेल विभाग ने कार्ययोजना तैयार कर लिया है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले देश के किसी भी खिलाड़ी को कोई असुविधा नहीं हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 13 मई, 2023



# नाबालिगों का गिरोह चलाता था भगोड़े गोल्डी बरार का काला कारोबार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

रियल स्टेट डीलर, बिल्डर, सट्टेबाज, जुए का अड्डा चलाने, जमीनों पर कब्जा करने वाले और बड़े-बड़े ज्वेलर्स से जबरन वसूली करने वाले गोल्डी बरार, लॉरेंस बिश्नोई गैंग, काला जठेड़ी, नरेश सेठी और संपत नेहरा गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 8 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

ये लोग वसूली के लिए किशोरों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्हें अपने जाल में फंसाने के लिए गिरोह के बादमाश उन्हें कई प्रलोभन देने के देते हैं। यह गिरोह दिल्ली



एनसीआर, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा और राजस्थान में लोगों से जबरन वसूली करता है। गिरोह के सरगना विदेश में बैठकर कई राज्यों में अपराध करने के लिए लोगों की भर्ती तक कर रहे हैं। अपराध शाखा विशेष आयुक्त आरएस यादव ने बताया कि विदेश में बैठे अपने आकाओं के निर्देश पर यहां काम करने वाले गिरोह के सदस्य सबसे पहले सॉफ्ट टारगेट की पहचान करते हैं। इनमें रियल स्टेट डीलर, बिल्डर, सट्टेबाज, जुए का अड्डा चलानेवाले, जमीनों पर कब्जा करने वाले और बड़े-बड़े ज्वेलर्स की पहचान की जाती है। उसके बाद यह लोग गोल्डी बरार, लॉरेंस बिश्नोई का नाम लेते हुए संबंधित व्यक्ति को वसूली के लिए धमकाते हैं।

मांग पूरी नहीं करने जाने से मारने की धमकी देते थे। यह धमकी कभी चिट्ठी लिखकर तो कभी फोन या मैसेज करके और कई बार तो गिरोह के सदस्य खुद जाकर संबंधित व्यक्ति को धमकाते थे।

### वसूली का पैसा हवाला के जरिये विदेश भेजते थे

इसके बाद अपना हिस्सा रखने के बाद यह लोग पूरे राशि हवाला के जरिए विदेश भेज देते हैं। ये लोग दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के 15 से 20 साल की आयु वर्ग के किशोरों और युवकों को लालच देकर अपने गिरोह में शामिल करते है। यही लोग इन्हें हथियार और मोटरसाइकिल के साथ ही वारदात में इस्तेमाल अन्य जरूरी सामान भी उपलब्ध कराते हैं।

### दो करोड़ के लिए की थी फायरिंग

मामला सनलाइट कॉलोनी का है यहां 23 अप्रैल को एक कारोबारी घर के दरवाजे पर फायरिंग की गई थी। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। इसके बाद पीड़ित ने अपनी शिकायत पर में बताया था कि उसे 23 मार्च को एक विदेशी नंबर से वॉइस मैसेज आया था जिसमें दो करोड़ रुपए मांगे गए थे। मैसेज करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई का भाई अनमोल बिश्नोई बताया था। इसके बाद 28 मार्च को फिर धमकी दी गई कि दो करोड़ पर नहीं दिए तो जान से मार दिया जाएगा। पुलिस को पता चला कि वारदात के बाद बदमाश जंगपुरा से ऑटो पकड़े और वहां से धौला कुआं गए। यहां से बस में सवार हुए और राजस्थान के चुरू गए।

### तीन बदमाशों ने प्रॉपर्टी डीलर के आफिस में चलाई थी गोली



*दूसरा मामला नरेश सेठी गिरोह से जुड़ा है। मुंडका के एक प्रॉपर्टी डीलर को 17 अप्रैल को विदेश के एक नंबर से फोन आया था और उससे रुपयों की मांग की गई थी। 27 अप्रैल को बाइक से आए 3 लोगों ने प्रॉपर्टी डीलर के आफिस में उस पर फायरिंग कर दी जिससे वह घायल हो गया और उस ऑफिस में बैठे उसके दोस्त को भी गोली लगी थी। पुलिस ने इस मामले में शूटर समीर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने एक नाबालिग को भी पकड़ा है।*

### काला जठेड़ी गिरोह के 3 आरोपी पकड़े गए

***तीसरा मामला काला जठेड़ी गिरोह का है। पुलिस ने काला जठेड़ी और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के 3 बदमाशों को पकड़ा है। इन लोगों की पहचान सनी उर्फ प्रिंस, आशु उर्फ प्रवेश और सनी उर्फ प्रवीण के रूप में हुई है।***

# बोर्ड परीक्षा: फिर चमके दिल्ली के सरकारी स्कूल

- देशभर में 4.26 फीसदी अधिक रहा दिल्ली सरकार के स्कूलों का नतीजा
- सीबीएसई 12वीं बोर्ड का 91.59 प्रतिशत और कक्षा 10वीं के नतीजे पिछले साल की तुलना में 4.57 प्रतिशत बढ़े



12वीं में 99.25 प्रतिशत अंक लाने वाली तन्विका सिंह को उनके सहपाठी मिठाई खिलाते हुए। फोटो: रंजन डिमरी।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 10वीं और 12वीं कक्षा परिणाम में फिर चमके दिल्ली सरकार के स्कूल। इस बार सरकारी स्कूलों का परिणाम 91.59 फीसदी रहा है।

यह देशभर में सीबीएसई 12वीं के नतीजे 87.33 प्रतिशत रहा है। यानी 4.26 फीसदी अधिक रहा। वहीं सीबीएसई 10वीं बोर्ड में भी केजरीवाल सरकार के स्कूलों ने अपने पिछले रिकॉर्ड को बेहतर किया है। इस साल स्कूलों का 10वीं बोर्ड रिजल्ट 85.84 फीसदी रहा है जो पिछले साल की तुलना में 4.57 प्रतिशत अधिक है।

शिक्षामंत्री आतिशी ने सभी छात्रों, शिक्षकों और माता-पिता को बधाई दी है। साथ ही उन बच्चों को संदेश दिया कि जो बच्चे परीक्षा उतीर्ण नहीं कर सके है, वे निराश न हो, बल्कि कड़ी मेहनत कर अपने परिणाम को सुधारने का प्रयास करें। कम्पार्टमेंट परीक्षा के बाद नतीजों में और सुधार होगा। सरकार के 118 स्कूलों का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है और 647 स्कूल ऐसे है जिनका रिजल्ट 90 फीसदी से अधिक रहा है। इस साल दिल्ली ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड में देश में चौथा व छठा स्थान हासिल किया है। इस वर्ष 2,27,020 छात्रों ने 12वीं बोर्ड परीक्षाएं दी थी जिनमें से 207919 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की व 11216 छात्रों की क पार्टमेंट आई है। फिर लड़कों की तुलना लड़कियों ने बाजी मारी है। स्कूलों में छात्राओं का रिजल्ट 93.22 जबकि छात्रों का 89.76 प्रतिशत रहा है।

### साल दर साल सुधर रहा परिणाम



आतिशी के अनुसार, इस साल केजरीवाल सरकार के स्कूलों के 227020 बच्चे 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शामिल हुए। इसकी तुलना में पिछली साल 164641 बच्चों ने बोर्ड की परीक्षा दी थी। वहीं सत्र 2018-19 में 129917 बच्चों ने 12वीं बोर्ड परीक्षा दी थी। यह दर्शाता है कि साल दर साल केजरीवाल सरकार के स्कूलों के प्रति माता-पिता का भरोसा बढ़ रहा है। पिछले साल 158528 बच्चों ने 12वीं की परीक्षा पास की थीं वही इस साल 207919 बच्चों ने 12वीं बोर्ड की परीक्षा पास की है जो पिछले साल की तुलना में 49391 अधिक है।

### शत प्रतिशत रहा विवेकानंद पब्लिक स्कूल का रिजल्ट


मुस्कान आनंद


वंदना तिवारी


वंश वाधवा

**नई दिल्ली।** सीबीएसई के 12वीं और 10वीं के परीक्षा परिणाम में आनंद विहार स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल का रिजल्ट 100 फीसदी रहा। स्कूल की प्रिंसिपल आशिमा झांब ने बताया कि 12वीं में इस वर्ष भी स्कूल के छात्रों ने बेहतर परिणाम दिया है। उन्होंने कहा कि 12वीं में भूमिका विष्ट (कॉमर्स) ने 96 फीसदी, रिद्धी गुप्ता (ह्यूमिनिटीज) में 95 फीसदी और वंदना तिवारी (ह्यूमिनिटीज) ने 95.5 फीसदी अंक प्राप्त किए। वंदना ने इतिहास में, मुस्कान आनंद ने कंप्यूटर साइंस में और वंश वाधवा ने एकाउंटेंसी में शतप्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वहीं 10वीं में काजल तिवारी ने 97.2 फीसदी अंक प्राप्त किया है।

### 10वीं बोर्ड का रिजल्ट

दसवीं बोर्ड में इस बार भी स्कूलों ने शानदार प्रदर्शन किया है। 10वीं में स्कूलों का परिणाम 85.84 प्रतिशत रहा है। यह पिछली साल की तुलना में 4.57 फीसदी अधिक है। परीक्षा में 209130 बच्चे शामिल हुए इनमें से 179512 बच्चे पास हुए व 28076 की कम्पार्टमेंट आई है।

### बाल अभिनेत्री सुहानी सेठी के दो विषयों में 99 अंक

**नई दिल्ली।** सांड की आंख और अक्षय कुमार अभिनीत कठपुतली जैसी फिल्मों में अभिनय करने वाली बाल कलाकार सुहानी सेठी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं की परीक्षा में दो विषयों में 99 अंक हासिल किए हैं।आरके पुरम स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में कला की छात्रा सेठी ने मनोविज्ञान और समाजशास्त्र में 99-99 अंक प्राप्त किए। अंग्रेजी और अर्थशास्त्र में उसके अंक क्रमश: 98 और 97 हैं। सुहानी के पिता संजीव सेठी ने कहा कि 17 वर्षीय बेटी को अभिनय का शौक है।७

# बृजभूषण का दिल्ली पुलिस ने दर्ज किया बयान आरोप की जांच के लिए विशेष जांच दल गठित

- कुश्ती महासंघ के प्रमुख के खिलाफ पिछले माह दो केस हुए थे दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों के मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह का बयान दर्ज किया। वहीं दिल्ली पुलिस ने एक विशेष अदालत को बताया कि के बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है।

पुलिस ने भारतीय कुश्ती महासंघ के सहायक सचिव विनोद तोमर का भी बयान दर्ज किया है। दिल्ली पुलिस ने पिछले महीने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दो मामले दर्ज किए थे। पहली प्राथमिकी एक नाबालिग द्वारा लगाए गए आरोपों से जुड़ी है जिसमें पॉक्सो कानून और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

वहीं, दूसरी प्राथमिकी वयस्कों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों से संबंधित है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सिंह को जांच में शामिल होने के लिए एक नोटिस भेजा गया था।

सिंह के खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध में उनसे करीब तीन घंटों तक पूछताछ की गई। भाजपा सांसद से अभी तक विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा पूछताछ की गई है। उन्होंने बताया, दोनों मामलों में सिंह ने आरोपों से इंकार करते हुए दावा किया है कि उन्हें फर्जी तरीके से फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुश्ती महासंघ के प्रमुख से अपने दावों के समर्थन में दस्तावेज और साक्ष्य देने को कहा गया है। पुलिस ने कहा कि अभी तक 30 गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं और अन्य के दर्ज किए जाने हैं।

### अन्य राज्यों से साक्ष्य जुटाने में जुटी दिल्ली पुलिस

दिल्ली पुलिस के कई दलों को बयान दर्ज करने और साक्ष्य एकत्र करने के लिए उत्तर प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक और हरियाणा भेजा गया है।हालांकि, अभी तक सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली नाबालिग का ही बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज हुआ है। अधिकारी ने कहा कि जल्दी ही बाकी छह पहलवानों के बयान भी मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज किए जाएंगे।

### दलित महिला से गैंगरेप पर भाजपा का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** गोविंद बल्लभ पंत अस्पताल में एक दलित महिला से कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई की महिला शाखा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के नजदीक यहां सिविल लाइंस इलाके में विरोध प्रदर्शन किया।

पीड़ित महिला सरकार द्वारा संचालित इस अस्पताल में कर्मचारी थी, लेकिन काम पर तैनाती के दौरान उस पर कथित रूप से यौन हमला किया गया। इलाज के दौरान सात मई को महिला की मौत हो गई। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के बाद कहा कि यह बहुत खेदजनक है कि मुख्यमंत्री और विधायक ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

### आबकारी मामला: सिसोदिया की न्यायिक हिरासत दो जून तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत अवधि शुक्रवार को दो जून तक बढ़ा दी।

विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया की न्यायिक हिरासत समाप्त होने पर उन्हें अदालत में पेश किए जाने के बाद उनकी हिरासत बढ़ा दी। अदालत ने गत 31 मार्च को सिसोदिया की जमानत अर्जी खारिज करते हुए कहा था कि सिसोदिया इस मामले में आपराधिक साजिश के प्रथम दृष्ट्या सूत्रधार थे और उन्होंने दिल्ली सरकार में अपने और अपने सहयोगियों के लिए लगभग 90-100 करोड़ रुपये की अग्रिम रिश्वत के कथित भुगतान से संबंधित आपराधिक साजिश में सबसे महत्वपूर्ण और प्रमुख भूमिकौ निभाई।

सीबीआई ने अब रद्द की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 में कथित भ्रष्टाचार के सिलसिले में कई दौर की पूछताछ के बाद सिसोदिया को गिरफ्तार किया था।

# छात्रों के निलंबन पर पुनर्विचार कर रहा हिंदू कॉलेज: प्रिसिंपल

- विद्यार्थियों ने लिखित और मौखिक रूप से माफी मांगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के हिंदू कॉलेज की प्राचार्य अंजू श्रीवास्तव ने शुक्रवार को कहा कि उनका कॉलेज 40 विद्यार्थियों को निलंबित करने के अपने फैसले पर फिर से विचार कर रहा है और प्रशासन उनके आवेदन पर तात्कालिक आधार पर गौर कर रहा है।

श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि निलंबित विद्यार्थी कॉलेज की संपत्तियों को तोड़ने-फोड़ने और वित्तीय धोखाधड़ी करने में शामिल थे। नॉर्थ परिसर स्थित इस कॉलेज की ओर से लिए गए निलंबन के फैसले की विद्यार्थियों की ओर से काफी आलोचना की गई। श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थियों ने हमसे मौखिक और लिखित रूप से माफी मांग ली है।

हम विद्यार्थियों को एक और मौका देंगे ताकि वे अपना पक्ष रख सकें। उनके साथ चर्चा को लेकर हमार रुख खुला है। मैंने अनुशासनात्मक सीमित से कहा कि वह हर एक आवेदन पर तात्कालिक आधार पर अलग से विचार करे।

### लाडली योजना कार्यान्वयन पर पक्ष रखे दिल्ली सरकार


**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने लाडली योजना के उचित कार्यान्वयन के अनुरोध वाली याचिका पर दिल्ली सरकार का पक्ष जानना चाहा।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने वकील से उस जनहित याचिका पर निर्देश लेने के लिए कहा, जिसमें दावा किया गया है कि योजना के तहत उपलब्ध 364 करोड़ की धनराशि का कोई उपयोग नहीं किया गया है। आरटीआई से मिली जानकारी के अनुसार, लाडली योजना की 21 वर्ष से अधिक आयु की 1,82,894 लाभार्थियों की 364 करोड़ रुपये से अधिक राशि भारतीय स्टेट बैंक के पास पड़ी है और यह राशि सही तरीके से वितरित की जानी चाहिए।

# लटक सकती है मुख्यमंत्री आवास के नवीनीकरण की जांच

- उपराज्यपाल ने 15 दिनों में मांगी थी रिपोर्ट, खत्म हो रही समय सीमा आज

**संजय राय।** नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद नौकरशाहों व कर्मचारियों के तबादले और तैनाती का अधिकार केजरीवाल सरकार के पास आ जाने के बाद अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सिविल लाइनंस स्थित सरकारी आवास 6 फ्लैग स्टाफ हाउस के नवीनीकरण में हुई कथित गड़बड़ियों की जांच अब अधर में लटक सकती है।

वजह, जहां एक ओर सरकार अपने खिलाफ काम कर रहे नौकरशाहों से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारियों की पहचान कर रही है वहीं दूसरी ओर अधिकारियों की निष्ठा भी अब बदल गई है। वह एलजी के साथ खड़े होकर अपने ही लिए परेशानी पैदा नहीं करना चाहते।

मालूम हो कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 29 अप्रैल को मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मामले में 15 दिनों के भीतर लोक निर्माण विभाग से इस मामले में विस्तृत जांच रिपोर्ट मांगी थी। यह समय सीमा शनिवार यानी कि 13 मई को समाप्त हो रही है। लेकिन हाल फिलहाल रिपोर्ट मिलने की कोई संभावना नहीं है। इसकी मुख्य वजह यही कि तबादले -तैनाती का अधिकार दिल्ली सरकार के पास आ जाने से पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी अब सरकार के दबाव में हैं। ऐसे में वह अब ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं देना चाहते, जो कल को उनके ही लिए परेशानी का सबब बन जाए।

सूत्र के अनुसार, दो दिन पहले सीएम आवास के नवीनीकरण में हुई कथित गड़बड़ियों को लेकर जोर- शोर से काम चल रहा था। इस मामले से जुड़े सभी दस्तावेज भी मुख्य सचिव द्वारा कब्जे में ले लिए गए थे।

संभावना थी कि दो- तीन दिन में रिपोर्ट एलजी को सौंप दी जाएगी। लेकिन हवा का रुख बदलते ही यह रिपोर्ट अब ठंडे बस्ते में जा सकती है। यहां तक कि इसी मुददे पर कांग्रेस नेता अजय माकन की शिकायत पर एलजी ने मुख्य सचिव से एक सप्ताह में जो जांच रिपोर्ट मांगी थी, अब उसके मिलने की संभावना भी कम ही है। सूत्रों की मानें तो अब अगर यह जांच रिपोर्ट तैयार होती भी हैं तो वह लीपापोती से अधिक कुछ न होंगी।

### चौंकाने वाले हो सकते हैं प्रशासन में बदलाव

दिल्ली सरकार ने केवल एक ही अधिकारी सेवाएं विभाग के सचिव आशीष मोरे का तबादला किया हो, लेकिन उसकी सूची में एलजी के खास रहे सभी बड़े अधिकारियों के नाम शामिल हैं। इनमें गृह सचिव, वित्त सचिव, पर्यावरण सचिव, डीआइपी निदेशक और सचिव सहित और भी कई बड़े अधिकारियों पर तलवार लटकी है। सरकार की आंख में हालांकि खटक तो मुख्य सचिव नरेश कुमार भी रहे हैं, लेकिन उन्हें हटा पाना इतना आसान नहीं होगा।

# अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन को एमसीडी बनाएगी समिति

## प्राथमिक उपचार समिति में पार्षद, चिकित्सक, सोशल वर्कर, एमसीडी अधिकारी होंगे सदस्य

- महापौर शैली ओबराय ने कहा, निगम अस्पतालों में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




स्वामी दयानंद अस्पताल में मरीज का हालचाल लेती महापौर शैली।

राष्ट्रीय राजधानी के नगर निगम (एमसीडी) अपने अस्पतालों में भी विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की तैयारी में है।

महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार की तरह बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए एमसीडी में प्राथमिक उपचार समिति के गठन को मंजूरी दी।

महापौर ने इस फैसले को हरी झंडी उच्च स्तरीय बैठक के बाद दी। इस समिति में स्थानीय पार्षद, चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता और एमसीडी अधिकारी भी सदस्य होंगे। प्राथमिक उपचार समिति के बाद सब कमेटी का भी गठन किया जाएगा। महापौर ने कहा कि यह कमेटी एमसीडी अस्पताल और डिस्पेंसरी की मॉनिटरिंग का काम करेगी। अस्पतालों में क्या कमियां हैं और अस्पतालों की क्या जरूरत है, इसको भी देखेगी।

एमसीडी अस्पतालों में पीयूएस के गठन को लेकर शैली ओबरॉय ने उच्च स्तरीय बैठक कर समिति की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की। पीयूएस की सब कमेटी का गठन क्षेत्रीय स्तर पर किया जाएगा। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की माइक्रो मॉनिटरिंग करना है, ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### मरीजों से पैसे मांगने वाले होंगे बर्खास्त

*महापौर शैली ओबरॉय ने कहा कि एमसीडी अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों से पैसे मांगने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायत मिलने पर रिश्वत लेने वाले स्टाफ को तत्काल बर्खास्त किया जाएगा। महापौर ने यह बात शुक्रवार को शाहदरा स्थित स्वामी दयानंद अस्पताल के निरीक्षण के दौरान की। इस दौरान महापौर ने तीमारदारों के बैठने का इंतजाम करने, टूटे शेड्स को ठीक करने और खराब पंखे ठीक करने के निर्देश दिये। ओबराय ने अस्पताल में सीटी स्कैन और डायलिसिस की व्यवस्था जल्द शुरू करवाने के निर्देश दिये।*

### डीपीएस को फिर धमकी भरा ईमेल आया

**नई दिल्ली।** मथुरा रोड पर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल को एक ईमेल के जरिए, स्कूल परिसर में बम लगाए जाने की धमकी दी गई जो बाद में फर्जी निकली। यह एक महीने में दूसरी बार है जब स्कूल को ईमेल के जरिए, परिसर में बम रखे होने की धमकी मिली है।

पुलिस को स्कूल को भेजे ईमेल के संबंध में सूचना मिली थी जिसमें ईमेल भेजने वाले व्यक्ति ने कहा, मैं 12 मई को सुबह 11 बजे स्कूल को बम से उड़ाने जा रहा हूं। पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने कहा कि पुलिस, बम निरोधक दस्ता और साइबर सुरक्षा दल के कर्मी स्कूल पहुंचे और जांच की। ईमेल बृहस्पतिवार शाम छह बजकर 17 मिनट पर आया था। तकनीकी जांच से पता चला कि जिस ईमेल एड्रेस से मेल आया था वह एक छात्र का है।

# राजधानी में सभी वार्ड में बनेंगे पिंक पार्क : इकबाल

- उप महापौर ने सिर्फ महिलाओं के लिए पार्क की दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपमहापौर इकबाल

उप महापौर ए. मोहम्मद इकबाल ने शुक्रवार को कहा कि नगर निगम के सभी वार्ड में केवल महिलाओं के प्रवेश वाले गुलाबी पार्क स्थापित करने के लिए स्थानों की पहचान करने पर काम शुरू हो गया है।

इकबाल ने कहा कि इस विचार का उद्देश्य शहर में महिलाओं को कई सुविधाएं प्रदान करने के अलावा अधिक सुविधाजनक जगह प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि हाल ही में, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ एक बैठक में, मैंने पुरानी दिल्ली में अपने वार्ड (चांदनी महल) में एक गुलाबी पार्क का उदाहरण दिया और सुझाव दिया कि इस तरह के पार्क सभी वार्ड में स्थापित किए जा सकते हैं। इकबाल ने कहा कि बाद में नगर निगम के बागवानी विभाग की एक बैठक में उन्होंने प्रस्ताव दिया कि प्रत्येक वार्ड में कम से कम एक ऐसा उद्यान होना चाहिए।

## ब्रह्म दत्त ब्लू बैल्स स्कूल के विद्यार्थियों ने सफलता पर मनाई खुशी

**गुरुग्राम।** ब्रह्म दत्त ब्लू बैल्स स्कूल के छात्र-छात्राओं की खुशियों कोई ठिकाना न रहा। सीबीएसई ने एआईएसएससीई-2022-2023 का परिणाम घोषित कर दिया। जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना परचम लहराया है।

छात्राओं ने एक बार फिर से यह सिद्ध कर दिया कि लड़कियां किसी से कम नहीं हैं। दसवीं व बारहवीं टॉपर्स छात्राओं से उनके भविष्य के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बड़े गर्व के साथ बताया कि हम अपने माता-पिता के सपनों को साकार करेंगे और अपने देश का नाम रोशन करेंगे।



## सरकारी अस्पतालों की लंबी लाइनों से बचने को अपनाएं स्वस्थ हरियाणा ऐप

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नागरिक** अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के लिए आने वाले आमजन भीड़भाड़ व लंबी लाइनों से बचने के लिए स्वस्थ हरियाणा ऐप का इस्तेमाल करें। इस ऐप के माध्यम से मरीज प्रदेश के किसी भी नागरिक अस्पताल में इलाज करवाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकता है।

यह ऐप गूगल प्ले स्टोर पर भी उपलब्ध है। इस ऐप के माध्यम से अस्पताल में जाने से पहले मरीज घर बैठे अपना एडवांस रजिस्ट्रेशन करवा पाएंगे, जिससे अस्पतालों में लोगों की भीड़ का सुव्यस्थित तरीके से प्रबंधन किया जा सकेगा। मरीज को लाइन में नहीं लगना पड़ेगा, वह सीधा जाकर अपने डाक्टर के पास इलाज करवा सकता है। डाक्टर द्वारा लिखे टेस्ट और जो भी रिपोर्ट होगी, मरीज उसे इस एप के माध्यम से घर बैठे अपने मोबाइल पर देख सकेगा। इस ऐप में मरीज की सारी हिस्ट्री स्टोर रहेगी। इस मोबाइल ऐप में और भी कई सुविधाएं हैं, जिनमें ब्लड बैंक की जानकारी, जच्चा-बच्चा देखभाल और टीकाकरण संबंधी जानकारी भी उपलब्ध रहेगी। डीसी निशांत कुमार यादव के मुताबिक ऐप के माध्यम से मरीज अपना एडवांस रजिस्ट्रेशन करवाने के साथ ही अपना भूतपूर्व रजिस्ट्रेशन का रिकार्ड भी देख पाएंगे। मरीज अपनी इच्छा से किसी भी स्वास्थ्य संस्थान और ओपीडी का चयन कर सकते हैं। साथ ही ऐप पर सभी प्रकार की जांच रिपोर्ट का रिकार्ड तिथि अनुसार उपलब्ध होगा। मरीजों को इस ऐप द्वारा निकटतम ब्लड बैंक की भी जानकारी उपलब्ध होंगी।

HARYANA STATE HEALTH RESOURCE CENTRE
HSHRC
Swasth Haryana Mobile App

# महिलाओं से ठगी करने वाले चार नाईजीरियन समेत छह गिरफ्तार

### आरोपियों में दो महिलाएं भी हैं शामिल, दोस्ती करके धोखाधड़ी से ऐंठते थे रुपये

### सोशल मीडिया के माध्यम से महिलाओं से करते थे दोस्ती

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सोशल** मीडिया को माध्यम बनाकर महिलाओं से दोस्ती करके धोखाधड़ी से रुपए ऐंठने/ठगने वाले नाइजीरिया मूल के चार आरोपियों समेत छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 13 मार्च 2023 को एक महिला ने पुलिस थाना साईबर अपराध पूर्व में शिकायत दी थी। शिकायत में कहा गया कि मार्च 2023 में ऑनलाइन सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति से इसकी बात हुई। फिर उनके बीच दोस्ती हो गई। उस व्यक्ति ने अपना परिचय यूके में डॉक्टर मार्क बक्शी के रूप में दिया। उस व्यक्ति ने इसके लिए यूके से गोल्ड, डायमंड व डॉलर इत्यादि गिफ्ट भेजने की बात कही।

इसके बाद 4 अप्रैल 2023 को उसके पास एक लड़की का फोन आया। जिसने अपने आपको कस्टम अधिकारी बताते हुए कहा कि उसके नाम से गोल्ड और विदेशी मुद्रा आई हुई है। जिसको लेने के लिए उसे 45000 टैक्स देना होगा। उसके कहे अनुसार महिला ने रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद पेनल्टी और अन्य चार्जेज के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए इससे कुल 8.85 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। इस शिकायत पर थाना साइबर अपराध पूर्व में केस दर्ज कर लिया गया। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मणिपुर की रहने वाली दो महिलाओं व नाइजीरिया मूल के चार आरोपियों सहित छह सदस्यों को मोहन गार्डन दिल्ली से काबू किया है। आरोपियों की पहचान सैमुअल उबाका इग्वातु, एमैन्युअल चुकवुदी, अनिदेबे एमेका अलैक्स, ऑडिमनोबिफीटू आलोयसिस, वस्सोमिचोंन (महिला) व चंचमलियू पमें (महिला) के रूप में हुई।

यहां पत्रकारों के समक्ष एसीपी प्रियांशु दीवान ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पता चला है कि यह लोग लड़कियों से सोशल मीडिया पर बातचीत करते हैं। अपने आप परिचय एक बड़े अधिकारी, व्यापारी या डॉक्टर इत्यादि के रूप में कराते हुए उन्हें अपने विश्वास में लेकर उनके साथ दोस्ती करते है। उसके बाद ये अपनी दोस्त महिला को इंप्रेस करने के लिए उनके लिए महंगे गिफ्ट, ज्वेलरी व विदेशी मुद्रा इत्यादि का पार्सल भेजने के लिए कहते हैं। फिर इनके ही साथी कस्टम अधिकारी बनकर भेजे गए गिफ्ट को महिला (पीड़ित) तक पहुंचाने के लिए कस्टम ड्यूटी, एक्सचेंज चार्जेज इत्यादि के नाम पर इनसे रुपये ट्रांसफर करवाकर ठगी करते है। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जा से 16 मोबाइल फोन, 28 सिम, 4 लैपटॉप, 6 डेबिट कार्ड, 6 पेन ड्राइव, 3 पासपोर्ट व नगदी बरामद की गई है।


गुरुग्राम पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए महिलाओं से ठगी के आरोपी चार नाईजीरियाई नागरिक व दो महिलाएं।

## संत निरंकारी मिशन का समर्पण दिवस आज

### बाबा हरदेव सिंहजी महाराज को समर्पित है यह समर्पण दिवस

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**सतगुरू** बाबा हरदेव सिंहजी महाराज की स्मृति में समर्पण दिवस 13 मई शनिवार को सायं 5 से रात्रि 9 बजे तक होगा। संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में सतगुरू माता सुदीक्षाजी महाराज एवं निरंकारी राजपिताजी के पावन सान्निध्य में आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में समस्त निरंकारी परिवार एवं श्रद्धालुगण सम्मिलित होकर बाबा हरदेव सिंहजी के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। गुरुग्राम के हजारों भक्तजन इसमें शामिल होंगे। बाबा हरदेव सिंहजी महाराज प्रेम, करूणा, दया और सादगी के जीवंत स्वरूप थे। उनका दिव्य रूप, सवर्ज़प्रिय स्वभाव एवं विशाल अलौकिक सोच सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याणार्थ समर्पित थी। उन्होंने मिशन की बागडौर 36 वर्षों तक सम्भाली। उनके अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि मिशन 17 देशों से चलकर विश्व के प्रत्येक महाद्वीप के 60 राष्ट्रों तक पहुंचा, जिसमें राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर संत समागम, युवा सम्मेलन एवं समाज सेवाओं का आयोजन प्रमुख रहा।

उनके अमूल्य योगदान के फलस्वरूप मिशन को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति के साथ-साथ अनेक पुरस्कारों द्वारा भी सम्मानित किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निरंकारी मिशन को सामाजिक एवं आर्थिक परिषद के सलाहकार रूप में भी मान्यता प्राप्त हुई।


बाबा हरदेव सिंह महाराज।

## संक्षिप्त समाचार

### सोहना के बीडीपीओ कार्यालय में फिर से लगाया मिनी मेला


बीडीपीओ कार्यालय में आयोजित परिवार उत्थान मेले में पहुंचे लोग।

**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सोहना के बीडीपीओ कार्यालय में शुक्रवार को मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत मिनी मेले का आयोजन किया गया। मेले में पूर्व में आयोजित मेले में विभिन्न कारणों से अनुपस्थित रहे चिन्हित लाभार्थियों को पुनः आमंत्रित किया गया था। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला पात्र परिवारों के लिए कारगर सिद्ध हो रहा है। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के अंतर्गत पात्र लोगों की आमदनी बढ़ाने के संसाधन उपलब्ध करवाए जाने को लेकर विभिन्न बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाए जा रहे है। उन्होंने बताया कि इस मेले को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को लाभ देकर उसकी आमदनी बढ़ाई जाए, ताकि वह स्वावलम्बी बनकर अपना गुजर बसर कर सके। शनिवार 6 मई को सोहना खंड व सोहना नगर परिषद के चिन्हित लाभार्थियों के लिए अंत्योदय उत्थान मेला आयोजित किया गया था। उस दिन मेले में कुछ चिन्हित लाभार्थी विभिन्न कारणों से अनुपस्थित रहे थे। ऐसे में जिला प्रशासन ने उन बचे हुए पात्र परिवारों को शनिवार के मेले में आमंत्रित किया था। मेले में पहुंचने पर उसको विभिन्न योजनाओं के माध्यम से रोजगार व व्यवसाय करने के बारे में विस्तार से समझाया जा रहा है।

### भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने देखी द केरला स्टोरी फिल्म



गुरुग्राम में द केरला स्टोरी फिल्म देखने पहुंची भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

**गुरुग्राम।** भाजपा जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ के नेतृत्व में शुक्रवार को जिला पदाधिकारी, महिला मोर्चा कार्यकर्ता, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा के पदाधिकारियों ने-द केरला स्टोरी फिल्म देखी। फिल्म देखने के उपरांत जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि यह फिल्म सत्य घटनाओं पर आधारित है। मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली फिल्म है। फिल्म कट्टरवाद के घिनौने चेहरे को उजागर करती है। यह फिल्म सच पर आधारित है। फिल्म का मकसद यह दिखाना है कि किस तरह से भोली भाली लड़कियों को बरगला कर लव जिहाद में फंसा कर धर्म परिवर्तन कराया जाता है। यह फिल्म आतंकी आईएसआईएस जैसे संगठनों की नापाक साजिशों का पर्दाफाश करती है। युवा पीढ़ी को सचेत रहने के लिए आगाह करती है। फिल्म के निर्माता, निर्देशक और कलाकार अभिनंदन और बधाई के पात्र हैं। गार्गी कक्कड़ ने सभी अभिभावकों और युवाओं से आग्रह करते हुए कहा कि द केरला स्टोरी फिल्म अवश्य देखें।

### डीएचबीवीएन में दो अधिकारियों ने संभाला पदभार



**गुरुग्राम।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम गुरुग्राम से दो अधिकारियों का तबादला हो गया, उनके स्थान पर स्थानांतरित होकर आए अधिकारियों ने अपना पदभार संभाल लिया है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) गुरुग्राम में सब-अर्बन डिवीजन की कार्यकारी अभियंता शालिनी पन्नू ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उनका तबादला एनफोर्समेंट फरीदाबाद से सब-अर्बन गुरुग्राम में हुआ है। गुरुग्राम सब-अर्बन के कार्यकारी अभियंता अमित कंबोज का चरखी दादरी डिवीजन में ट्रांसफर हो गया है। डीएचबीवीएन के सिटी डिवीजन के कार्यकारी अभियंता अविनाश यादव ने भी अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। उनका तबादला भिवानी से गुरुग्राम हुआ है। गुरुग्राम सिटी के कार्यकारी अभियंता सत्तार खान का होडल डिवीजन में ट्रांसफर हो गया है। दोनों अधिकारियों का उनके कार्यालयों में स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया। अधिकारियों ने भी अपने अधीनस्थ स्टाफ को विभाग में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## अगले सप्ताह होगा शक्ति केंद्र प्रमुखों का प्रशिक्षण : गार्गी कक्कड़


मंडल प्रवास कार्यक्रम में 5 मंडलों की बैठक लेती भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़।

### संगठनात्मक विश्व को लेकर मंडलों में लगातार चल रहे हैं प्रवास

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पन्ना** प्रमुख सम्मेलन को लेकर जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ के मंडल प्रवास कार्यक्रम 5 मंडलों में संपन्न हुए। फरूखनगर मंडल, सरस्वती मंडल, दयानंद मंडल, अर्जुन मंडल, खेड़की दौला मंडल शामिल हैं।

भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि फरूखनगर बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने सर्वप्रथम मंडल में चल रहे पन्ना प्रमुख एवं संगठनात्मक कार्यों को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की विशेषकर पन्ना प्रमुख कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने पर जोर दिया। बैठक में जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़ समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। राजनीति केवल सत्ता प्राप्त करने का साधन नहीं है। समाज को अपेक्षित दिशा में प्रगति के पथ पर ले जाना भी उसका कार्य है। गार्गी कक्कड़ ने कहा कि आगामी आने वाले सप्ताह में जिले के सभी शक्ति केंद्र प्रमुखों का प्रशिक्षण कराया जाएगा। प्रशिक्षण में मुख्य वक्ता प्रदेश से तय किया जाएगा।

बैठक में जिला महामंत्री मनीष गाड़ौली, जिला विस्तारक सत्यवीर गांधी,जिला सचिव जयंती चौधरी, मंडल अध्यक्ष दौलतराम, वरिष्ठ कार्यकर्ता सतपाल अरोड़ा व मंडल के महामंत्री, मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रमुख सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संस्कृत मॉडल स्कूल का 12वीं में 66 और दसवीं में 89 फीसदी रिजल्ट रहा

**सोहना।** स्थानीय राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में कक्षा 12वीं का 66.3 फीसदी तथा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 88.8 फीसदी रहा है। कक्षा 12 में कला, वाणिज्य व विज्ञान पाठ्यक्रम में स्कूल के तीनों टॉपर विद्यार्थियों के अंक 90 फीसदी से ऊपर रहे है।

शुक्रवार को सीबीएसई द्वारा कक्षा 12वीं व 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। स्थानीय राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं की परीक्षा में 307 में से 303 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। चार विद्यार्थी पूरी परीक्षा में गैरहाजिर रहे। परीक्षा देने वाले 303 विद्यार्थियों में से 201 पास हुए। साइंस के पाठ्यक्रम से पढ़ाई करने वाले कुल विद्यार्थी 101 इस बार परीक्षा में बैठे थे। जिनमें से 79 उत्तीर्ण हुए। जिनका परीक्षा परिणाम 78.21 फीसदी रहा है। प्रथम स्थान पर मुकुल ने 94.6 फीसदी, दूसरे नंबर पर दिया 89.8 तथा तीसरे नंबर पर लवकेश ने 78.6 फीसदी अंक प्राप्त किए। कॉमर्स पाठ्यक्रम से पढ़ने वाले कुल 65 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें से 43 उत्तीर्ण हुए हैं।

## बस स्टैंड पर यात्रियों की सुविधा को लटके पंखे हैं खराब

### मॉडर्न बस स्टैंड के यात्री शैड में चालू 4 से 5 पंखों की पंखुड़ी हैं गायब

### तीन दर्जन बिजली के पंखों में से 95 फीसदी खराब होने के कारण शो पीस बने

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** के मार्डन बस स्टैंड पर लगे करीब तीन दर्जन बिजली के पंखों में से 95 फीसदी खराब होने के कारण शो पीस बनकर लटके हैं। जबकि चालू 4 से 5 पंखों की पंखुड़ी तक ही गायब है। स्थानीय बस स्टैंड प्रभारी रोडवेज विभाग के उच्चाधिकारियों को खराब बिजली के पंखों को ठीक कराने के लिए लिखित में मांग भी कर चुके हैं।

पिछले करीब चार दिन से गर्मी के मौसम ने अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया है। पसीना बहा देने वाली इस गर्मी के मौसम में स्थानीय मार्डन बस स्टैंड के दौरान अपने हाथों को काबू नहीं कर पा रहे हैं। यात्री बसों के इंतजार में यहां लगे पंखे खराब होने के कारण पसीना पौंछते-पौंछते थक रहे हैं। यात्रियों को एक से दो घंटा तक बस आने का इंतजार तक करना पड़ रहा है। लंबे मार्ग पर जाने वाली बसों के इंतजार में यात्री को एक से दो घंटा तक बस के आने का इंतजार करना पडता है। कुल लगे पंखों में से 4 से 5 ही चलते हैं। लेकिन उनकी पंखुड़ियों के सही न होने के कारण यात्री को हवा तक नहीं मिल पा रही है। यात्री राजकुमार को कहना है कि 24 घंटा बस स्टैंड पर रोडवेज विभाग ने कर्मचारी व अधिकारी तैनात किए हुए हैं। उसके बावजूद यहां पर बिजली के पंखों की पंखुड़ी चोरी हो रही है।


सोहना के सामान्य मार्डन बस स्टैंड पर लगे बिजली के पंखों की खस्ता हालत।

### खराब पंखे और स्ट्रीट लाइटों को नहीं मिल रही आर्थिक मदद

**विभाग** के उच्चाधिकारियों को कई बार लिखित में खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने के लिखित में मांग की गई है। लेकिन पंखों को ठीक कराने के लिए उच्चाधिकारियों की तरफ से किसी प्रकार की आर्थिक मदद नहीं मिल रही है। आर्थिक सहायता मिलने पर खराब पंखों को तुरन्त बदला जाएगा।

**रमेश चंद**
**( बस स्टैंड प्रभारी )**

## गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में सांझ होते ही छलकते हैं जाम

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### ऐसी सूचनाओं को लेकर अस्पताल प्रशासन हुआ सख्त

### स्टाफ सदस्यों द्वारा नशा करने की मिल रही हैं शिकायतें

### रेवाड़ी के अस्पताल में शराब पीते पकड़े गए कर्मचारियों की घटना के बाद सख्ती

**नागरिक** अस्पताल सेक्टर-10 में शाम होते ही जाम छलकने लगते हैं। यहां अक्सर शराब की बोलतें, गुटखा के पाउच व अन्य सामग्री विभिन्न स्थानों पर मिलती है। यहां के सफाई कर्मी भी लोगों की इन हरकतों से परेशान है। अस्पताल में शराब पीने की बात को स्वयं अस्पताल के अधिकारियों ने भी स्वीकारा है। इसे लेकर बकायदा एक नोटिस जारी कर शराब पीने वाले स्टाफ सदस्यों व अन्य पर नजर रखने को कहा गया है। रेवाड़ी के अस्पताल में ड्यूटी के दौरान शराब पीते पकड़े गए कर्मचारियों की घटना के बाद गुरुग्राम अस्पताल के अधिकारी सख्त हुए हैं।

गुरुग्राम के स्थायी नागरिक अस्पताल को नया बनाने के चलते सेक्टर-10 अस्पताल में शिफ्ट किया हुआ है। इसी अस्पताल पर अब जिला की आबादी का पूरा दबाव रहता है। पूरे जिले से यहां पर मरीज आते हैं। गंभीर मरीजों को सफदरजंग अस्पताल दिल्ली में भी रेफर किया जाता है। एक मात्र अस्पताल होने के चलते यहां पर सुबह से दोपहर तक ओपीडी के समय खूब भीड़ रहती है। इसके बाद यहां से भीड़ छंट जाती है। शाम होते-होते यहां भीड़ काफी कम हो जाती है। ऐसे में नशे के आदी कुछ स्टाफ के सदस्य फायदा उठाकर यहां पर अपने नशे के शौक पूरे करते हैं। शराब से अधिक पी जाती है। जब सफाईकर्मी अस्पताल की सफाई करते हैं तो उनके सामने अलग-अलग कोनों से शराब की बोतलें निकलती हैं। इससे सफाईकर्मी भी परेशान हैं। अस्पताल प्रशासन को इस बात का पता है कि यहां कर्मचारी शराब पीते हैं, इसके बावजूद भी आज तक किसी अधिकारी ने शाम या रात के समय पर यहां औचक निरीक्षण करने का कष्ट नहीं किया। जबकि नशा करके व्यक्ति कोई भी अपराध तक यहां कर सकता है। इतने संवेदनशील जगह पर कर्मचारियों द्वारा शराब का सेवन किया जाना यहां की व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

**पीएमओ ने अब जारी किया नोटिस :** नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में पीएमओ की ओर से इस बारे में नोटिस भी जारी किया गया है। नोटिस में लिखा गया है कि कुछ कर्मचारी एम्बुलेंस स्टाफ अस्पताल परिसर में संवेदनशील पदार्थ जैसे शराब, तम्बाकू आदि का सेवन करते हैं। ऐसा करना अनुचित है। प्रधान चिकित्सा अधिकारी की ओर से आदेशों में कहा गया है कि नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रतिदिन शाम को 5 बे के बाद अस्पताल परिसर के गेट नंबर-2, 3, 4 व 5 बंद कर दिए जाएंगे। अस्पताल का गेट नंबर-1 आपातकालीन विभाग को ही मरीजों व स्टाफ के लिए खुला रखा जाएगा। साथ ही सभी डीएमएस व एसएमओ को आदेश दिए गए हैं कि वे प्रतिदिन अपने रोस्टर के अनुसार अस्पताल और एम्बुलेंस कक्ष का निरीक्षण करें। ड्यूटी पर तैनात रहने वाले गार्ड यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति अस्पताल परिसर में संवेदनशील पदार्थ शराब, तंबाकू, गुटखा आदि ना लेकर जाए। आपातलकालीन विभाग के बाहर ही उनकी तलाशी लेकर ऐसा सामान वहां निकलवाएं। आदेशों में फ्लीट मैनेजर को कहा गया है कि वे प्रतिदिन यह सुनिश्चित करें कि ऑन ड्यूटी कोई भी एंबुलेंस स्टाफ किसी प्रकार का नशा ना करे। अगर कोई कर्मचारी ऐसा करता पाया गया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**अस्पताल की सुरक्षा है रामभरोसे :** नागरिक अस्पताल की सुरक्षा भी रामभरोसे ही है। यहां सुरक्षाकर्मियों की भी कमी है। नशे की रोकथाम के साथ-साथ सुरक्षाकर्मियों की कमी के चलते भी शाम के समय अस्पताल के सभी गेटों को बंद करने के आदेश दिए गए हैं। अस्पताल में रात को ड्यूटी देने वाला स्टाफ भी भयभीत रहता है।

एक बार यहां सर्जिकल वार्ड में एक युवक नशा करके घुस गया था। वहां सभी महिला स्टाफ ड्यूटी पर थीं। उस युवक को निकालने के लिए कोई गार्ड उपलब्ध नहीं हो पाया। स्टाफ के सदस्य बताते हैं कि यहां पर जो गार्ड ड्यूटी पर रहते हैं, वे समय पर मिलते ही नहीं।



सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल गुरुग्राम।

## गुरुग्राम में आज 60 हजार कोर्ट केसों की होगी सुनवाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शनिवार** 13 मई को जिला में राष्ट्रीय लोक अदालत लग रही है, जिसमें ट्रैफिक चालान, सिविल, बैंक रिकवरी, वैवाहिक मामलों सहित अदालतों में लम्बित विभिन्न मामले रखे जाएंगे। लोक अदालत में 20 सितंबर 2022 से पहले के ट्रैफिक चालान पर ही सुनवाई होगी। इस तिथि के बाद के ट्रैफिक चालान अभी कोर्ट में नहीं आए हैं, ऐसे में डेटा उपलब्ध ना होने कारण संबंधित व्यक्तियों को सुनवाई के लिए अगली लोक अदालत तक इंतजार करना होगा।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव ललिता पटवर्धन ने बताया कि लोक अदालत में विभिन्न मामलों को सरलता से निपटाने के लिए गुरुग्राम में 30 जजों की बेंच गठित की गई है। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष ऑगस्टीन जार्ज मसीह की अध्यक्षता व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण गुरुग्राम के चेयरमैन एसपी सिंह के दिशा-निर्देश अनुसार यह राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जा रही है। ललिता पटवर्धन ने बताया कि उपरोक्त 30 बेंचों में चेक बाउंस के मामलों की सुनवाई के लिए सात बेंच बनाने के साथ ही प्री-लिटिगेशन के मामलों के लिए भी एक बेंच का गठन किया गया हैं।

वहीं पारिवारिक मामलों की सुलह के लिए भी एक बेंच लगाई जाएगी। लोक अदालत में लेबर से जुड़े मामलों के लिए एक बेंच बनाई गई हैं। वहीं इसी क्रम में सब डिवीजन सोहना व पटौदी में भी एक-एक बेंच का गठन किया गया है। लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, बिजली व पानी बिल, वैवाहिक व सड़क दुर्घटना सहित विभिन्न मामलों से जुड़े करीब 60 हजार केस रखे जाएंगे। लोक अदालत की सभी बेंच में एक एक पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया जाएगा, जो लोक अदालत के दौरान मौजूद रह कर समझौता तैयार करने में न्यायालयों और डीएलएसए की मदद करेंगे। ट्रैफिक चालान के भुगतान के लिए ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से एक हेल्प डेस्क लगाई गई है, जोकि गेट नंबर-2 के पास मध्यस्थता केंद्र में लगी हुई है।



# खादर व बैसलात के 44 गांवों को मिला नया बिजली दफ्तर, नहीं जाना पड़ेगा शहर

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**पलवल** के खादर व बैसलात क्षेत्र के 44 गांवों के 25 हजार बिजली उपभोक्ताओं को अब बिजली बिल भरने व अपनी समस्या को लेकर पलवल शहर जाने की जरूरत नहीं होगी। ये सभी सुविधा उन्हें अब चांदहट सब स्टेशन पर मिलेंगी, इसके लिए नया कार्यालय खोला गया है। कार्यालय में लोगों की सुविधा के लिए पर्याप्त स्टाफ भी नियुक्त कर दिया गया है। जिले में देहात के गांवों के लिए पलवल की प्रकाश विहार कॉलोनी में कार्यालय खोला हुआ है, जिसमें देहात के करीब 63 हजार उपभोक्ताओं को शामिल किया गया है। यहां उपभोक्ता बिजली बिल भरने व अन्य काम कराने के लिए आते है तो उन्हें परेशानी उठानी पड़ती थी। कई-कई दिनों तक लोगों के काम नहीं हो पाते थे, वहीं बिल भरने के लिए भी लंबी लाइन लगती थी। लोगों की बिजली संबंधी शिकायतों को निवारण भी समय पर नहीं हो पाता था।

### 25 हजार उपभोक्ताओं के काम अब चांदहट सब स्टेशन पर होंगे



अब दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने 63 हजार उपभोक्ताओं के लिए तीन स्थानों पर सब स्टेशन कार्यालय खोले गए हैं। 63 हजार उपभोक्ताओं को तीन स्थानों पर बांटकर काम को आसान बनाने की कवायद की गई है। चांदहट सब स्टेशन में 25 हजार उपभोक्ताओं को शामिल किया गया, वहीं हुडा सेक्टर-दो में खोले गए सब स्टेशन में करीब 15 हजार उपभोक्ताओं को शामिल किया गया। बाकी उपभोक्ता प्रकाश विहार में खुले हुए कार्यालय में ही शामिल रहेंगे।

दोनों सब स्टेशन में अलग से एसडीओ के साथ पूरे स्टाफ की नियुक्ति कर दी गई है। चांदहट सब स्टेशन पर खुले कार्यालय में शामिल किए गए 44 गांवों में मुख्य रुप से बैसलात के बड़े गांव बड़ौली, रसूलपुर, ललुवाड़ी, नंदावाला, कमरावली, लालगढ़, टीकरी गुर्जर, सिहौल, मीसा, रहीमपुर, सुल्तानपुर, मुस्तफाबाद, चांदहट, घोड़ी, अमरपुर, डाढौता, रामपुर घोर, थंथरी, बलई, हसापुर, मकसूदपुर, कुलैना, नंगलिया, रोनीजा, होसंगाबाद, डकोरा, खेड़ला, ताराका, शमशाबाद, लोहागढ़, गुरवाड़ी, प्रहलादपुर, सोलडा, भोलडा, राजपुर, शेखपुर, दोस्तपुर, झुप्पा, माला सिंह फार्म, बागपुर, भूडखेड़ली, बसंतगढ़, इस्लामाबाद, हरीनगर, मोहन नगर व राजीव नगर शामिल हैं।

> **मुझे** चांदहट सब स्टेशन पर एसडीओ का कार्यभार सौंपा गया है। प्रकाश विहार स्थित कार्यालय पर भीड़ रहने के कारण अलग सब स्टेशन बनाए गए हैं, इससे उपभोक्ताओं को काफी लाभ मिलेगा। चांदहट स्टेशन में शामिल किए गए 44 गांवों के उपभोक्ता कोई समस्या होने पर मुझसे बात कर सकते हैं।
>
> **- चांदहट फीडर के एसडीओ अतुल रंगा**

## सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने मारी बाजी



**फरीदाबाद।** दयाल बाग स्थित सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल में सदैव की भांति इस बार भी 12वीं व 10वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विज्ञान सकाय में वंश अग्रवाल ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, सुप्रियांक ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, कृष शर्मा ने 87 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर अपना नाम दर्ज कराया। कॉमर्स सकाय में गौरव ने 93 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, शुभांगी ने 86 प्रतिशत अंक और ध्रुव ने 86 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान, आर्यन ने 82 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय (ह्यूमैनिटी) में छाया सिंह ने 94 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, मोहित कुमार ने 90 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान और भूमि ने 87 प्रतिशत और अनुष्का ने 87 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। पीयूष यादव ने फिजिकल एजुकेशन में 100 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। तो वहीं 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अच्छे अंकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्र शाहदिल और छात्रा आफरीन ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिया अरोड़ा 96 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर, अमित सक्सेना 93 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। आफरीन ने कंप्यूटर साइंस में 100 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में अपना परचम लहराया इस अवसर पर इंटरनेशनल स्कूल के वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येंद्र भड़ाना, प्रधानाचार्या शुभ्रता सिंह, उप प्रधानाचार्या नंदा शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता व अथक परिश्रम की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## बल्लभगढ़ स्थित रावल कान्वेंट स्कूल का शानदार रहा परिणाम



**फरीदाबाद।** रावल कान्वेंट स्कूल बल्लभगढ़ का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। नॉन मेडिकल के छात्र तनिष ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 10 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक एग्रीगेट अंक प्राप्त किये व 35 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक एग्रीगेट अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं 86 विद्यार्थियों ने एग्रीगेट में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। 103 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। इसके साथ विद्यालय कक्षा दसवीं का परिणाम भी अत्यंत सराहनीय रहा। कक्षा दसवीं में भी रावल कान्वेंट स्कूल के छात्र देवेश कुमार ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 19 विद्यार्थियों ने एग्रीगेट में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। 73 विद्यार्थियों ने एग्रीगेट में मेरिट प्राप्त की व विषयानुसार मेरिट की संख्या 404 रही। इस शानदार परीक्षा परिणाम पर विद्यालय के चेयरमैन सीबी रावल व प्रो चेयरमैन अनिल रावल ने विद्यालय की प्रधानाचार्य ने प्रीति सिंह, समस्त अध्यापक वर्ग, अभिभावकों व विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## मॉडर्न विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा बेहतरीन



**फरीदाबाद।** सीबीएसई बोर्ड की कक्षा दसवीं तथा बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें मॉडर्न विद्यालय के छात्रों ने हमेशा की तरह श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम के साथ नए कीर्तिमान बनाए हैं। कक्षा बारहवीं में विद्यालय के कुल 165 छात्रों ने परीक्षा दी। सभी छात्रों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। नान मेडिकल तथा मेडिकल में गगनदीप सिंह तथा छात्रा उर्षिता अरोड़ा ने 97 प्रतिशत तथा 91 प्रतिशत अंकों के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं कॉमर्स संकाय में छात्रा अर्शिया जैन 97 प्रतिशत अंकों के साथ सर्वोच्च स्थान पर रहीं। कला संकाय की छात्रा दीया गर्ग 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय की टॉपर रहीं। वहीं कक्षा दसवीं के कुल 147 छात्रों ने परीक्षा दिए। सभी छात्रों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। छात्र ध्रुव बाजपेयी ने 97 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किय। छात्रा याशिता रावत ने 96.8 प्रतिशत, प्रखर शर्मा ने 95.4 प्रतिशत, ध्रुवकुमार ने 95.4 प्रतिशत, हर्ष गोयत ने 95.2 प्रतिशत, कोमल यादव ने 95 प्रतिशत, विष्णु ठाकुर ने 94.8 प्रतिशत और महक मेहता ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढाया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन सुशील जैन तथा प्राचार्या नीलिमा जैन ने सभी अभिभावकों छात्रों एवं अध्यापकों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल : 12वीं के छात्रों ने दिखाया अद्भुत परीक्षा परिणाम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**सीबीएसई** द्वारा 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें स्कूल की सभी धाराओं के छात्रों-छात्राओं ने उत्तम अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के सभी छात्र उत्तीर्ण रहे और विभिन्न धाराओं में उन्होंने इस प्रकार अधिकतम अंक प्राप्त किए। विभिन्न विषयों के अनुसार अधिकतम प्रतिशत इस प्रकार रहे। सभी धाराओं में 25 छात्रों ने उच्चतम 90 फीसद अंक प्राप्त किए ।

विज्ञान धारा में नायसा सक्सेना ने 96 फीसद लेकर प्रथम स्थान, समर्थ छान्ना ने 94 फीसद लेकर द्वितीय स्थान तथा चेष्टा शर्मा ने 93 फीसद लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। लव अग्रवाल ने कॉमर्स धारा में 97 फीसद, आयुष शर्मा और श्लोक गर्ग ने द्वितीय स्थान, पृतिका श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और मानविकी धारा में अनन्या गौर ने 97 फीसद, याची यादव और खुशी नरवत ने 95 फीसद तथा प्राजक्ता सिंह ने 94 फीसद अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त विभिन्न विषयों में छात्राओं ने अधिकतम अंक प्राप्त किए व्यवसाय अध्ययन में 99 ,राजनीति 98, अंग्रेजी 97, गणित 96, भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, शारीरिक शिक्षा ,लेखाकर्म ,भूगोल , मनोविज्ञान में 95 अंक प्राप्त करके सफलता प्राप्त की।

विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपिका शर्माजी, निदेशक सुरेश चंद्र जी और प्रबंधक निदेशक हार्दिक सोरायनजी ने सभी छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या जी ने विद्यार्थियों के परिश्रम तथा सभी अध्यापकों की मेहनत की प्रशंसा की। निदेशक सुरेश चंद्रजी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए यह कामना कि वह अपने भविष्य में हर चुनौती का सामना दृढ़ता के साथ कर सके । उन्होंने विद्यालय का परीक्षा परिणाम देखते हुए कहा यदि मनुष्य ठान ले तो किसी भी उपलब्धि को प्राप्त कर लेता है चाहे रास्ते कितने भी कठिन क्यों न हो!

**वहीं सीबीएससी द्वारा 10वीं कक्षा** का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें स्कूल की सभी विषयों के छात्रों-छात्राओं ने उत्तम अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के सभी छात्र उत्तीर्ण रहे और विभिन्न विषयों में उन्होंने इस प्रकार अधिकतम अंक प्राप्त किए। विभिन्न विषयों के अनुसार अधिकतम प्रतिशत इस प्रकार रहे। सभी विषयों में छात्रों ने उच्चतम प्रतिशत अंक हिंदी में में 27,अंग्रेजी 39, विज्ञान 15, गणित 13 ,सामाजिक अध्ययन 26 , कंप्यूटर 35 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और विद्यालय के 85 प्रतिशत छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। अविका अग्रवाल ने 96.4 प्रतिशत, उन्नति गौतम ने 95.6प्रतिशत और भूमेश फोगोट ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त विभिन्न विषयों में छात्राओं ने अधिकतम अंक प्राप्त किए विज्ञान 95, अंग्रेजी 99 गणित 96, कंप्यूटर 100, हिंदी 95, फ्रेंच 96, सामाजिक अध्ययन में 98 अंक प्राप्त करके सफलता प्राप्त की।

विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपिका शर्माजी, निदेशक सुरेश चंद्रजी और प्रबंधक निदेशक हार्दिक सोरायनजी इन सभी छात्र गण को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यालय का परीक्षा परिणाम विशेष प्रार्थना सभा के दौरान घोषित करते हुए कहा यदि मनुष्य ठान ले तो किसी भी उपलब्धि को प्राप्त कर लेता है चाहे रास्ते कितने भी कठिन क्यों ना हो!

# डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के मनोमय सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में जिले में अव्वल

**फरीदाबाद।** सीबीएसई का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आज घोषित हुआ। जिसमें डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के मनोमय (कॉमर्स संकाय) ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं स्कूल की छात्रा विधि गुप्ता कॉमर्स संकाय ने 99 प्रतिशत, अतरीजा गीताय ह्यमैनिटी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों का नाम रोशन किया है।

वहीं जिला टॉप करने वाले मनोमय जैन पूर्व एचसीएस अधिकारी अमरदीप जैन के बेटे हैं। मनोमय जैन सहित अन्य बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर स्कूल के प्रो. वाइस चेयरमैन रोहित जैन, स्कूल की प्रिंसीपल सुरजीत खन्ना ने ढोल-ताशों व मिठाई के साथ बच्चों की जीत का जश्न मनाया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना करते हुए कहा कि स्कूल ने 10 साल पूरे किए हैं तथा विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर स्कूल को बेहतरीन तोहफा दिया है। इस मौके पर रोहित जैन ने जहां बच्चों की उपलब्धि पर बच्चों की पीठ थपथपाई



वहीं प्रिंसीपल सुरजीत खन्ना ने कहा कि एक बार फिर डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देकर जिले का नाम रोशन किया है। 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिसमें विषय अनुसार अकाउंटेंसी में 100, मैथ में 100, बिजनेस स्टडीज में 100, जियोग्राफी में 100, साइक्लॉजी में 100, संस्कृति व कम्प्यूटर साइंस में भी 100, फिजिकल एजुकेशन, पॉलिटीकल साइंस में 99, जर्मन, इकनॉमिक्स, इतिहास, अंग्रेजी, आईपी, पेंटिंग में सर्वाधिक 98, सोशलॉजी में सर्वाधिक 97 व बॉयलॉजी व फिजिक्स में बच्चों ने सर्वाधिक 95 अंक प्राप्त किए। इस मौके पर मनोमय जैन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्कूल, अध्यापकों, अभिभावकों को देते हुए कहा कि सारा दिन पढना जरूरी नहीं है लेकिन जब जरूरत हो, तब ज्यादा पढ़ना जरूरी है।

**दसवीं में सुहाग स्कूल में प्रथम** : वहीं कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में सुहान गर्ग ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं वत्सल चौधरी ने 98.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, आध्या मिश्रा व टिशा बजरा ने 98.40 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के प्रो. वाइस चेयरमैन रोहित जैन व प्रिंसीपल सुरजीत खन्न ने बारहवीं व दसवीं कक्षा के अध्यापकों को भी बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए उन्हें बधाई दी और कहा कि उनकी मेहनत के बगैर यह परिणाम संभव नहीं था।

# चिराग योजना से नहीं हुआ किसी भी छात्र के जीवन में उजाला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**प्राइवेट** स्कूलों में गरीब परिवारों के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा दिलाने की स्कीम 134ए को खत्म करके हरियाणा सरकार जो चिराग योजना लाई है, स्कूल संचालकों ने उसको नकार दिया है। प्रदेश के 10170 प्राइवेट स्कूलों में से सिर्फ 224 ने चिराग योजना में रजिस्ट्रेशन कराया है, जिसमें अधिकांश हरियाणा बोर्ड के प्राइवेट स्कूल हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इनमें फरीदाबाद के किसी भी प्राइवेट स्कूलों का नाम नहीं है। हरियाणा अभिभावक एकता मंच का कहना है कि सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में 40 दिन की पढ़ाई हो चुकी है। कुछ दिन बाद ग्रीष्मकालीन छुट्टियां शुरू हो जाएंगी।

अब चिराग योजना के तहत दाखिले की प्रक्रिया शुरू की गई है। ऐसे में कौन छात्र सरकारी स्कूल से प्राइवेट स्कूल में जाना पसंद करेगा। मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा का कहना है कि यह सरकार शुरू से ही गरीब परिवारों के बच्चों के साथ छलावा कर रही है। पहले 134ए को खत्म किया, जब इसका चौतरफा विरोध हुआ तो सरकार चिराग योजना का झुनझुना ले आई। इस योजना का सभी अभिभावक व शिक्षक संगठनों ने विरोध किया। इसे सरकारी शिक्षा को निजी स्कूलों को बेचने की साजिश बताया। मंच का कहना है कि 134ए के तहत गरीब बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में 10 प्रतिशत दाखिला दिलाने का प्रोविजन था। जबकि चिराग योजना में सरकारी स्कूलों में ही पढ़ रहे गरीब बच्चों को ही दाखिला दिलाने का प्रोविजन है।

### प्राइवेट स्कूल संचालकों ने स्वीकार नहीं की चिराग योजना

मंच के प्रदेश संरक्षक सुभाष लांबा व लीगल एडवाइजर बीएस विरदी ने कहा है कि एक ओर सरकार सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ाना चाहती है और कह रही है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई अच्छी हो रही है तो दूसरी ओर सरकारी स्कूलों में पढ़ाई कर रहे बच्चों को सरकारी स्कूलों से निकालकर प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने के लिए चिराग योजना लाई है। यह किसी भी तरह से सही नहीं है। मंच का आरोप है कि सरकार सरकारी विद्यालयों की जगह निजी विद्यालयों को प्रोत्साहन देना चाहती है और खुद यह बता रही है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई ठीक से नहीं होती है। अत: अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों से निकालकर चिराग योजना के तहत प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाएं। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा ने कहा है कि हरियाणा सरकार गरीब परिवारों के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में 25 प्रतिशत आरक्षण के तहत मुफ्त शिक्षा दिलाने के लिए शुरू किए गए शिक्षा अधिकार कानून (आरटीई) को भी ठीक से लागू नहीं कर रही है। आरटीई के तहत दाखिला प्रक्रिया भी 15 मई तक रखी गई है। सभी प्राइवेट स्कूल प्राथमिक कक्षाओं में जनवरी-फरवरी में ही दाखिला प्रक्रिया पूरी कर लेती हैं, बाकी कक्षाओं के लिए मार्च-अप्रैल में दाखिला प्रक्रिया पूरी कर लेते हैं। ऐसे में मई महीने तक चिराग व आरटीई योजना का फायदा कैसे गरीब बच्चों का सकते हैं। प्राइवेट स्कूल संचालक अपने स्कूल में इन दोनों योजनाओं के तहत रिजर्व सीट रखते ही नहीं हैं। जब सरकार ज्यादा दबाव डालती है तो उनका जवाब होता है कि उनके स्कूल में तो सभी कक्षाओं में दाखिले पूरे हो चुके हैं, कोई सीट खाली नहीं है।



कैलाश शर्मा

यह सब शिक्षा विभाग व प्राइवेट स्कूल संचालकों की आपसी सांठगांठ के तहत हो रहा है। जिसका शिकार हो रहे हैं गरीब परिवारों के बच्चे। मंच का आरोप है कि हरियाणा सरकार वही कार्य करती है जो प्राइवेट स्कूल संचालकों के हित में होता है। यह बात गरीब पिछड़े अभिभावकों को समझनी चाहिये।

# एसएसबी अस्पताल ने अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर किया कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** एसएसबी अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में अस्पताल के निदेशक एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एसएस बंसल ने शामिल होकर नर्सिंग स्टाफ व उनके परिजनों को नर्सिंग दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नर्सिंग सुप्रिडेंटेंड प्रकाश शर्मा को फूलों का बुक्के भेंट कर सम्मानित किया और उनके कार्यो की प्रशंसा की।



उन्होंने कहा कि जिस प्रकार समाज में डॉक्टर को भगवान का स्वरूप कहा जाता है, उसी प्रकार से हर डॉक्टर की सफलता में नर्सिंग स्टाफ का अहम योगदान होता है, क्योंकि डॉक्टर के बाद नर्सिंग स्टाफ ही होता है, जो मरीजों की देखभाल कर उन्हें स्वस्थ करने में अपना योगदान देता है। डॉ. बंसल ने कहा कि किसी भी अस्पताल को उच्च स्तर पर पहुंचाने में बेहतर नर्सिंग स्टाफ का होना बहुत जरूरी है और एसएसबी अस्पताल का नर्सिंग स्टाफ बहुत ही कुशल व सक्षम है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. बंसल ने नर्सिंग स्टाफ को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं डायरेक्टर डॉ. सीमा बंसल ने नर्सिंग स्टाफ को नर्सिंग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि किसी भी अस्पताल को अगर उच्च स्तर पर पहुंचना है, तो उन्हें न केवल अपने नर्सिंग स्टाफ की देखभाल करनी होगी, बल्कि उनका सम्मान भी करना होगा। संस्थान की सफलता में हर कर्मचारी का योगदान होता है और नर्सिंग स्टाफ दिन-रात एक करके मरीजों की देखभाल करते है, इसलिए सभी को उनका सम्मान करना चाहिए। इससे पूर्व नर्सिंग स्टाफ को तनावरहित रखने के लिए एक सैशन का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें तनाव रहित रहने के गुर बताए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे



**पलवल।** पलवल स्थित केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे मनाया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों की माताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गेस्ट ऑफ ऑनर पारुल भारद्वाज द्वारा डिक्लेरेशन पढ़कर किया गया। सेलिब्रेशन के तहत, विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें आर्गेनिक क्रिकेट एक्टिविटी, बैंगल वैक्सिंग एक्टिविटी तथा फायर ऑन द स्टेज शामिल थे। फायर ऑन द स्टेज एक्टिविटी में सभी मम्मियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस गतिविधि में हिस्सा लेने वालों में एक दादी भी थीं, जिनका आत्मविश्वास देखते ही बनता था। इन गतिविधियों में मोनिका, मीनाक्षी, मंजू व मनीषा विजेता रहीं। सभी गतिविधियों के अंत में टाई ब्रेकर राउंड-ब्रिंजल इन द बकेट का आयोजन किया गया। जिसमें पहले आयोजित सभी ऐक्टिविटीज के विजेताओं ने हिस्सा लिया। अंत में मनीषा ने यह टाई ब्रेकर राउंड जीतकर मॉम ऑफ द डे का खिताब जीता। मंच का संचालन विद्यालय की शिक्षिका अनीता, एकता, साधना, ममता व वर्षा ने किया। विद्यालय शिक्षकों पूजा चौधरी व ऋतिक ने अपनी आवाज से सबको मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के समापन पर पारुल भारद्वाज ने सभी का उत्साहवर्धन किया और पूरी टीम की भूरी प्रशंसा की। प्रधानाचार्य डॉक्टर नम्रता कुंडू ने सभी माताओं का विद्यालय आगमन पर धन्यवाद किया तथा अपनी टीम के सभी शिक्षकों को कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी।

### कार की टक्कर से टैंपो खड़े ट्रक में घुसा, चालक की मौत

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड से अनंगपुर गांव के बीच एक महिला कार चालक की लापरवाही से टैंपो चालक की मौत हो गई। कार की टक्कर लगने के बाद टैंपू सड़क किनारे खड़े ट्रक में जाकर लगा, जिससे की टैंपू चालक की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली के मोहन गार्डन निवासी सन्नी वर्मा अपने पिता विनोद कुमार के साथ टैंपू चलाकर फरीदाबाद आए थे। यहां किसी कंपनी से सामान लेकर जाना था, लेकिन किसी काम से सन्नी वर्मा सूरजकुंड व अनंगपुर गांव के बीच उतर गए। विनोद कुमार टैंपू को लेकर चल दिए, लेकिन सन्नी ने देखा कि एक ब्रेजा कार ने टैंपू में जोर से टक्कर मारी है। इस टक्कर से टैंपू खड़े ट्रक में जाकर लगा। इसके चलते सन्नी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने अपने पिता विनोद कुमार को लहूलुहान अवस्था में देखा। सन्नी ने राहगीरों की मदद से विनोद कुमार को बाहर निकाला, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। कार महिला चला रही थी, जोकि मौका पाकर भीड़ जुटने से पहले ही भाग गई। इस घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बताया कि यह एक्सिडेंट महिला कार चालक व ट्रक चालक की लापरवाही के कारण हुआ है, क्योंकि ट्रक सड़क पर खड़ा कर रखा था। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### डीपीएस पलवल हरियाणा व एनसीआर में दूसरे नंबर पर

पलवल। दिल्ली पब्लिक स्कूल पलवल का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम पलवल जिले में शानदार रहा। विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्रा कनिका ने आर्ट्स में 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हरियाणा और एनसीआर में दूसरे स्थान पर तथा पलवल जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर दिल्ली पब्लिक स्कूल पलवल को गौरवान्वित किया। वहीं द्वितीय स्थान पर सान्या सिंगला ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बाजी मारी। इसी के साथ कॉमर्स में डिंकी सतीजा ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। साइंस में पार्थ जिंदल ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जिसमें 10 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। जिले में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रो. वाइस चेयरमैन एसपी लाल और रानी लाल ने सभी विद्यार्थियों की सराहना की तथा उनका मुंह मीठा करवाया उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य हरीश सचदेवा ने अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि इस सफलता में छात्रों की मेहनत और अध्यापकों का विशेष सहयोग है। विद्यालय की उपप्रधानाचार्य नीलम सांधा ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने इस सफलता का श्रेय ईश्वर को, विद्यालय के अध्यापकों के कड़े प्रयास एवं विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत को दिया। जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित किया तो डीपीएस पलवल के बच्चों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा और उन्होंने स्कूल में जमकर जश्न मनाया।

### डायनेस्टी इंटरनेशनल विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा



**फरीदाबाद।** डायनेस्टी इंटरनेशनल विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। कला संकाय में यशवी अग्रवाल ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, श्रेणया माथुर ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में नैंसी वर्मा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, मेधा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में खुशी मेहता ने 96.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, जसकीरत ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विषय वार छात्रों ने शारीरिक शिक्षा में 100 अंक, राजनीति शास्त्र में 99 अंक, पेटिंग में 99 अंक, बिजनेस 98 अंक, अंग्रेजी में 98 अंक, भूगोल 98, मनोविज्ञान में 98 अंक, कंप्यूटर विज्ञान 96, गणित 95 अंक, अकाउंट्स में 95 अंक, रसायन विज्ञान में 95 अंक, जीव विज्ञान में 95, इतिहास में 95, अर्थशास्त्र में 95 तथा संस्कृत में 91 अंक प्राप्त किये। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नितिन वर्मा ने छात्रों, अभिभावकों तथा अध्यापकों को बधाई दी। उन्होंने इसका श्रेय छात्रों तथा अध्यापकों के सतत परिश्रम को दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय छात्रों के समग्र विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहता है, इसलिए विद्यालय बोर्ड परीक्षा परिणाम के साथ-साथ अन्य क्रियाकलापों में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन करता है।

### रावल इंटरनेशनल स्कूल का शानदार रहा परीक्षा परिणाम






**फरीदाबाद।** नंगला गुजरान, सोहना रोड स्थित रावल इंटरनेशनल स्कूल का बारहवीं व दसवीं का परीक्षा परिणाम गत वर्षो की तरह इस वर्ष भी शानदार रहा। पूजा गर्ग ने बारहवीं कक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दसवीं कक्षा में ज्ञान प्रकाश ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पूजा गर्ग ने कॉमर्स संकाय में 98 प्रतिशत अंक, दीपांशु कश्यप ने नॉन मेडिकल में 96 प्रतिशत अंक, करन राना ने आर्ट्स में 95.8 प्रतिशत अंक तथा सोहित शर्मा ने विज्ञान मेडिकल स्ट्रीम में 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त गर्व भड़ाना ने 95.2 प्रतिशत, काव्य राना ने 94.8 प्रतिशत, नेहा राठी ने 94.2 प्रतिशत, भव्य सिंह राघव ने 94 प्रतिशत, खुशवीन तथा नितिन तिवारी ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। 25 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा 41 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक, 61 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक व 90 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की है। पूजा गर्ग ने बिजनेस स्टडी में 100 में से 100 अंक प्राप्त किये हैं। रावल शिक्षण संस्था के चेयरमैन सीबी रावल व प्रो.चेयरमैन अनिल रावल ने शानदार परीक्षा परिणाम के लिए प्राधानाचार्य डॉ. सीवी सिंह सहित समस्त विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी है।

# राज्यों की शक्तियां

## संवाद जरूरी

**महाराष्ट्र** और दिल्ली सरकार की शक्तियों पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों से कुछ सवाल खड़े होते हैं जिन पर संवाद जरूरी है। गुरुवार को सर्वोच्च न्यायालय ने दो बड़े फैसले दिए जिसकी राजनेताओं में अलग-अलग प्रतिक्रिया हुई है। हालांकि, तत्कालीन राज्यपाल द्वारा उनकी नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट ने उचित नहीं माना है, पर एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की खिंचाई करते हुए फैसले में कहा गया, उन्होंने यह नतीजा निकालने में 'गलती' की कि तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे बहुसंख्य विधायकों का समर्थन खो चुके हैं। राज्यपाल की गलती को स्पष्ट करते हुए कहा गया, 'राज्यपाल के पास कोई सुसंगत तथ्य नहीं थे और इस मामले में राज्यपाल के विवेकाधिकार का प्रयोग विधि सम्मत नहीं था।' इस पर उद्धव ठाकरे ने कहा, 'एकनाथ शिंदे की विजय लोकतंत्र की हत्या के बाद हुई। उनको उसी तरह मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे देना चाहिए, जैसे मैंने दिया था।' ठाकरे के विश्वासपात्र संजय राउत ने इसे 'नैतिक विजय' बताया है। इस पर एकनाथ शिंदे तथा उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने ठाकरे को याद दिलाया है कि उनको नैतिकता के बारे में बात नहीं करनी चाहिए क्योंकि उन्होंने भाजपा के गठबंधन में चुनाव लड़ा था, पर बाद में मुख्यमंत्री बनने के लिए कांग्रेस व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से हाथ मिला लिया। वास्तव में महाराष्ट्र में जो राजनीतिक हथकंडे अपनाए गए, उनमें शायद ही कोई नेता या पार्टी अपने पूर्णत: नैतिक होने का दावा कर सके। ऐसे में 'नैतिकता' के बजाय 'असली राजनीति' को ज्यादा महत्व मिल जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने संकेत किया कि वह शिंदे तथा अन्य 15 विद्रोही विधायकों को अयोग्य नहीं ठहरा सकता है क्योंकि यह शक्ति तब तक विधानसभा अध्यक्ष के पास है जब तक न्यायाधीशों की बड़ी पीठ इसे खारिज न कर दे। शिवसेना के दोनों गुटों ने दावा किया है कि सर्वोच्च न्यायालय का फैसला उनके पक्ष में है।



एक अन्य फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने कानून-व्यवस्था व भूमि को छोड़ कर अन्य सभी मामलों में कर्मचारियों पर दिल्ली सरकार की शक्ति को स्वीकार किया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने इस फैसले का स्वागत किया है। सर्वोच्च न्यायालय को 'हार्दिक धन्यवाद' देते हुए उन्होंने इसे 'लोकतंत्र' की विजय बताया है। आम आदमी पार्टी-आप के अन्य नेता भी इस पर बहुत उत्साहित हैं, लेकिन भाजपा की प्रतिक्रिया इससे अलग है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आर.पी. सिंह ने कहा, 'सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का संघशासित क्षेत्रों में शक्तियों पर दीर्घकालीन प्रभाव पड़ेगा और यह केवल दिल्ली तक सीमित न रह कर भविष्य में जम्मू कश्मीर तक विस्तारित होगा।' ऐसे में यह कहना उचित होगा कि सभी राजनीतिक दलों को सर्वोच्च न्यायालय का फैसला विनम्रता से स्वीकार करना चाहिए। उनको यह भी समझना चाहिए कि राजनीतिक विवादों को हर बार न्यायपालिका के समक्ष ले जाना कोई बुद्धिमानी की बात नहीं है। उनको उन नियमों का कठोरता से पालन करना चाहिए जिनको स्वयं उन्होंने बनाया है। आखिरकार किसी सरकार का भविष्य केवल सदन में क्यों नहीं तय किया जा सकता है? दिल्ली सरकार की शक्तियों के बारे में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से स्पष्ट है कि इनके बारे में मामला दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष जाने से पहले ही स्थिति काफी सीमा तक स्पष्ट थी। समय आ गया है कि राजनेता विभिन्न पार्टियों के बीच संवाद बढ़ाएं तथा अदालत जाने के पहले परस्पर विमर्श से समस्याओं के समाधान निकालें।

# भारत में सुधरी भूमिगत जल की स्थिति

**टिकाऊ भूमिगत जल प्रबंधन के हमारे प्रयास सही दिशा में चल रहे हैं। इससे सकारात्मक बदलाव की दिशा में तेजी से कदम बढ़े हैं।**



**सुबोध यादव**
(लेखक, जलशक्ति मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं।)



प्रख्यात संत तिरुवल्लुवर ने कहा है, 'बिना जल के जीवन संभव नहीं है और अंतत: गुण भी वर्षा पर निर्भर होते हैं।' धरती की सतह से नीचे छन कर नीचे जाने और एकत्रित होने पर वर्षा का जल भूमिगत जल बन जाता है। जीव जगत की गतिविधियों तथा जलवायु परिवर्तन से देश के कुछ हिस्सों में पिछले कुछ दशकों में भूमिगत जल का बेलगाम दोहन हुआ है और उसमें तेजी से कमी आई है। इसके कारण प्रभावी रूप से इस सीमित व अदृश्य प्राकृतिक संसाधन की मात्रा के आंकलन व प्रबंधन की आवश्यकता पैदा हुई है। 1982 में भारत सरकार ने 'भूमिगत जल आंकलन समिति'-जीईसी का गठन किया था। इसमें विभिन्न राज्यों, केन्द्रीय संगठनों के सदस्य थे जो हाइड्रोजियोलोजिकल अध्ययन तथा भूमिगत जल विकास से जुड़े थे। समिति ने अपनी संस्तुतियां 1984 में पेश करते हुए सुझाव दिया कि भूमिगत जल स्रोतों के गतिशील आंकलन की व्यवस्था बनाई जानी चाहिए जिसे आमतौर से जीईसी, 1984 का नाम दिया गया। 1997 तथा 2015 में इस विधि की समग्र समीक्षा की गई। जीईसी, 2015 के आधार पर 2017 के बाद से भूमिगत जल का आंकलन किया जा रहा है। समय-समय पर आंकलन का काम राज्य भूमिगत जल विभागों तथा केन्द्रीय भूजल बोर्ड द्वारा भूजल आंकलन पर संबंधित राज्यस्तरीय समिति के निर्देशन में किया जाता है।

वर्ष 2017 में भूमिगत जल के लिए 24.21 लाख वर्ग किलोमीटर मानचित्रण योग्य क्षेत्र का आंकलन किया गया। कुल क्षेत्र को 6,881 आंकलन इकाइयों में बांटा गया। वार्षिक भूमिगत जल रिचार्ज का अनुमान 431.86 बिलियन घन मीटर-बीसीएम किया गया, जबकि भूमिगत प्रवाह को देखते हुए निकाले जाने योग्य पानी की मात्रा 392.70 बीसीएम थी। वार्षिक भूमिगत जल का दोहन 248.69 बीसीएम है। भूमिगत जल दोहन की स्थिति 63.33 प्रतिशत थी। हालांकि, भूमिगत जल दोहन की स्थिति सुरक्षित सीमा में थी, पर इसमें बहुत भारी अंतर है। 4,310 इकाइयां सुरक्षित श्रेणी में थीं, जबकि 1,186 आंकलन इकाइयां अति-दोहन वाली श्रेणी में थीं। इन श्रेणियों में वार्षिक भूमिगत जल संसाधनों वे वार्षिक भूमिगत जल रिचार्ज से अधिक जल निकाला जा रहा था जिसके परिणामस्वरूप जल का स्तर गिर रहा था।

इस परिदृश्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल संसाधन विभाग तथा पेयजल व स्वच्छता विभाग को एकसाथ मिला कर 2019 में जलशक्ति मंत्रालय का गठन किया। इसका उद्देश्य देश के जल संसाधनों का बेहतर समन्वय, नियमन एवं प्रबंधन था। इसमें भूमिगत जल क्षेत्र पर खास ध्यान दिया गया। 'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना'-पीएमकेएसवाई का 'पर ड्राप मोर क्राप' आयाम सिंचाई में जल प्रयोग क्षमता में सुधार करना था। पीएमकेएसवाई के अंतर्गत 'हर खेत को पानी' के आयाम में जल संसाधनों की मरम्मत, पुनर्जीवन व बहाली-आरआरआर पर ध्यान दिया गया। भारत सरकार ने 2019 में देश के 256 जल संकट वाले जिलों में जलशक्ति अभियान-1 शुरू किया।

जलशक्ति अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ अधिकारियों, भूमिगत जल विशेषज्ञों ताि भारत सरकार के वैज्ञानिकों ने राज्य व जिला अधिकारियों के साथ मिल कर जल संरक्षण तथा जल संसाधन प्रबंधन पर ध्यान दिया। इसके लिए पांच लक्ष्यों की दिशा में तेजी से क्रियान्वयन पर ध्यान दिया गया। इनमें जल संरक्षण व वर्षाजल संचयन, परंपरागत व अन्य जल स्रोतों-तालाबों आदि का सुधार, बोरवेलों के पुन: प्रयोग व रिचार्ज, वाटरशेड प्रबंधन तथा गहन वनीकरण शामिल हैं। टिकाऊ भूमिगत जल प्रबंधन के लिए केन्द्रीय 'अटल भूजल योजना' में सामुदायिक सहभागिता, मांग पक्ष के हस्तक्षेप तथा वर्तमान योजनाओं के साथ कनवर्जेंस पर ध्यान दिया गया। इसका क्रियान्वयन सात राज्यों के 80 जिलों की 8,221 जल संकट वाली पंचायतों में किया जा रहा है। इन राज्यों में गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान व उत्तर प्रदेश शामिल हैं। राष्ट्रीय जल मिशन ने 'सही फल' अभियान चला कर किसानों को ऐसी फसलों के पक्ष में लाने का प्रयास किया गया है जो कम पानी प्रयोग करती हैं तथा पानी का प्रभावी प्रयोग करती हैं। वाणिज्यिक व औद्योगिक उद्देश्य से भूमिगत जल दोहन को नियमित व नियंत्रित करने के लिए जलशक्ति मंत्रालय ने पूरे भारत में प्रयोग योग्य दिशानिर्देश जारी किए हैं। भूमिगत जल का दोहन करने वाले वाणिज्यिक उद्यमों को केन्द्रीय भूमिगत जल अधिकरण से एनओसी प्राप्त करनी होती है।

चूंकि जल राज्यों का विषय है, इसलिए विभिन्न राज्य सरकारों ने भी योजनायें बनाई व उनका क्रियान्वयन किया है। इनका उद्देश्य भूमिगत जल संसाधनों का संरक्षण, रिचार्ज तथा उनका समुचित उपयोग है। आंध्र प्रदेश की नीरू चेट्टू, बिहार की जल जीवन हरियाली अभियान, गुजरात का सुजलाम सुफलाम जल संचय अभियान, हरियाणा का मेरा पानी मेरी विरासत योजना, महाराष्ट्र की जलयुक्त शिवर अभियान, पंजाब का पानी बचाओ पैसा कमाओ योजना, तमिलनाडु की कुडीमारमाथू योजना व तेलंगाना की मिशन काकातिया इस दृष्टिकोण से उल्लेखनीय हैं।

अति दोहन तथा इसके परिणामस्वरूप भूमिगत जल स्तर गिरने के नियमन हेतु जलशक्ति मंत्रालय ने राज्यों तथा संघशासित क्षेत्रों के लिए एक माडल बिल तैयार किया है जिसके आधार पर वे उपयुक्त भूमिगत जल कानून बना सकते हैं। इसमें वर्षाजल संचयन को महत्वपूर्ण स्थान मिला है। वर्तमान समय में 36 राज्यों व संघशासित क्षेत्रों ने वर्षाजल संचयन प्राविधान लागू किए हैं। सक्रिय सरकारी हस्तक्षेप तथा सार्वजनिक सहभागिता के नतीजे 2020 व 2022 के भूमिगत जल आंकलन में दिखे। 2017 में जहां आंकलन इकाइयों की संख्या 6,881 थी, वहीं इनको बढ़ा कर 2022 में 7,089 कर दिया गया। वार्षिक भूमिगत जल रिचार्ज 5.58 बीसीएम बढ़ कर 437.44 बीसीएम हो गया। तालाबों तथा जल संरक्षण संरचनाओं की संख्या 2017 में 13.63 बीसीएम से बढ़ कर 2022 में 23.00 बीसीएम हो गई। इसी तरह वार्षिक दोहन योग्य भूमिगत जल संसाधनों की मात्रा में 5.38 बीसीएम बढ़ोत्तरी हुई और ये 398.08 बीसीएम हो गई। भूमिगत जल दोहन में 9.35 बीसीएम की कमी आई है और यह 239.16 बीसीएम हो गया है। इससे स्पष्ट है कि देश में मांग व सप्लाई पक्ष में किए हस्तक्षेपों से भूमिगत जल की स्थिति सुधरने लगी है। 2017 में लगभग 89 प्रतिशत भूमिगत जल का प्रयोग सिंचाई में होता था जो 2022 में घट कर 87 प्रतिशत रह गया। भूमिगत जल का दोहन 2017 में 63.33 प्रतिशत से घट कर 60.08 प्रतिशत रह गया। सुरक्षित आंकलन इकाइयों की संख्या 4,310 से बढ़ कर 4,780 हो गई है तथा अति दोहन वाली इकाइयों की संख्या भी 2017 में 1,186 से घट कर 1,006 रह गई है।

2022 के भूमिगत जल संसाधन आंकलन को रिकार्ड 5 महीने के समय में पूरा किया गया है, जबकि पहले इसमें 2-3 साल का समय लगता था। इसके लिए साफ्टवेयर-वेब आधारित एप्लीकेशन 'इंडिया ग्राउंडवाटर रिसोर्स इस्टीमेशन सिस्टम'-इन्ग्रेस का प्रयोग किया गया है। इन्ग्रेस से स्वचालन व डिजिटल डेटा विश्लेषण के कारण भूमिगत जल का तेजी से आंकलन हुआ है। जलशक्ति मंत्रालय ने वर्ष 2023 से भूमिगत जल आंकलन वार्षिक आधार पर करने का निर्णय किया है, जबकि पहले यह तीन साल में एक बार होता था।

एक नई भूमिगत जल आंकलन समिति का गठन किया गया है जो भूमिगत जल आंकलन क्रियाविधि की समीक्षा कर उसका उच्चीकरण करेगी। 2020 व 2022 की भूमिगत जल संसाधन आंकलन रिपोर्टों ने स्पष्ट किया है कि टिकाऊ जल प्रबंधन के हमारे प्रयास सही दिशा में चल रहे हैं और यह तेज सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक बन गए हैं। ये रिपोर्टें और परिणाम सहयोगी संघवाद की दिशा में एक कदम हैं जिसे भारतीय संविधान ने स्थापित किया है। जल की उपलब्धता में स्रोतों का टिकाऊपन अत्यधिक महत्वपूर्ण है। हम संयुक्त राष्ट्रसंघ के टिकाऊ विकास लक्ष्य-एसडीजी को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस लक्ष्य का उद्देश्य सबके लिए जल की उपलब्धता तथा उसका टिकाऊ प्रबंधन है।

# खाड़ी में चीन के पर कतरने के प्रयास

**"चार राष्ट्र विशेष रूप से खाड़ी, मध्य पूर्व में बड़ी रणनीतिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश करना चाहते हैं।"**

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, विदेशी मामलों पर टिप्पणीकार हैं)



सऊदी अरब में क्षेत्रीय एकीकरण पर अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन की बैठक के बारे में विस्तृत रूप से इन चार अर्थव्यवस्थाओं के बीच अधिक सहयोग के लिए रूपरेखा तैयार की गई। बयान में कहा गया है, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान ने सऊदी अरब में 7 मई को सऊदी के प्रधान मंत्री और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शेख तहनून बिन जायद अल नाहयान और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की। भारत और विश्व के साथ परस्पर जुड़े एक अधिक सुरक्षित और समृद्ध मध्य पूर्व क्षेत्र की दृष्टि। श्री सुलिवन ने द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मामलों पर चर्चा करने के लिए क्राउन प्रिंस, शेख तहनून और श्री डोभाल के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। श्री सुलिवन और एत डोभाल भी क्वाड शिखर सम्मेलन के मौके पर मिलने के लिए सहमत हुए, जो ऑस्ट्रेलिया में महीने के अंत में निर्धारित किया गया था।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है कि चार राष्ट्र विशेष रूप से खाड़ी, मध्य पूर्व में बड़ी रणनीतिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश करना चाहते हैं, जो भारत से पिछड़े संबंधों के साथ हैं। इसका परिणाम भारत को जोड़ने वाली रेलवे लाइनों और बैकएंड शिपिंग मार्गों जैसी संयुक्त बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के रूप में हो सकता है। यह ध्यान देने योग्य हो सकता है कि भारत, अमेरिका, इज़राइल और संयुक्त अरब अमीरात आई2यू2 नामक एक अलग मंच पर काम कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य हमारे समाज की जीवंतता और उद्यमशीलता की भावना का दोहन करना है ताकि हमारी दुनिया के सामने आने वाली कुछ सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना किया जा सके। जल, ऊर्जा, परिवहन, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा में संयुक्त निवेश और नई पहल पर विशेष ध्यान।



हम निजी क्षेत्र की पूंजी और विशेषज्ञता को बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, हमारे उद्योगों के लिए कम कार्बन विकास के रास्ते, सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार और टीकों तक पहुंच, मध्य पूर्व क्षेत्र के देशों के बीच अग्रिम भौतिक संपर्क, संयुक्त रूप से अपशिष्ट उपचार के लिए नए समाधान बनाने, अन्वेषण करने का इरादा रखते हैं। संयुक्त वित्तपोषण के अवसर, हमारे स्टार्टअप्स को आई2यू2 निवेशों से जोड़ते हैं, और निकट और दीर्घकालिक खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए महत्वपूर्ण उभरती और हरित प्रौद्योगिकियों के विकास को बढ़ावा देते हैं।

आई2यू2 पर भागीदार देश इज़राइल ने अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और ऐसी बड़ी परियोजनाओं को निष्पादित करने की भारत की क्षमता के साथ खाड़ी क्षेत्र को जोड़ने वाली रेलवे लाइन का विचार पेश किया है। ये रणनीतिक बुनियादी ढांचा परियोजनाएं हैं, जो पूरा होने पर क्षेत्र में चीन के प्रभाव को कम करने में सक्षम होंगी और इसके बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का विकल्प होंगी। जैसा कि अधिकांश अरब राष्ट्र इसका समर्थन करते हैं, ने कई देशों को कर्ज के जाल में धकेल दिया है, और चीन के साथ अपने ठंडे संबंधों को देखते हुए भारत के लिए भी उतनी ही चिंता का विषय है। कुछ दिन पहले चीन ने अफगानिस्तान पर लगे प्रतिबंधों में अपने बीआरआई का विस्तार करने पर सहमति व्यक्त की, इस प्रकार युद्धग्रस्त राष्ट्र के लिए खुद को प्रासंगिक बना लिया। पिछले हफ्ते, चीनी विदेश मंत्री और उनके पाकिस्तानी समकक्ष भारत से उड़ान भरने के लगभग तुरंत बाद इस्लामाबाद में मिले, जहाँ वे शंघाई सहयोग संगठनों की बैठक में भाग ले रहे थे। मंत्रियों ने अफगानिस्तान का समर्थन जारी रखने पर सहमति व्यक्त की और चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को अफगानिस्तान तक विस्तारित करने का वचन दिया। दो साल पहले अमेरिकी सेना की जल्दबाजी और अराजक वापसी के बाद अफगानिस्तान भारी आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। तालिबान के एक प्रवक्ता ने उल्लेख किया था कि देश को अपनी अधिकांश आबादी को बाहर निकालने और अत्यधिक गरीबी में फंसने के लिए लगभग .5 बिलियन की आवश्यकता है। अब, चीन ने अपने सदाबहार दोस्त पाकिस्तान के साथ औपचारिक रूप से अफगानिस्तान में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को स्थापित करने का फैसला किया है, साथ ही अफगानिस्तान में करीब 1 ट्रिलियन डॉलर मूल्य के प्राकृतिक संसाधनों में निवेश पर विचार किया है।

यह भारत के लिए अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार के साथ कोई सार्थक बातचीत करने के लिए जगह कम करता है और इस क्षेत्र में अमेरिका के प्रभाव को भी कम करता है।

खाड़ी क्षेत्र के भीतर निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करने वाली संयुक्त अवसंरचना परियोजनाओं पर अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और भारत के बीच उद्देश्यपूर्ण संवाद सिकुड़ते प्रभाव को दूर करने के लिए तैयार है।

## आप की बात

### लैंगिक भेदभाव

**गोल्डमैन सैक्स** समूह एक अग्रणी वैश्विक निवेश बैंकिंग, प्रतिभूति और निवेश प्रबंधन फर्म है जो एक विस्तृत वित्तीय श्रृंखला प्रदान करती है। यह जानकार दुनिया हैरान रह गयी कि इस विश्वव्यापी ख्याति प्राप्त प्रतिष्ठान में भी महिलाओं के साथ वेतन से सम्बंधित लैंगिक भेदभाव किया गया। जब एक उन्नत देश का अग्रणी कंपनी का यह हाल है तो फिर एशिया, अफ्रीका व लैटिन अमेरिका के गरीब देशों में काम के स्थान पर महिलाओं के साथ कितना भेदभाव किया जाता होगा? गोल्डमैन सैक्स की महिलाओं ने 2010 में एक मुकदमा दायर किया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि वॉल स्ट्रीट बैंक उनके साथ उनके लिंग के आधार पर भेदभाव करता है। दुनिया के सबसे बड़े निवेश बैंकों में से एक के खिलाफ एक दशक से अधिक पुरानी कानूनी लड़ाई छेड़ने वाली आखिरकार 2800 जाबांज महिलाओं ने प्रबंधन को अपनी गलती मानने को बाध्य किया। आखिरकार इन महिलाओं को मुवावजे के रूप में 215 मिलियन या 17.63 बिलियन रुपये का भुगतान करने की घोषणा की गयी है। दुनिया के किसी भी निगमित क्षेत्र में यह सबसे बड़ी जीत महिलाओं को मिली है। आशा करनी चाहिए यह जीत अन्य महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिलाएगी।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### उद्धव की पराजय

**उच्चतम न्यायालय** ने कहा कि वह महा विकास अघाड़ी सरकार को बहाल नहीं कर सकती है क्योंकि उसके मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने पिछले साल जून में हुए शक्ति परीक्षण का सामना किए बिना ही इस्तीफा दे दिया था। अब शिंदे सरकार पर आया हुआ संकट पूर्णतः समाप्त हो गया है। मुख्यमंत्री शिंदे समेत 16 बागी शिवसेना के विधायकों को अयोग्य साबित करने वाली याचिका को भी न्यायालय ने खारिज कर दिया है। यह उद्धव ठाकरे की पराजय है, लेकिन इसे वह अपनी नैतिक विजय बता रहे हैं। वास्तव में उद्धव ठाकरे ने शक्ति परीक्षण का सामना करने के बजाय इस्तीफा इसीलिए दिया था कि उनके साथ शिवसेना विधायकों का समर्थन नहीं था। ठाकरे की पराजय एक प्रकार से वंश-परंपरा की भी पराजय है। इससे स्पष्ट है कि केवल जैविक विरासत ही राजनीतिक विरासत प्राप्त करने के लिए काफी नहीं है। उद्धव ठाकरे को अपने भीतर झांक कर देखना चाहिए कि वे बाला साहेब देवरस की विचारधारा से कितना भटक कर कांग्रेस व रांकापा से गठबंधन तक पहुंचे। क्या इसका कारण केवल मुख्यमंत्री पद का लालच नहीं था?

**मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### दिल्ली पर फैसला

**सर्वोच्च न्यायालय** की संविधान पीठ द्वारा दिल्ली की प्रशासनिक शक्तियों पर दिया फैसला ऐतिहासिक है। इससे दिल्ली वालों को एक उम्मीद जगी है कि अब अधिकारों की लड़ाई समाप्त होगी और सरकारी कामकाज को गति बढ़ेगी तथा राजधानी वासियों की रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान होगा। इससे देश की राजधानी दुनिया की सबसे सुंदर, व्यवस्थित एवम प्रगतिशील राजधानी बन सकेगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने इस पर प्रसन्नता जाहिर की है जबकि आम आदमी पार्टी के नेताओं के द्वारा अति उत्साहित टिप्पणियां भी की गई है। संविधान पीठ ने 2021 में दिए गए जस्टिस अशोक भूषण के निर्णय पर सहमति जताते हुए दिल्ली सरकार के कामकाज व प्रशासनिक व्यवस्थाओं का बंटवारा स्पष्ट रूप से कर दिया गया है। अब उम्मीद है कि दिलली के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और दिल्ली सरकार के अधिकारी बेहतर समन्वय व संवाद स्थापित कर दिल्ली की जनता की अपेक्षित सेवा करेंगे। देखना होगा कि केजरीवाल सचमुच केन्द्र सरकार से मिल कर काम करते हैं या टकराव का कोई और मुद्दा तैयार कर लेते हैं।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### राज्यपाल की भूमिका

**सुप्रीम कोर्ट** ने दिल्ली और महाराष्ट्र के राज्यपालों की भूमिका को लेकर जो स्पष्ट व्याख्या की है वह भविष्य के लिए नजीर बनेगी। महाराष्ट्र में राज्यपाल द्वारा फ्लोर टेस्ट के आदेश के चलते उद्धव ठाकरे ने इस्तीफा दिया था जो कि सुप्रीम कोर्ट के अनुसार गैर जरूरी था। मगर सुप्रीम कोर्ट ने इस पक्ष पर ध्यान नहीं दिया कि यदि किसी राज्य की सरकार अल्पमत में आ जाती है तो उसे अपना बहुमत सिद्ध करने का कहने का राज्यपाल को अधिकार है। यदि यह अधिकार सही नहीं माना गया तो फिर राज्यों में राज्यपाल की नियुक्ति का मतलब ही क्या है? वैसे ही दिल्ली के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार और राज्यपाल के अधिकारों को लेकर चल रही बहस और दुविधा को खत्म करते हुए अधिकारों की स्पष्ट व्याख्या कर दी है और चुनी हुई सरकार को उसके अधिकार प्राप्त हो गए हैं। विधानसभा बनाने से पूर्व दिल्ली केंद्रशासित राज्य था। लेकिन दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं दिया गया है। इसका कारण दिल्ली का देश की राजधानी होना भी है। राज्यपालों की भूमिका पर व्यापक राजनीतिक सहमति बननी चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# युवाओं की स्किल बढ़ाने के लिए बड़ा अभियान

**● मुख्यमंत्री ने सैमसंग इनोवेशन कैंपस के तहत प्रशिक्षण पूरा करने वाले लविवि के छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश में सबसे बड़ी युवा शक्ति उत्तर प्रदेश में है। ऐसे में युवा शक्ति के टैलेंट को टेक्नोलॉजी एंड ट्रेनिंग के साथ जोड़ करके हम उसे डेवलपमेंट के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। आज इसी की आवश्यकता है। इसी कड़ी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डाटा तथा कोडिंग एंड प्रोग्रामिंग फ्यूचरिस्टिक स्किलिंग के कार्यक्रम हैं इसलिए प्रदेश की युवा शक्ति को इससे जोड़ना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। प्रदेश में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में 35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए हैं, जिसे जमीनी धरातल पर उतरने के लिए युद्धस्तर पर काम हो रहा है, जो प्रदेश के एक करोड़ से अधिक युवाओं को नौकरी और रोजगार की संभावनाओं के प्रति आश्वस्त करता है। इसमें सैमसंग इनोवेशन कैंपस कार्यक्रम बहुत बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को लोक भवन के सभागार में लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह पर आयोजित सैमसंग इनोवेशन कैंपस के तहत लविवि के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण के दौरान कही। इससे पहले सीएम योगी ने कई छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। सैमसंग इनोवेशन कैम्पस के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय के कुल 775 छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले बैच के 383 छात्रों में से 110 को एआई मेंए 62 को आईओटी मेंए 51 को बिग डेटा में और 160 को कोडिंग एंड प्रोग्रामिंग में प्रशिक्षित किया गया है। छात्रों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पूर्णता प्रमाण पत्र सौंपे गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के स्केल को स्किल में बदलने के लिए बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत टाटा टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर प्रदेश में 150 से अधिक आईटीआई का पुनरुद्धार करने के लिए एमओयू साइन किया गया है, जो वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर, लेबोरेटरी की स्थापना, फ्यूचरिस्टिक प्रोग्राम के साथ न्यूज़ कोर्स को शुरू किया जाएगा। इसमें 35000 युवा प्रतिवर्ष ट्रेनिंग लेंगे और वह देश के विकास में अपना योगदान देने के साथ नए युवाओं को भी सिखाने का काम करेंगे। सीएम योगी ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आज यहां पर आप सभी ने अपना प्रशिक्षण पूरा किया है। इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि प्रशिक्षण के दौरान ना केवल थ्योरी बल्कि प्रोजेक्ट वर्क पर भी पूरा समय दिया गया है। प्रोजेक्ट वर्क युवाओं में आत्मविश्वास जगाता है। यह आत्मविश्वास उनके उज्जवल भविष्य के प्रति आश्वस्त होने का प्रमाण है।

## आईपीएल की तर्ज पर होगी खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स की ब्रांडिंग:नवनीत सहगल

**● स्कूल, कॉलेजों, यूनिवर्सिटी, मॉल एवं मुख्य पार्कों में गेम्स का मसकट लेआउट तथा पॉप-अप डिस्पल लगेगा**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की मेजबानी में आगामी 25 मई से 03 जून तक चलने वाले खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स की ब्रांडिंग आईपीएल की तर्ज पर भव्य ढंग से होगी। लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, वाराणसी एवं गोरखपुर में एअरपोर्ट, बस स्टेशन तथा रेलवे स्टेशन सहित प्रदेश के प्रत्येक जनपद में स्कूल, कालेजों, यूनिवर्सिटी एवं मुख्य पार्कों में भी गेम्स की ब्रांडिंग कराई जायेगी।

अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल ने आज बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में बने कन्ट्रोल रूम में बैठक कर खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स की ब्रांडिंग हेतु आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लखनऊ में लूलू, फीनिक्स मॉल सहित सभी चारों जनपदों के प्रमुख मॉल में खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स की ब्रांडिंग की जाये। प्रदेश की सभी यूनिवर्सिटी के प्रवेश द्वार पर खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स से संबंधित होर्डिंग लगाई जाये। प्रमुख समाचार पत्रों, न्यूज चैनल्स एवं एफएम रेडिया के माध्यम से गेम्स का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि इसके अलावा स्कूलए कालेज, यूनिवर्सिटी तथा मॉल में खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स का मसकट लेआउट लगाये जायें। साथ-साथ इन स्थानों पर पॉप.अप डिस्पले लगाया जाये। इसके अतिरिक्त प्रदेश में प्रमुख.प्रमुख स्थल जहां पर लोगों का आवगमन अधिक होता हैए वहां सेल्फी प्वाइंट बनाये जायें। जगह.जगह स्पोर्ट्स टेम्पल सेटअप भी लगाया जायेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाला खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स अब तक के खेलो इण्डिया गेम्स संस्करण का सबसे भव्य आयोजन होगा। डा. नवनीत सहगल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आयोजित इस खेल महाकुम्भ से उत्तर प्रदेश का नाम पूरे देश में चर्चित होगा। इसके साथ ही खेल और खिलाड़ियों के प्रति लोगों का सम्मान बढ़ेगा तथा युवा खेल के प्रति आकर्षित होंगे और नयी प्रतिभायें आगे चलकर राज्य का नाम रोशन करेंगे।

## पांच निजी विश्वविद्यालयों को मंजूरी के साथ आशय पत्र जारी करने के प्रस्ताव को स्वीकृति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मंत्रिपरिषद** ने प्रदेश के पांच जिलों में निजी विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ उसके नाम आशय पत्र जारी करने के प्रस्ताव को शुक्रवार को मंजूरी दे दी है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से कैबिनेट द्वारा उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम-2019 के तहत अयोध्या, कानपुर, आगरा, बरेली और हापुड़ में निजी विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ इनके आशय पत्र जारी करने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। इसके तहत अयोध्या में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय, कानपुर में महर्षि महेश योगी इंटरनेशनल एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय बिल्हौर, आगरा में शारदा विश्वविद्यालय, बरेली में फ्यूचर विश्वविद्यालय और हापुड़ में जीएस विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी के साथ आशय पत्र निर्गत करने की स्वीकृति दी गई है। उत्तर प्रदेश में निजी क्षेत्र के अन्तर्गत विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन में प्राप्त प्रस्ताव के परीक्षण के लिए राज्य विश्वविद्यालय की कुलपति की अध्यक्षता में गठित की गई समिति द्वारा शासन को प्रस्तुत की गई। निरीक्षण आख्या पर विचारोपरान्त मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति की 2 फरवरी 2023 की बैठक में की गई संस्तुति के आधार पर यह स्वीकृति प्रदान की गई है।

## कोरियर कंपनी के कंटेनर से इलेक्ट्रानिक व कीमती सामन चोरी करने वाले गैंग का खुलासा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एनसीआर** क्षेत्र में स्थापित अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय कोरियर कंपनी के कंटेनर में से सील तोड़ कर इलेक्ट्रानिक व कीमती सामान चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग का एसटीएफ ने खुलासा किया। एसटीएफ ने गिरोह के पांच सदस्यों को आगरा से गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 50 लैपटॉप एवं 19 मोबाइल मय वाहन कीमत लगभग 40 लाख रुपए बरामद हुए। इस गिरोह के बारे में काफी समय से छानबीन कर रही एसटीएफ की टीम ने स्थानीय थाना एत्माददौला, आगरा के साथ मिलकर हाथरस रोड पर मछली पुलिया के पास से पांचों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनका नाम-पता बनवारी निवासी नन्दा का नगला, धनौली, थाना मलपुरा, आगरा, जगदीश निवासी मोहल्ला लोधी, कस्बा मनियां धौलपुर, राजस्थान, राजेन्द्र राजपूत निवासी नगला नन्दा, मुल्ला की प्याउ, थाना मलपुरा, आगरा, राजेश राजपूत निवासी नौआरी ग्राम भोजपुर, थाना अतरौली, अलीगढ़ और राधेश्याम निवासी चन्दननगर, थाना कोतवाली देहात, एटा है। इनके पास से 49 लैपटाप डेल कम्पनी, एक लैपटाप एप्पल कम्पनी, 19 मोबाइल फोन 5 जी पोको कम्पनी, एक एक्सयूवी कार, एक मोटर साइकिल, एक स्कूटी आदि बरामद हुए। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम लोग मिलकर बड़े-बड़े कन्टेनरों से उनके चालकों से मिलकर कन्टेनरों में जाने वाले कीमती इेक्ट्रोनिक व कीमती सामान को निकाल लेते है।

# मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना को कैबिनेट की मंजूरी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** स्थलों, आध्यात्मिक और पौराणिक महत्व के स्थानों, प्राचीन कुंडों व प्राकृतिक स्थलों आदि के विकास में अब कोई भी व्यक्ति, संस्था, ट्रस्ट, कंपनी या जनप्रतिनिधि भागीदार बन सकेंगे। राज और समाज मिल कर ऐसे स्थलों की तस्वीर बदलने में साझीदार बनेंगे। इसके तहत आधा पैसा उन्हें लगाना होगा और आधा सरकार लगाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना की नीति निर्धारण संबंधी प्रस्ताव को शुक्रवार को योगी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। देशी पर्यटकों के आगमन के मामले में यूपी पहले और विदेशियों के मामले में देश में तीसरे स्थान पर है। बड़े और प्रमुख स्थलों का रखरखाव तो केंद्र और राज्य सरकार करती है। मगर तमाम ऐसे स्थल भी हैं जो किसी न किसी रूप में महत्वपूर्ण हैं लेकिन बदहाल पड़े हैं। योगी सरकार की यह नई सहभागिता योजना ऐसे स्थलों के विकास में सहायक होगी। वहीं प्रदेश के पर्यटन विभाग पर आर्थिक बोझ भी घटेगा।

पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम का कहना है कि यह योजना बेहद महत्वपूर्ण है। योजना के तहत 50 फीसदी अंशदान की सहभागिता जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त कोई भी प्रतिष्ठित व सक्षम व्यक्ति, सरकार, अर्द्ध सरकारी या गैर सरकारी संस्थाए संगठन प्रस्तावक हो सकेंगे। योजना के तहत दिया जाने वाला प्रस्ताव न्यूनतम 25 लाख और अधिकतम 5 करोड़ रुपये तक का होगा। प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में एक पर्यटक स्थल के विकास से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा। प्रमुख सचिव ने बताया कि योजना के तहत जनसुविधाओं का विकास, पर्यटन परिसर की लैंड स्केपिंग, बैठने के लिए बेंचों का निर्माण, संकेतक, जलपान गृह, स्टोर रूम, सामान रखने के लिए लॉकर, पादुकाघर, चबूतरा, रेलिंग, फेंसिंग, बाउंड्रीवालए परिसर के अंदर पाथवे, इंटरलॉकिंग, टाइल्स कार्य, पौराणिक थीम पर आधारित स्थापत्य, भित्ति चित्र, म्यूरल, फ्रेस्को, परिसर के अंदर पार्किंग गेट, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, हैंडपंप, एसटीपी, अंडरग्राउंड विद्युतीकरण, सबमर्सिबल पंप, ओवरहैड टैंक, फायर सेफ्टी उपकरण, स्वच्छता मशीनरी व उपकरण, सोलर लाइट, प्रसाधन सुविधाएं, जलाशय, नदी, कुंड के घाट तथा वृक्षारोपण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग आदि के काम शामिल हैं।

### ग्रीन फील्ड परियोजना में गाजीपुर व बलिया की 39 हेक्टेयर भूमि निशुल्क दी जाएगी

**भारतीय** राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा प्रस्तावित एनएच-31 गाजीपुर से बलिया-मांझीघाट ग्रीन फ ील्ड परियोजना में आ रहे गाजीपुर के 86 तथा बलिया के 98 गांवों की कुल 38.8465 हेक्टेयर ग्रामसभा भूमि एनएचएआई को निशुल्क दिया जाएगा। कैबिनेट ने शुक्रवार को इस आशय के प्रस्ताव को मंजूर कर दिया। इस परियोजना में गाजीपुर के 86 गांवों की 20.2644 हेक्टेयर तथा बलिया के 98 गांवों की 18.5821 हेक्टेयर भूमि के संबंध में यह फैसला लिया गया है। इस परियोजना के पूरा होने पर इस क्षेत्र में नए उद्योगों की स्थापना होगीए जिससे रोजगार के अवसर मिलेंगे। ट्रैफिक वृद्धि होने पर यूपीडा को टोल से मिलने वाली आय में भी इजाफा होगा।

### हीरो मोटर्स के लिए जमीन पट्टे का 30 साल को हुआ नवीनीकरण

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने गौतमबुद्धनगर में हीरो मोटर्स कंपनी को पट्टे पर दी गई जमीन का नवीनीकरण करने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया है। इससे हीरो मोटर्स की निर्माण गतिविधियां जारी रह सकेंगी। इससे प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कैबिनेट ने इस संबंध में औद्योगिक विकास विभाग के प्रस्ताव को मंजूर कर लिया। इसके लिए 305.45 रुपये सालाना की दर से किराया तय किया गया है। असल में सरकार ने 29 जनवरी 1992 को कंपनी को 30 साल की अवधि के लिए पट्टे पर जमीन दी थी। इसकी अवधि 28 जनवरी 2022 को खत्म हो गई। अब पट्टा अवधि 29 जनवरी 2022 से 28 जनवरी 2052 तक की जाएगी।

## वित्तीय प्रबंधन से प्रदेश सरकार 5500 करोड़ रुपए वार्षिक बचत करेगी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने बड़े निर्माण कार्यों में सेंटेज चार्जेज, निर्माण लागत तथा वित्तीय स्वीकृतियों से संबंधित प्रबंधन में सुधार कर सालाना करीब 5500 करोड़ रुपये बचाने का इंतजाम कर दिया है। वित्तीय प्रबंधन में सुधार से संबंधित प्रस्ताव को को कैबिनेट ने मंजूरी दी। इस प्रस्ताव के मंजूर होने के साथ ही वर्तमान में निर्माण विभागों तथा निगम आधारित कार्यदायी संस्थाओं में लागू सेंटेज दरों की एक समान दर (12.5 फीसदी) को समाप्त कर दिया गया। निगम आधारित कार्यदायी संस्थाओं के लिए सेंटेज की स्लैब दरों को लागू किया गया है। जिसके तहत कार्य की लागत 25 करोड़ रुपये तक होने पर सेंटेज की दर 10 फीसदी, 25 से अधिक और 50 करोड़ तक की लागत पर 8 फीसदी, 50 करोड़ से अधिक 100 करोड़ रुपये तक की लागत की परियोजनाओं पर सात फीसदी और 100 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं पर 5 फीसदी का दर लागू होगा। पीडब्ल्यूडी, सिंचाई आदि के विभागीय कार्यों पर सेंटेज (6.875 फीसदी) को परियोजना की लगात पर जोड़ने की व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। परियोजना के तहत पुनरीक्षण होने की स्थिति में कार्यों का मूल्यांकन टेंडर कास्ट का संज्ञान लेते हुए किए जाने की व्यवस्था की गई है। इससे अतिरिक्त कैश आउटफ्लो (धनराशि का अपव्यय) नहीं होगा। किसी भी परियोजना के डीपीआर के गठन के साथ ही प्रत्येक चरण के लिए समय सीमा तय करते हुए उसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। निगम आधारित कार्यदायी संस्थाओं द्वारा अनिवार्य रूप से ब्याज की धनराशि राजकोष में जमा कराई जाएगी। इसका उल्लेख बैलेंस शीट में करना होगा।

## कम गुणवत्ता वाले गेहूं की सरकारी खरीद का व्यय सरकार उठाएगी

**प्रदेश** में हो रही गेहूं की सरकारी खरीद में कम गुणवत्ता वाले गेहूं की खरीद में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अधिकतम 37.18 रुपये प्रति कुंतल की दर से कटौती की जाएगी। अधिकतम कटौती 37.18 रुपये प्रति कुंतल की दर से अतिरिक्त व्ययभार की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। इस बारे में खाद्य विभाग की ओर से लाये गये प्रस्ताव को शुक्रवार को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की। बताते चलें कि प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश व ओलावृष्टि के चलते गेहूं की फसल की गुणवत्ता और उत्पादन प्रभावित हुआ था। इस बाबत केंद्र सरकार की ओर से निर्देश जारी किये गये थे कि बारिश व ओलावृष्टि से खराब हुए गेहूं की भी सरकारी खरीद की जाएगी। ऐसे में कम गुणवत्ता वाला गेहूं खरीदने में 37.18 रुपये प्रति कुंतल की जो कटौती होगी उसका वहन प्रदेश सरकार करेगी। हालांकि किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य 2125 रुपये प्रति कुंतल के भाव से ही भुगतान दिया जाएगा। मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत किसानों को उनकी उपज का अधिकाधिक लाभ पहुंचाया जाना राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य है। गेहूं क्रय नीति में रबी विपणन वर्ष 2023-24 में गेहूं का सम्भावित क्रय लक्ष्य 60 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है।

## प्रदेश के सभी थानों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पुलिस** की कार्यप्रणाली में और पारदर्शिता लाने के लिए योगी सरकार ने शुक्रवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके अनुसार मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के सभी थानों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने से संबंधित प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। शुक्रवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पारित हुए प्रस्तावों के विषय में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश की सभी जेलों में कैमरे लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक पीआईएल फाइल हुई थी। इसकी जरूरत को देखते हुए यूपी में इसे लागू किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020 में सुप्रीम कोर्ट में परमवीर सैनी बनाम बलजीत सिंह एक अन्य के मामले में पूरे देश में सीसीटीवी लगाने के लिए अपील की गई थी।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मंत्रिपरिषद द्वारा पारित किए गए प्रस्ताव के अनुसार प्रदेश के सभी सर्किल मुख्यालयों एवं जनपदीय थानों में 5 कैमरों की व्यवस्था की जाएगी। इन कैमरों में 12 माह तक का फुटेज स्टोरेज रहेगा। उन्होंने बताया कि पहले इस परियोजना की कुल लागत 359 करोड़ रुपए थी लेकिन अब जिस प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद ने पास किया है, उसकी लागत 144.90 करोड़ रुपए है। मंत्रिपरिषद के इस निर्णय से पुलिस की कार्यप्रणाली और अधिक पारदर्शी होगी। थानों की कार्यवाही हर वक्त कैमरे की जद में रहेगी।

## यूपी को दलहन व तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजना की जाएगी संचालित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** को दालों एवं खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाने के लिए दलहनी एवं तिलहनी फसलों के आच्छादन, उत्पादन उत्पादकता में वृद्धि के लिए राज्य सरकार द्वारा निशुल्क दलहन , तिलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम के संचालन के लिए वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक योजना स्वीकृत की गयी है। दलहनी फसलों में उर्द, मूंग, अरहर तथा चना, मटर, मसूर एवं तिलहनी फसलों में तिल, मूंगफली, राई, सरसों व अलसी के निशुल्क बीज मिनीकिट कृषकों में वितरित किए जाएंगे। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि दलहन व तिलहन के क्षेत्राच्छादन एवं उत्पादन में बढ़ोत्तरी केन्द्र सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजना के अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में दलहनी व तिलहनी फसलों के आच्छादन, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के लिए निशुल्क दलहन एवं तिलहन बीज मिनीकिट वितरण, प्रदर्शन तथा किसान पाठशाला का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक दलहनी फसलों के कुल 8.36 लाख बीज मिनीकिट का वितरण एवं प्रति एकड़ के कुल 57172 फसल प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही प्रति प्रदर्शन एक किसान पाठशाला का भी आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार तिलहनी फसलों के कुल 26.66 लाख बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रति एकड़ के कुल 30252 संकर सरसों प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही 47624 किसान पाठशालाओं का भी आयोजन कराया जाएगा। मंत्री ने कहा कि दलहन बीज मिनीकिट तथा प्रदर्शन कार्यक्रम से वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक कुल 8.93 लाख किसान तथा किसान पाठशाला के माध्यम से कुल 57.17 लाख किसान लाभान्वित होंगे एवं तिलहन बीज मिनीकिट तथा प्रदर्शन कार्यक्रम से कुल 26.96 लाख किसान तथा किसान पाठशाला के माध्यम से कुल 47.62 लाख किसान लाभान्वित होंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक निशुल्क दलहन बीज मिनीकिट वितरण, प्रदर्शन एवं प्रसार कार्यक्रम के संचालन पर कुल 120.99 करोड तथा निशुल्क तिलहन बीज मिनीकिट वितरण, प्रदर्शन एवं प्रसार कार्यक्रम के संचालन पर कुल 114.58 करोड़ की धनराशि राज्य सरकार द्वारा व्यय किया जाएगा। जिससे वर्ष 2021-22 के दलहनी फसलों के आच्छादन 24.5 लाख हेक्टेयर को वर्ष 2026-27 तक बढ़ाकर 28.84 लाख हेक्टेयर तथा तिलहनी फसलों वर्ष 2022-23 के आच्छादन 20.51 लाख हेक्टेयर को वर्ष 2026-27 तक बढ़ाकर 22.63 लाख हेक्टेयर किया जा सकेगा।

## छह निवेश परियोजनाओं के लिए 111.67 करोड़ रुपए मंजूर

**प्रदेश** सरकार ने राज्य में छह निवेश परियोजनाएं लगने के बाद वित्तीय सुविधाओं के रूप में उन्हें 111.67 करोड़ रुपये दिए जाने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया। कैबिनेट ने शुक्रवार को औद्योगिक विकास विभाग के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके तहत उन्हें लेटर आफ कम्फर्ट जारी कर दिए जाएंगे। इनमें मेरठ की पसवारा पेपर्स को 12.55 करोड़ रुपये, हरदोई की वरुण बेवरेज को 8.53 करोड़ रुपये, गोरखपुर की गैलेंट इस्पात को 15.97 करोड़, कानपुर देहात की स्पर्श इंडस्ट्रीज को 3.66 करोड़ रुपये, आरसीसीपीएल रायबरेली को 46.29 करोड़ व बुलंदशहर की श्री सीमेंट को 24.29 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं।

## 40 साल पुरानी दंगों की जांच रिपोर्ट मंजूर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** मंत्रिपरिषद ने मुरादाबाद में 43 साल पहले 13 अगस्त 1980 को हुए दंगे के संबंध में गठित न्यायायिक आयोग की 40 साल पुरानी रिपोर्ट को टेबल करने का निर्णय लिया है। इसे विधानमंडल के आगामी सत्र में पेश किया जाएगा। आश्चर्य की बात तो यह हैकि इसकी रिपोर्ट 40 साल पहले सरकार को दी गई थी लेकिन पूर्ववर्ती कांग्रेस, सपा-बसपा सरकारों ने इसे कैबिनेट द्वारा मंजूर करने की अनुमति तक नहीं प्रदान की। वित्त मंत्री ने बताया कि मुरादाबाद में 13 अगस्त 1980 की सुबह डॉ. शमीम अहमद खान एवं उनके समर्थकों ने ईदगाह में ईद की नमाज के दौरान गड़बड़ी पैदा करने के लिए रणनीति बनाई थी। उस वक्त 70 हजार नमाजी ईद-उल-फितर की नमाज पढ़ रहे थे। उनकी मंशा थी कि प्रशासन को बदनाम करके इसकी जिम्मेदारी बालमीकि समाज और पंजाबी हिंदुओं पर डालकर अपनी छवि सुधार सकें। इस दंगे में 83 लोग मारे गए थे और सौ से ज्यादा घायल हुए थे। दंगे की की जांच के लिए एक सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया। जिसने 20 नवंबर 1983 को रिपोर्ट सौंप दी थी। पूर्व सरकारों द्वारा इसकी रिपोर्ट को सदन में रखने की अनुमति नहीं दी गई। योगी सरकार के संज्ञान में जब यह मामला आया तब इसे टेबल करने का निर्णय लिया गया। सूत्रों के अनुसार आयोग ने अपनी रिपोर्ट में स्थिति को नियंत्रण करने के लिए स्थानीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की पर्याप्तता व औचित्य का निर्धारण किया है। इसमें अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की गई है। पहले की सरकारों ने इस रिपोर्ट को कैबिनेट के समक्ष व विधानसभा के पटल पर रखने की अनुमति नहीं दी।

## बुनकरों के लिए लागू रहेगी फ्लैट रेट व्यवस्था

**लखनऊ।** योगी सरकार ने बुनकरों को बड़ी राहत देते हुए फ्लैट रेट व्यवस्था को लागू करने का निर्णय लिया है। यह योजना एक अगस्त 2020 से 31 मार्च 2023 तक लागू रहेगी। इससे बुनकरों को राहत मिलेगी। उनके बिजली बिल के भुगतान का अंतर की धनराशि हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग ऊर्जा विभाग को देगी। इसके लिए आगामी विधानसभा सत्र में आने वाले अनूपूरक बजट में इस धनराशि का प्रावधान कराया जाएगा। कैबिनेट ने शुक्रवार को हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। असल में सरकार ने साल में 2019 में पावरलूम बुनकरों को एक हार्स पावर के पावरलूम पर हर महीने 240 यूनिट तक व 0.5 हार्स पावर के पावरलूम पर प्रतिमाह 120 यूनिट तक 3.50 की दर से सब्सिडी प्रदान करने का प्रावधान किया था। कोरोना काल में लाकडाउन व वर्क आर्डर न मिलने के कारण बुनकरों की आर्थिक हालत दयनीय हो गई। साल 2006 का फ्लैट रेट योजना संबंधी शासनादेश 31 जुलाई 2020 तक ही था। इसे अब 31 मार्च 2023 तक बढ़ा दिया है। बुनकर अब पुराने रेट पर बिल अदा करेंगे।

## एमवीडीए कराएगा मथुरा-वृदांवन में पर्यटन विकास के कार्य

**मथुरा-वृंदावन** धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। काशी और अयोध्या की तर्ज पर योगी सरकार का फोकस मथुरा-वृंदावन पर भी है। वहां श्रद्धालुओं की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में पर्यटन विभाग द्वारा वहां तमाम विकास कार्य कराए जा रहे हैं। मथुरा में पर्यटन विकास संबंधी कार्य कराए जाने के लिए के लिए मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण (एमवीडीए) को कार्यदायी संस्था नामित किए जाने संबंधी प्रस्ताव को राज्य कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकारण द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में ही पर्यटन विकास सम्बन्धी कार्य किया जाएगा। मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकारण को वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के 11 नवम्बर 2014 के शासनादेश के अनुसार सेन्टेज की दर अधिकतम 6.875 प्रतिशत अथवा पर्यटन विभाग के साथ किए गए निगोशिएशन एवं प्राप्त सहमति के क्रम में प्राप्त दर जो न्यूनतम हो, देय होगी। मंत्रिपरिषद द्वारा प्रकरण में अग्रतर निर्णय लिए जाने हेतु मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है।

## गेहूं व धान की सरकारी खरीद ई-पॉप मशीन से होगी

**प्रदेश** में अब रबी व खरीफविपणन वर्ष में गेहूं व धान की सरकारी खरीद इलेक्ट्रानिक प्वाइंट आफ परचेज मशीन (ई-पॉप) से की जाएगी। इस बारे में खाद्य विभाग की ओर से लाए प्रस्ताव को शुक्रवार को कैबिनेट ने अपनी मंजूरी प्रदान की। इस प्रस्ताव के अनुसार मौजूद खरीद प्रणाली में खरीद केन्द्रों पर किसानों की उचित पहचान की व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने और न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ अधिक से अधिक किसानों को पहुंचाने के उद्देश्य से गेहूं और धान की खरीद इलेक्ट्रानिक प्वाइंट आफ परचेज (ई-पॉप) से किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। गेहूं व धान खरीद केन्द्रों पर ई-पॉप मशीन की स्थापना और इसके संचालन के लिए ई-टेंडर प्रक्रिया के जरिये सिस्टम इंटीग्रेटर सेवा प्रदाता के चयन किए जाने के लिए यूपी डेस्को को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। यूपी डेस्को द्वारा तैयार की गई आरएफपी के अनुसार इलेक्ट्रानिक प्वाइंट आफ परचेज मशीन से आधार प्रमाणीकरण द्वारा गेहूं और धान की सरकारी खरीद की जाएगी, जिसके लिए सिस्टम इंटीग्रेटर सेवादाता से मशीनें किराए पर ली जाएंगी। इस पर करीब 25.62 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है।

# धौरहरा कोतवाल की गिरफ्तारी-बर्खास्तगी हो

● राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने एसपी के नाम सीओ को दिया ज्ञापन

● धर्मेंद्र कुमार की हत्या, भ्रष्टाचार और दलित उत्पीड़न का मामला



संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ(खीरी)

**गोला** के पूर्व कोतवाल अब धौरहरा के कोतवाल विवेक उपाध्याय और तीन आरक्षियों पर हत्या भ्रष्टाचार और दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज होने के बाद इस मामले में राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने एसपी के नाम सीओ को ज्ञापन देकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और पुलिस सेवा से बर्खास्तगी की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि गोला कोतवाली प्रभारी के पद पर रहते हुए विवेक उपाध्याय ने दलित गरीब किसान मजदूर धर्मेंद्र कुमार को घर से पकड़वा लिया। उसकी पत्नी रेखा के कोतवाली जाने पर 40000 रुपए की मांग की रुपए न देने पर धर्मेंद्र की पिटाई कर फर्जी जगह से गिरफ्तारी दिखाकर जेल भेज दिया। तीसरे दिन धर्मेंद्र की जेल में ही मृत्यु हो गई। विवेक उपाध्याय की ऊंची पहुंच के कारण पोस्टमार्टम में डॉक्टरों ने खेल कर दिया। इस कारण रेखा देवी ने अपने पति के शव का दाह संस्कार न कर डीएम को पुनः पोस्टमार्टम के लिए पत्र भेजकर शव को भूमि में सुरक्षित कर दिया, किंतु दोबारा पोस्टमार्टम नहीं कराया गया, न ही रेखा देवी की तहरीर पर मुकदमा ही दर्ज किया गया। न्यायालय के आदेश पर भी एक माह से अधिक समय बाद मुकदमा तब दर्ज किया गया, जब रेखा देवी ने पुनः न्यायालय की शरण ली। किंतु मुकदमा दर्ज होने के बाद भी विवेक उपाध्याय और आरक्षियों की गिरफ्तारी नहीं की गई व सभी वर्दी पुलिस की ड्यूटी कर रहे हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि इस घटना से पूर्व कोतवाली मोहम्मदी में प्रभारी निरीक्षक के पद पर रहते हुए विवेक उपाध्याय ने न्यायालय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायिक आदेश की अवज्ञा की थी जिसमें 7 मार्च 2022 को न्यायिक मजिस्ट्रेट रुचि श्रीवास्तव ने प्रकीर्ण वाद संख्या 56 /2022 में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 349 के तहत 100 रुपए का जुर्माना उनके वेतन से वसूलने एवं आदेश सर्विस बुक में लिखे जाने का आदेश दिया था जुर्माना तो वसूल कर लिया गया किंतु संभवतः न्यायिक आदेश सर्विस बुक पर नहीं लिखा गया, इसलिए उन्हें पदावनत न कर मोहम्मदी से हटाकर गोला गोकर्णनाथ का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त कर न्यायिक आदेश का पालन नहीं किया गया। संगठन ने विवेक उपाध्याय सहित आरक्षी राजेंद्र सिंह गंगवारए सूर्य प्रताप राघव और गौरव उज्वल को तत्काल गिरफ्तार कर निलंबित कर पुलिस सेवा से बर्खास्त करने की मांग की है। गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पुलिस महानिदेशक और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग दिल्ली के अध्यक्ष को भेजी गई है। ज्ञापन देते समय संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्ण वर्मा जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, अरुण कुमार वर्मा, रामनिवास, जय सिंह यादव, अनिल वर्मा, सत्येंद्र कुमार, अनूप कुमार यादव आदि मौजूद थे।

# उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला आज

● डीएम ने कहा कि मतगणना निष्पक्ष और परदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाएगी

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**निकाय** चुनाव के परिणाम की घड़ी आ गई है। शनिवार सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। जिले के 12 नगरीय निकायो से अध्यक्ष एवं सदस्य पद के लिए चुनावी मैदान में उतरे उम्मीदवारों के लिए जनादेश सामने आएगा। प्रशासन ने मतगणना की शुचिता, सुरक्षा व पारदर्शिता का पुख्ता इंतजाम किया है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह के साथ मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने तैयारियों का जायजा लेते हुए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि मतगणना निष्पक्ष और परदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाएगी। यदि प्रत्याशी या उनके एजेंटों द्वारा मतगणना कार्य प्रभावित करने का प्रयास किया गयाए तो कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अफसरों ने मतपेटियों को स्ट्रांग रूम से मतगणना मेजों तक ले जाने वाले मार्गों को देखा और उन्हें पूरी तरह सुरक्षित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बैरिकेडिंग, मतगणना मेजों की व्यवस्था, प्रत्याशी व उनके अभिकर्ता के बैठने की व्यवस्था को भी देखा। मतगणना परिसर में अनाधिकृत लोगों के प्रवेश को पूर्णतरू प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए। मतगणना स्थल पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कई पाबंदियों को लगाया गया। मतगणना स्थल पर मोबाइल फोनए आइपैडए लैपटापए इलेक्ट्रानिक डिवाइस व माचिस समेत शस्त्र आदि लेकर जाने पर पाबंदी होगी। मतगणना केंद्र में सिर्फ पासधारकों और आयोग से प्राधिकृत व्यक्तियों को प्रवेश मिलेगा। विजेता उम्मीदवार जीत का जुलूस नहीं निकाल सकेंगे। सुबह सात बजे उम्मीदवारों व निर्वाचन अभिकर्ताओं के समक्ष स्ट्रांग रूम खोला जाएगा तथा सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होकर मतगणना समापन तक जारी रहेगी।

## मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत का नहीं हो रहा समाधान

संवाददाता। सीतापुर

**मुख्यमंत्री** हेल्पलाइन पर शिकायत का समाधान नहीं हो पा रहा है। यह कहना है कसमंडा क्षेत्र के ग्राम कमलापुर, पतारा कला, पतारा खुर्द, गढ़ी बाजार, पट्टी पचकोहरा, थाना पट्टी ,हमीरपुर आदि गांवों के किसान राम प्रकाश शर्मा, गिरीश शर्मा, मुकेश पांडे ,गुड्डू भारती ,दिलीप शुक्ला, रामनरेश, केदारी आदि के किसानों का आरोप है कि खीरी ब्रांच नहर का माइनर झाड़ियों में तब्दील है। माइनर में पानी न छोड़े जाने की शिकायत उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई थी जिसका समाधान नहीं हुआ। पानी न छोड़े जाने से किसान फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं।

# चिकित्सा संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया विश्व नर्सिंग दिवस

● जिला अस्पताल सहित एएनएम ट्रेनिंग सेंटर, सीएमओ ऑफिस और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जागरूकता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**जनपद** में विश्व नर्सिंग दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला अस्पताल सहित एएनएम ट्रेनिंग सेंटर सीएमओ ऑफिस और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एमसीएचपी ओयल अधीक्षक डॉ एसी श्रीवास्तव ने बताया कि इस दौरान एमसीएच विंग मोतीपुर ध्जिला अस्पताल में विश्व नर्सेज दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुवात में जिला अस्पताल की मेट्रन रजनी मसीह ने नर्सेज दिवस पर प्रकाश डाला बताया कि कोविड काल मे भी हमारी बहनों ने तब देश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हुई जब प्राइवेट अस्पतालों ने हाथ खड़े कर दिए थे तब हमारी बहनों ने बिना डरे दिन रात एक कर सहयोग किया। जिला लखीमपुर में जिला अस्पताल में एम सी एच विंग की 34 व जिला अस्पताल की 15 व संविदा नर्सेज मिलाकर कुल 80 लोग सेवाएं दे रहे हैं ।पहली बार सन 2010 में पहली बार विश्व नर्सेज दिवस मनाया गया तब हम लोग मात्र आठ दस लोग ही इसमें शामिल हुए थे आज हम लोगों के पास इसके बाद सी एम एस एम सी एच विंग डॉ एसी श्रीवास्तव व सीएमएस डॉ आई के राम चंदानी ने पुष्प अर्पित कर सभी को विश्व नर्सेज दिवस की बधाई दीज्ञव केक काटकर एक दूसरे खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर रिटायर्ड स्टॉप नर्स प्रतिभा पांडे ने अपने संबोधन में कहा स्वास्थ्य व शिक्षा इस देश की धुरी है हम सभी को इसके लिए बिना निःस्वार्थ सेवा करनी पड़ेगी तभी हम सभी की आदर्श फ्लोरेंस नाइटिंगल को सच्ची श्रद्धांजलि मिलेगी। बस हम जिस उद्देश्य व सेवा भाव से इस विभाग में भर्ती हुए हैं वही हमारी सच्ची कमाई है। हम लोगो के पास पीड़ित ही आते हैं हमें उनकी सेवा करना उनके परिजनों को संतुष्ट करना व आये मरीज को ठीक कर उसे वापस उसके घर भेजना यही हमारा कर्तव्य है। सीएमओ डॉक्टर संतोष गुप्ता ने विश्व नर्सिंग दिवस के अवसर पर बताया कि जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और एएनएम ट्रेनिंग सेंटर सहित सीएमओ ऑफिस में भी विश्व नर्सिंग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है साथ ही उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के रीढ़ की हड्डी नर्सिंग से जुड़ी हुई हमारी बहने हैं ऐसे में उनके द्वारा लगातार बेहतर सेवाएं देकर स्वास्थ्य विभाग को और अधिक मजबूत किया जा रहा है। कोविड काल के दौरान जब प्राइवेट नर्सिंग होम और अस्पतालों ने अपने हाथ खड़े कर दिए थे तब हमारी इन्हीं बहनों ने अपनी क्षमता का बेहतर प्रदर्शन करते हुए कोविड से लोगों को निजात दिलाई थी और अपनी बेहतर सेवाएं देकर तमाम जिंदगियां बचाई थीं।

## डीएम की अनुमति के बिना ग्रामसभाओं में नाली, खड़ंजा इंटरलॉकिंग और सीसी रोड का नहीं होगा काम

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर** जिले में जिलाधिकारी कि अनुमति के बिना ग्राम सभाओं में नाली, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग और सीसी रोड जैसे काम नहीं कराए जा सकेंगे। इसे लेकर मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा ने सभी बीडियो और एडीओ पंचायत को दिशा निर्देश जारी कर दिए है। अपने आदेश में सीडीओ ने कहा है कि राज्य वित्त और केन्द्रीय वित्त की धनराशि से यदि यह कार्य व्यापक जनहित में कराया जाना आवश्यक हो तो वजह बताते हुए ऐसे कार्य का प्रस्ताव डीपीआरओ या उपायुक्त श्रम रोजगार को भेजा जाएगा। उनके स्तर से यह प्रस्ताव जिलाधिकारी को भेजकर अनुमति प्राप्त की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### बच्चों पर गिरा बिजली का तार, बच्ची की मौत

**बरेली।** तेजी से आ रहा ट्रैक्टर अचानक सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गया जिससे तार टूट कर जमीन पर गिर पड़ा और नीचे खेल रही एक बच्ची तार की चपेट में आ गई और करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन समेत फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव अगरास निवासी जाहिद की 11 वर्षीय बेटी सोफिया की आज सुबह गांव के पास बिजली के तार की चपेट में आने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद सोफिया के पिता ने बताया कि सोफिया गांव के हीं सरकारी स्कूल में कक्षा पांच की छात्रा थी और आज सुबह गांव के बच्चों के साथ घर से कुछ ही दूरी पर खेल रही थी ऊपर से बिजली की लाइन गुजर रही थी इसी दौरान गांव का ही रहने वाला राजीव पुत्र महिंद्र ट्रैक्टर लेकर रास्ते से गुजरा उसका ट्रैक्टर अचानक बेकाबू होकर बिजली के पोल से टकरा गया और तार टूट कर जमीन पर गिर पड़े पास में खेल रहे बच्चों में भगदड़ मच गई लेकिन सोफिया तार की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई घटना के बाद ट्रैक्टर चालक राजीव वाहन समेत फरार हो गया सूचना मिलते ही गांव वालों के साथ सोफिया के घर वाले भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सोफिया के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी मृतक चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर की थी उसकी मां का नाम जाहिरा बी है।

### समता युवा मंच की बैठक सम्पन्न

**सीतापुर।** समता युवा मंच की दो दिवसीय मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मिश्रिख, पिसावां, महोली, खैराबाद, एलिया के प्रतिनिधि शामिल हुए बैठक के दौरान अप्रैल और मई में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आगे की योजना पर विचार किया गया। इस दौरान संगठन की ओर से पांच मांगे रखी गई। बैठक मैं सहजान अली, गोल्डी, गुड़िया, पवन कुमार, सुधीर यादव और स्नेह लता आदि मौजूद रहे।

### चोरी के जेवरात सहित 3 महिलाओं को किया गिरफ्तार

बरेली। सिरौली पुलिस ने सर्राफा की दुकान मे हुई चोरी की घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने तीन महिलाओ को हिरसात मे लिया उसके बाद महिलाओ की निशानदेही पर जेवरात बरामद कर लिए हैं। थाना सिरौली पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि 03 महिला को गिरफ्तार किया गया, कब्जे से चोरी की गयी दो जोड़ी पायल सफेद धातु, एक जोड़ी झुमकी पीली धातु एवं 11,330 रूपये बरामद किए। सिरोली कस्बे में 11, माई को शंकर रस्तोगी की दुकान में तीन महिलाएं सामान लेने आई थी कि इसी दौरान सराफा कारोबारी की नजर हटते ही महिलाओं ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। पर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में यह वारदात कैद हो गई थी। फिलहाल पकड़ी गई महिला ने बताया कि उसने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के चलते चोरी करने के लिए ग्रुप बनाया और शहर व आसपास के इलाकों में चोरी की घटना को अंजाम देने की योजना बनाई सिरौली पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि तीनों महिला मुरादाबाद की रहने वाली है और इससे पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं कर चुकी है। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया, फिलहाल पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

### ट्रक ने कार में मारी टक्कर, दो की मौत

**बरेली।** शादी समारोह से 8 मई को रात्रि में वापस आते समय बिलवा पुल पर ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी थी जिसमें 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी तो 11 मई की रात्रि में दूसरे दोस्त की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया था । दो दोस्त घायल निजी अस्पताल में भर्ती है। मृतक के दोस्त आलोक ने बताया कंपनी के मैनेजर की लड़की की शादी थी नरेश कुमार की कार में चार दोस्त थे । साथ में भोजीपुरा शादी में शामिल होने गए थे रात में कार से वापस घर आ रहे थे बिलवा पुल पर लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली को मोड़ रहा था जिस कारण रोडवेज की बस खड़ी हो गई थी उसके पीछे नरेश कुमार की कार खड़ी हो गई। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दी टक्कर लगने के बाद आगे रोडवेज की बस में कार टकरा गई दोनों गाड़ियों के बीच मे दबने के कारण थाना फतेहगंज पश्चिमी के गांव मंडौली निवासी नरेश कुमार की घटना स्थल पर मौत हो गई थी तीन को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था , 11 मई की रात्रि में 40 बर्षीय अशोक पाठक पुत्र नन्द किशोर थाना छावनी जिला बस्ती मोहल्ला हिरनिया निवासी की मौत हो गई । दो दोस्त राजीव कुमार ढकिया डाम थाना शीशगढ़ निवासी , प्रेमपाल दोली रघुवर दयाल थाना सीबीगंज निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती है इनका इलाज चल रहा है।

### रोडबेज बस में अचानक लगी आग

**शाहजहाँपुर।** मदनापुर थाना क्षेत्र के फर्रुखाबाद कटरा स्टेट हाईवे पर स्थित चंदोखा गांव के पास के रोडवेज की बस में अचानक आग लगने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते धू धू कर जलने लगी रोडवेज की बस, यात्रियों ने जैसे तैसे दरवाजे और खिड़कियों से कूदकर अपनी जान बचाई। बरेली से कानपुर जा रही रुहेलखंड डिपो की बस में अचानक आग लग गई। बस में 31 यात्री सवार थे। बड़ा हादसा हो सकता था।

### नदी किनारे मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**बरेली।** रात के समय फोन पर बातचीत करते करते घर से बाहर गए युवक की लाश घर से दूर नदी के किनारे पाई गई मृतक के सिर में चोट के गंभीर निशान थे घरवालों ने हत्या की आशंका जताई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी। बहेड़ी थाने के गांव जसाई नगर निवासी 30 वर्षीय सुरेश पुत्र गेदन लाल की लाश कल शाम को उसके घर से लगभग एक किलोमीटर नदी के किनारे पाई गई। मृतक के घर वालों ने बताया कि सुरेश हल्द्वानी में रहकर ठेकेदारी करता था कुछ दिन पूर्व वह घर आया था और 2 दिन पूर्व रात के समय उसके मोबाइल फोन पर किसी ने फोन करके बुलाया था इसके बाद घर के बाहर चला गया और वापस नहीं लौटा तो घरवालों ने उसे कल सुबह से ही तलाशने की कोशिश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। कल शाम लोगों ने सुरेश की लाश को नदी के किनारे देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। मृतक के सिर में चोट के गंभीर निशान थे ।

### दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा

**बरेली।** दुर्घटना में घायल एक युवक की कई दिनों तक चले इलाज के बाद अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बस्ती जिले के छावनी थाना क्षेत्र के गांव एकमा हिरनिया निवासी अशोक पुत्र नंदकिशोर कि बीती रात बरेली से भोजीपुरा के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घरवालों ने बताया कि अशोक बरेली के परसाखेड़ा स्थित एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करता था और 8 मई को वह कार से अपने दोस्तों के साथ कहीं जा रहा था कि उसकी कार को विलवा इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे कई लोग घायल हो गए और एक युवक की मौत हो गई।

# निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी



संवाददाता। शाहजहांपुर

**नगरीय** निकाय सामान्य निर्वाचन को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को जीएफ कालेज शाहजहांपुर में बनाए गए मतगणना केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आयोग के निर्देशानुसार त्रुटि रहित मतगणना संपन्न करायी जाय। उन्होंने मतगणना स्थल की अन्य व्यवस्थाओं का भी बारीकी से निरीक्षण कर समस्त तैयारियां समय से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्मिक समय से अपने निर्धारित स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन भी उपस्थित रहे।

## क्रय केन्द्र प्रभारी पर दर्ज हुआ मुकदमा

संवाददाता। सीतापुर

**गत** वर्ष की सरकारी गेहूँ खरीद में जमकर लूटखसोट करने वाले क्रय केन्द्र प्रभारी पर मुकदमा दर्ज हो गया है। मामला हरगांव के ककराही स्थित पीसीयू के क्रय केन्द्र का है। आरोप है की केन्द्र प्रभारी अभिजीत वर्मा उर्फ शुभम ने गत वर्ष की सरकारी गेहूँ खरीद में जमकर अनियमितताएं बढ़ती यही नहीं तीन किसानो के गेहूं भुगतान का 4 लाख 87 हजार 987 रुपये भी हड़प लिया। बार-बार मांगने पर भी न मिलने पर परेशान होकर इन किसानों ने शिकायत की थी। जांच में आरोप सही पाए जाने पर केन्द्र प्रभारी अभिजीत वर्मा उर्फशुभम के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। मूल रुप से लहरपुर कोतवाली इलाके के तलबीपुर गांव निवासी उक्त केन्द्र प्रभारी पर यह मुकदमा हरगांव की क्रय विक्रय समिति की ओर से समिति सचिव करुणा सिंह द्वारा लिखाया गया है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मानदेय आधारित सेवा तात्कालिक प्रभाव से की गयी समाप्त

● आंगनबाडी केन्द्र बम्हौरा प्रथम में तैनात आंगनबाडी कार्यकत्री सपना रानी शर्मा बिना सूचना केन्द्र से माह जुलाई 2017 से निरन्तर अनुपस्थित रहीं

● आंगनबाड़ी केन्द्र बम्हौरा प्रथम में तीन बार कारण बताओ नोटिस दी गयीं परन्तु कार्यकत्री द्वारा किसी नोटिस का उत्तर नहीं दिया गया

संवाददाता। शाहजहांपुर

**जिला** कार्यक्रम अधिकारी शाहजहांपुर ने बताया कि बाल विकास परियोजना- कलान, शाहजहाँपुर के अन्तर्गत संचालित आंगनबाडी केन्द्र बम्हौरा प्रथम में तैनात आंगनबाडी कार्यकत्री सपना रानी शर्मा बिना सूचना केन्द्र से माह जुलाई 2017 से निरन्तर अनुपस्थित होने के क्रम में कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी-कलान द्वारा कार्यकत्री सपना रानी शर्मा को तीन बार कारण बताओ नोटिस दी गयीं परन्तु कार्यकत्री द्वारा किसी नोटिस का उत्तर नहीं दिया गया। जिलाधिकारी, के कार्यालय कार्यकत्री को स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान किया गया। कार्यकत्री सपना रानी शर्मा को जिलाधिकारी द्वारा दिनांक 24.04.2023 को सुना गया, सुनवाई के दौरान कार्यकत्री अपनी निरन्तर अनुपस्थिति के सम्बन्ध में सन्तोषजनक उत्तर नहीं दे सकी और कोई लिखित कथन प्रस्तुत नहीं किया गया। बाद में सपना रानी शर्मा द्वारा जिलाधिकारी शाहजहाँपुर को दिनांक रहित एक प्रार्थना पत्र डाक द्वारा प्रेषित किया गया, जो कार्यालय में 27.04.2023 को प्राप्त हुआ और जिसमें भी जुलाई-2017 से बिना सूचना केन्द्र से निरन्तर अनुपस्थित रहने के सम्बन्ध में कुछ नहीं कहा गया अपितु वर्ष 2008 में झगड़ाध्रंजिश होने आदि का उल्लेख करते हुए पुनः कार्य करने का अवसर प्रदान करने का अनुरोध किया गया। कार्यकत्री का किसी से झगड़ाध्रंजिश होने का कोई सरोकार आंगनबाडी केन्द्र संचालन सम्बन्धी कार्यों से नहीं है।उन्होंने बताया कि शासनादेश दि0 21.03.2023 में निहित व्यवस्था के अनुसार जिलाधिकारी शाहजहाँपुर द्वारा जिला शासकीय अधिवक्ता (दीवानी) शाहजहाँपुर के विधिक अभिमत दिनांक 02.05.2023 के दृष्टिगत् दिये गये अनुमोदन दिनांक 09.05.2023 के अनुक्रम में श्रीमती सपना रानी शर्मा आंगनबाडी कार्यकत्री, आंगनबाडी केन्द्र बम्हौरा प्रथम की मानदेय आधारित सेवा तात्कालिक प्रभाव से समाप्त की कर दी गई है।

# शाहजहांपुर में पांच जगहों पर होगी मतगणना

● एक नगर निगम, तीन नगरपालिका और आठ नगर पंचायत के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

● सभी मतगणना स्थल पर भारी पुलिस तैनात, सुरक्षा के किए गए कड़े इंतजाम



संवाददाता। शाहजहांपुर

**नगर** निकाय चुनाव को लेकर दूसरे चरण में 11 मई को वोट डाले गए थे। आज 1 नगर निगम, 3 नगरपालिका और 8 नगर पंचायत के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला हो जाएगा। जिले में पांच जगहों पर मतगणना की जाएगी। सभी मतगणना स्थल पर भारी पुलिस तैनात किया गया है। ताकि किसी तरह की अशांति न फैलाई जा सके। एसपी ने कहा कि, जिस तरह से चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ है। उसी तरह मतगणना भी संपन्न कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। पूरे जनपद में पांच जगहों पर मतगणना होना है। आवश्यकतानुसार पुलिस बल मतगणना स्थल पर तैनात किया जा चुका है, ताकि कोई भी व्यक्ति स्ट्रांग रूम तक न जा सके। मतगणना स्थल पर दो जगह बैरियर लगाए गए हैं, पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मतगणना स्थल पर लगने वाली टेबल पर एक आरक्षी और चार टेबल पर एक सब-इंस्पेक्टर रहेंगे। इसके अलावा एक राजपत्रित अधिकारी की तैनाती की जाएगी, उनकी जिम्मेदारी दहेगी कि, मतगणना की प्रकिया पूरी तरह से शांतिपूर्ण संपन्न हो। कोई बेवजह घूमने वाला व्यक्ति परिसर में नहीं दिखेगा। विजई होने वाले प्रत्याशी को किसी तरह का विजयी जुलूस निकालने पर पाबंदी रहेगी। जिन-जिन थाना क्षेत्रों में मतगणना होनी है, उन क्षेत्रों के अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं कि विशेष सतर्कता बनाए रखें। ताकि मतगणना परिणाम आने के बाद किसी तरह का कोई विवाद न बन पाए। कांट नगर पंचायत और नगर निगम की मतगणना शाहजहांपुर के जीएफ कालेज में होगी। कटरा, खुदागंज निगोही और तिलहर की मतगणना तिलहर मंडी में की जाएगी। अल्हागंज नगर परिषद और जलालाबाद नगरपालिका की मतगणना जलालाबाद मंडी में होगी। पुवायां नगर पालिका, बंडा और खुटार नगर परिषद की मतगणना पुवायां इंटर कालेज में कराई जाएगी। कलान की मतगणना कलान तहसील परिसर में होगी। एसपी एस आनंद ने कहा कि, पांच जगहों पर मतगणना कराई जाएगी। मतगणना स्थल पर बैरियर से लेकर पार्किंग स्थल पर बनाए गए हैं। विजयी जुलूस नही निकाला जाएगा। थाना प्रभारियों समेत संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है। मतगणना शांतिपूर्ण संपन्न कराना पहली प्राथमिकता है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**बरेली।** रात के समय मोटरसाइकिल से प्राइवेट फैक्ट्री में ड्यूटी करने जा रहे युवकों को तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कस्बा व थाना फरीदपुर निवासी 30 वर्षीय संजीव पुत्र रामपाल राठौर की बीती रात लगभग 8 बजे फरीदपुर के गांव पचौमी के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि संजीव पचौमी गांव के पास स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था और कल शाम को मोटरसाइकिल से फैक्ट्री में ड्यूटी करने के लिए घर से निकला था लेकिन फैक्ट्री के पास ही तेजी से आ रही एक बोलेरो कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे संजीव गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कार को रोकने की कोशिश की तब उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने संजीव को अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर संजीव के घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली मृतक दो बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम सरस्वती है ।

## बायोमेट्रिक मशीन से राशन वितरण में आ रहीं अड़चनें

**सीतापुर।** बायोमेट्रिक मशीन से राशन वितरण में अड़चनें आ रही हैं। मशीन में आए दिन तकनीकी खराबी बनी रहती है, जिससे कार्ड धारकों को राशन नहीं मिल पा रहा है। इस समस्या को लेकर सिधौली क्षेत्र के कोटेदारों ने क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक अजीत कुमार को प्रार्थना पत्र सौंपा और समस्या से निजात दिलाने की मांग की। इस मौके पर नंदलाल,सुरेंद्र, सुशीला, सरला यादव ,श्रीराम, शबनम, उर्मिला देवी, सुरेंद्र कुमार ,विवेक कुमार ,वीरेंद्र कुमार, सोनू ,राजेश सहित कई कोटेदार मौजूद रहे।

# भाजपा के नरेंद्र गुप्ता और सपा के जागेश्वर यादव पर टिकीं निगाहें

## निर्दलीय प्रत्याशी निशि सोनी का गदा बिगाड़ सकता है दिग्गजों की गणित

- भाजपा-सपा के बीच है कांटे की टक्कर



संवाददाता। चित्रकूट

**नगर** निकाय अध्यक्ष व सदस्य पदों के चुनाव सम्पन्न होने पर जीत-हार की गणित जगह-जगह शुरू है। मानिकपुर, राजापुर व मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर किसी राजनीतिक दल के जादू चलने के जहां आसार नहीं दिख रहे, वहीं कर्वी नगर पालिका अध्यक्ष पद में भाजपा का जादू चलने का कयास लोग लगा रहे हैं। एकाध प्रत्याशी तो अपनी पराजय सार्वजनिक तौर पर स्वीकार करने लगे हैं।

जीत-हार की गणित में जुटे लोगों का मानना है कि इस बार के चुनाव में सपा का जादू चलने के आसार दिख रहे हैं, लेकिन भाजपा सपा को कड़ी टक्कर देती नजर आ रही है। निशी सोनी व प्रमोद सोनी मैदान में न उतरते तो भाजपा की नैया पार होने में किसी को संदेह नहीं था। सदस्य पदों की भी यही स्थिति होगी। इस बार सभी राजनैतिक दलों ने अपने चुनाव चिन्ह से अध्यक्षों व सदस्यों को चुनाव लड़ाया है। भाजपा से बागी होकर निशी सोनी ने चुनाव लड़ा है।

मानिकपुर नगर पंचायत व राजापुर नगर पंचायत तथा मऊ नगर पंचायत में भी किसी राजनीतिक दल का जादू न चलने की चर्चा जोरों पर है। मानिकपुर में जहां निर्दल रानी कोल व निर्दल ऊषा देवी भारती के बीच चुनाव का फैसला होना लोग मान रहे हैं, वहीं राजापुर नगर पंचायत में भाजपा प्रत्याशी संजीव मिश्र व निर्दल श्रीमती आदर्श द्विवेदी के बीच चुनाव का फैसला होने की चर्चा गरम है। जीत के प्रति खासे आशान्वित प्रत्याशियों ने मतगणना के दौरान जाबांज किस्म के एजेण्टों को उतारने का फैसला किया है, ताकि किसी तरह की कोई हेराफेरी व मतों को अवैध घोषित न करा सके। जरा सी भी गडबड़ी पर बुलंदी से दूसरे एजेंट से भिड़ सकें।

# डीएम के साथ प्रेक्षक ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण



संवाददाता। कानपुर देहात

**नगरीय** निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के निर्वाचन को स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक जय शंकर दुबे, विशेष सचिव, वित्त विभाग, एवं जिला मजिस्ट्रेट नेहा जैन ने अकबरपुर महाविद्यालय अकबरपुर में बनाए गए सभी 13 नगरीय निकाय के स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी, बैरिकेडिंग, वाहन पार्किंग, सहित अन्य आवश्यक तैयारियों की जानकारी ली।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता को निर्देश दिये कि मतगणना से जुड़ी समस्त तैयारियां समय से पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल में साफसफाई की समुचित व्यवस्था रहे तथा गर्मी को देखते हुए पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत ठीक प्रकार से वैरीकेटिंग की जाएए मोबाइल टॉयलेट्स भी लगाये जाएए उन्होंने कहा कि वाहन पार्किंग की व्यवस्था की जाए। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मतगणना शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु त्रि.स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है अराजकता फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# एल्ड्रिच के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई में लहराया परचम

- हाईब्रिड डिजिटल शिक्षा के लिए माइक्रोसॉफ्ट कंपनी ने विद्यालय का चयन किया

संवाददाता। उरई, जालौन



**सीबीएसई** इंटर एवं हाई स्कूल परीक्षा के परिणाम में एल्ड्रिच के इंटर के छात्र कपिल कान्त ने एवं हाई स्कूल की छात्र अर्पित गुप्ता ने सर्वोच्च प्रदर्शन किया। जिला टॉप बृज कुंवर देवी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल झांसी रोड उरई में 12 की इंटर की परीक्षा परिणाम में छात्र-छात्राओं ने परचम फहराया जिसमें साइंस स्ट्रीम में विद्यालय के छात्र कपिलकान्त ने 96.8 प्रतिशत अंक एवं हाईस्कूल में अर्पित गुप्ता 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ने प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया। वही इंटर की छात्राओं में विद्यालय की अपूर्वा शुक्ला 96 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय एवं ओम गुप्ता 95 तृतीय स्थान एवं वही कोमर्स स्ट्रीम में खुशी निरंजन ने 95.60 प्रतिशत, युवराज सिंह 95.2 प्रतिशत, राशि दीक्षित 94.08 सर्वोच्च अंक एवं कला वर्ग मे अक्षरा व्यास 95.02 प्रतिशत, उत्कर्षा भदौरिया 94.8, आयूषी चौबे 94 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कपिलकांत सिंह ने फिजिक्स 96, कैम्सट्री 97, मैथ 98 शारीरिक शिक्षा मे 98 अंक प्राप्त कर जिले मे सर्वोच्च स्थान प्राप्त हाईस्कूल में भी विद्यालय परिवार का नाम रोशन किया।

## सीबीएसई परिणामों में अव्वल रहीं सद्गुरु पब्लिक स्कूल बारहवीं कक्षा की छात्राएं

**चित्रकूट।** परमहंस सन्त श्री रणछोड़दास जी महाराज की कृपा से संचालित सद्गुरु शिक्षा समिति के सद्गुरु पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल की कक्षा 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम सीबीएसई ने घोषित किया है। नतीजे आते ही छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गयी। कक्षा में काजल तिवारी पुत्री रमाकांत तिवारी 90.8 फीसदी अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। विष्णु तिवारी पुत्र रविशंकर तिवारी 89.8 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय, श्रद्धा दुबे पुत्री सुनील दुबे 89 फीसदी अंक के साथ तृतीय, मोनिका गुप्ता पुत्री श्याम सुन्दर गुप्ता 88.6 फीसदी अंक के साथ चतुर्थ एवं समीक्षा पाण्डेय पुत्री सुरेश पाण्डेय 85.6 फीसदी अंक के साथ पांचवे स्थान पर रहे। शुक्रवार को प्राचार्य राकेश तिवारी ने बताया कि इस वर्ष कुल 92 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें 65 छात्र प्रथम श्रेणी एवं 19 छात्र द्वितीय श्रेणी में पास हुए। सद्गुरु शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती ऊषा जैन, ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सभी छात्र-छात्राओं को उनके कठिन परिश्रम के लिए बधाई दी

# सीबीएसई में छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया

- 12 वीं में महर्षि की मांडवी व सीपीएस की आंचल ने हासिल किये 97 फीसद अंक
- सेंट जेवियर्स, सेंट मैरीज व नुरुल हुदा के बच्चों ने भी बढ़ाया मान

संवाददाता। फतेहपुर



**केंद्रीय** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली के 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा के घोषित परिणाम में जनपद के छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। शहर के मुगल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर की मांडवी बाजपेयी ने 12 वी में 97 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए विद्यालय एव जनपद का नाम रोशन किया, जबकि द्वितीय स्थान पर कृष्णा पुरवार 96.4 फीसदी व तृतीय स्थान पर रहीं सृष्टि रस्तोगी 96 फीसदी अंक मिले। इसी तरह 10 वीं में प्रथम स्थान पर वंशिका अग्रहरि ने 91.4 फीसद, द्वितीय स्थान पर अंकित कुमार 91.2 फीसद व तृतीय स्थान पर प्रशांत मणि रहे। शहर के चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में 12 वीं में अंचल सिंह ने 97 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान पर रहीं जबकि द्वितीय स्थान पर पुलकित तिवारी 95.6 प्रतिशत व अजुरया श्रीवास्तव 95.4 फीसद व सृष्टि सिंह ने 95 व नंदिनी गुप्ता 95 फीसद अंक हासिल कर तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय के प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, निदेशक मिस प्राची श्रीवास्तव ने विद्यालय की मेधावी छात्र छात्राओं का मुंह मीठा कराकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या पद्माल्या दास चौधरी ने बताया कि 116 छात्र छात्राओं में 16 बच्चो ने 90 फीसद से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय एवं जनपद का मान बढ़ाया है।

संतमैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मैं आज कक्षा 12 के छात्र-छात्राएं 100 फीसदी रिजल्ट पाकर बहुत खुश हैं। स्कूल के 65 बच्चों में 7 बच्चों ने 90 फीसदी से ऊपर और 13 बच्चों ने 80-90 प्रतिशत अंक हासिल किया। उत्कर्ष कुमार ने 96.2 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि स्कूल की छात्रा अना अजलाल फारुकी ने 95.2 फीसदी अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल का 12वीं के परिणामों में 90 फीसदी से 100 फीसदी के मध्य 8 छात्रों ने कब्जा जमाया, पार्थ द्विवेदी ने फिजिक्स में शत प्रतिशत अंक लाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इसी क्रम में 80 से 90 फीसदी के मध्य 16 छात्रों ने अपना कब्जा जमाया। जयपुरिया स्कूल का इंटरमीडिएट का यह प्रथम बैच था। वहीं 10वीं की छात्र आस्था सिंह ने 97.6 फीसदी अंक प्राप्त किये।

वही हाई स्कूल में जानी फातिमा 80 फीसदी अंक अभय गुप्ता 74 फीसदी कृष्णेन्दु 73 फीसदी अंक प्राप्त किया। इसी कड़ी में सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल कक्षा 10 एवं 12वीं में सम्मिलित छात्र छात्राओं का परीक्षा पर शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर सभी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुई है।

# चाक-चौबंद व्यवस्थाओं के बीच मतगणना आज

- प्रशासनिक अमले ने किया मतगणना केंद्र का निरीक्षण
- शांतिपूर्ण मतदान हेतु संयमित रहें राजनीतिक दल : डीएम

संवाददाता, उरई, जालौन



**नगर** निकाय चुनाव की मतगणना 13 मई को नगर के राजकीय इंटर कॉलेज में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की दिशा में प्रशासन ने शुक्रवार की शाम व्यवस्थाओं को परखा तो वही आवश्यक दिशा निर्देशों के बीच स्पष्ट किया कि किसी भी सूरत में मतगणना निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से होगी कोई भी अनावश्यक तत्व मतगणना स्थल तक फटक नहीं सकेगा वही लोग जो अधिकृत उन्हीं को मतगणना स्थल तक जाने की अनुमति होगी।

राजकीय इंटर कालेज उरई में होने जा रही नगर पालिका परिषद उरई, नगर पंचायत एट, नगर पंचायत कोटरा की वोटों की गिनती को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष सम्पन कराने के लिए आज अपर जिलाधिकारी विशाल यादव, अपर जिलाधिकारी मोलीलाल, नगर मजिस्ट्रेट रामप्रकाश, एसडीएम राजेश सिंह, तहसीलदार उरई भूपेन्द्र कुमार, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग अमित सक्सेना, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका उरई विमलापति ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया और मतगणना के लिए की गयी व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा। नगर मजिस्ट्रेट रामप्रकाश ने बताया कि जिलाधिकारी के द्वारा मीडिया सेंटर पर पानी भोजन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी चांदनी सिंह ने बताया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 में निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवार, निर्वाचक अभिकर्ता एवं गणना अभिकर्ताओं को सूचित किया गया है कि जनपद में निर्धारित मतगणना केन्द्रों पर कल प्रात: 8 बजे से मतगणना प्रारम्भ होगी। उन्होंने बताया कि मतगणना दिवस में मतगणना केन्द्रों, मतगणना हॉल में मोबाईल फोन, कैमरा, बीडी, सिगरेट, माचिस, गुटका, तम्बाकू, तरल पदार्थ व अन्य कोई डिवाइस, ज्वलनशील पदार्थ आदि ले जाना पूर्णत: वर्जित रहेगा।

# पुलिस रिपोर्ट पर आधारित हो पोलिंग एजेंट की नियुक्तिः एडीएम

**हमीरपुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश चंद्र ने बताया कि हमीरपुर, कुरारा व सुमेरपुर की मतगणना मण्डी स्थल सुमेरपुर में आठ बजे से शुरु होगी। नगर निकाय हमीरपुर की मतगणना हेतु 13 टेबिल, नगर पंचायत सुमेरपुर की मतगणना हेतु 13 टेबिल व नगर पंचायत कुरारा की मतगणना 04 टेबिलों पर करायी जायेगी। नगर निकाय राठ में 20 टेबिल व नगर निकाय मौदहा में 13 टेबिल व नगर निकाय गोहाण्ड व सरीला में 02-02 टेबिल लगायी गयी हैं। किस नगर निकाय मतदेय स्थल, बूथ की मतगणना किस टेबिल पर होगी इसका निर्धारण कर दिया गया है जनपद में कुल 750 कार्मिक रिजर्व सहित नियुक्त किये गये हैं। मतगणना कार्मिकों व प्रेस मीडिया के लिए अलग-अलग रास्ते की व्यवस्था की गयी है। मतगणना एजेण्ट व प्रेस के बैठने की समुचित व्यवस्था मतगणना स्थल पर की गयी है। एडीएम ने बताया कि विजय जुलूस नहीं निकाला जायेगा इसे पूरी तरह से प्रतिबन्धित किया गया है।

## किसके सर पर होगा ताज, किस पर गिरेगी गाज

**हमीरपुर।** जिले की नगर की सरकार का फैसला कल हो जायेगा। सौ अध्यक्ष व 730 लोगों के भाग्य का फैसला कल हो जायेगा,इस मर्तवा निकाय चुनाव बहुत की जटिल हो गया किसके सर पर ताज रखा जायेगा यह गणित लगाने में राजनीतिक विद्वान भी फेल हो रहे है। हमीरपुर नगर की सीट पर सभी की निगाहे लगी हुई है यहां पर भाजपा का आधार बोट ब्राह्मण इस मर्तवा भाजपा से नाराज प्रतीत हो रहा है। सपा प्रत्याशी के पक्ष में ब्राह्मण मतदाता जाने से लड़ाई काटे की हो गयी है वही सपा के गढ़ में निर्दलीय प्रत्याशी संजय साहू के सेंधमारी करने से सपा प्रत्याशी के माथे में चिंता की लकीरे आ रही है। इधर सुमेरपुर नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के दावेदारी में चालिस प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। जिसमे दलीय प्रत्याशी तो इतनी भीड़भाड़ में खो गये थे यहा पर भी लोगो की निगाहे लगी हुई है। मौदहा में भाजपा प्रत्याशी वाल्मीकि गोस्वामी दल के बागी प्रत्याशी से जूझ रहा है इसलिये यह सीट भी बहुत ही महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जिले में सभी प्रत्याशियों की सासे थम रही है कल नगर की सरकार का फैसला होने के कारण आज दलों के कार्यालयों में लोग चर्चाएं करते रहे।

# जातिगत समीकरणों पर टिकी पालिका अध्यक्ष पद की कुर्सी

- मुस्लिम और ब्राह्मण वोट करेंगे फैसला

संवाददाता। उरई, जालौन

**इस** बार के निकाय चुनाव में नगर पालिका अध्यक्ष पद की कुर्सी को लेकर यहां नगर में जिस तरह से जातिगत आधार पर वोटों के बंटवारे की स्थितियां जीत और हार के परिणामों को बयां कर रही हैं तो वही आम मतदाताओं में इन चुनावों को लेकर जो मंथन व्याप्त है वह भी इस ओर इशारा कर रहा है कि प्रणाम दलगत राजनीति से हटकर होंगे और इसमें खास बात यह देखने को मिलेगी कि ब्राह्मण और मुस्लिम वोट ही निर्णायक साबित होंगे। मीडिया टीम द्वारा 13 तारीख को होने वाली मतगणना के पूर्व जब आम जनमानस के बीच पहुंचकर उनकी राय ली तो जो स्थिति सामने आई वह इसी ओर इशारा कर रही है कि मुख्य प्रतिद्वंदिता बहुजन समाज पार्टी की प्रत्याशी पूर्व पालिका अध्यक्ष गिरजा चौधरी और भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा के बीच रहेगी और हार और जीत का मतांतर बमुश्किल 3 अंकों तक पहुंच सके।

## विजयी प्रत्याशी के जुलूस निकालने पर प्रतिबन्ध : एसडीएम



**राजापुर, चित्रकूट।** नगर पंचायत राजापुर में मतदान के बाद तुलसी इण्टर कॉलेज में पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच आज मतगणना का कार्य 8बजे से प्रारम्भ किया जाएगा जिसमें अध्यक्ष व सदस्य पद के लिए छः-छः टेबल लगाई गई हैं जिसमें प्रथम चक्र में एक टेबल पर पांच बूथ अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना की जाएगी और मतगणना में आरओ सहित तीन मतगणनाकर्मी लगाए गए हैं। तुलसी इण्टर कॉलेज को मतगणना स्थल बनाया गया है जिसमें उपजिलाधिकारी राजापुर ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह 8बजे से मतगणना का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा और 7बजे के पहले प्रत्याशियों के एजेंटों को बनाने का कार्य भी किया जाएगा।

## मतगणना में प्रशासन ने झोंक दी पूरी ताकत



**कालपी, जालौन।** शुक्रवार को उप जिलाधिकारी ने मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया जहां पर उन्होने सुरक्षा व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल के आसपास कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति नहीं घूमे। शुक्रवार को नायब तहसीलदार राजेश कुमार पाल के साथ उपजिलाधिकारी अभिषेक कुमार ने एम एस वी इंटर कालेज स्थित मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होने बताया मतगणना 6 राउण्ड में होगी मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू कर दी जायेगी वही मतगणना स्थल पर मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा वही मीडिया कर्मियों के लिये अलग से काउण्टर लगाया गया है प्रत्येक राउण्ड के बाद उन्हे ब्रीफकिया जायेगा इस मौके पर सुरक्षा के कडे इंतजाम किये गये है पूरा क्षेत्र सी सी टी वी की निगरानी में रहेगा।

# बांदा में अव्वल रहे गुरु राम राय स्कूल के छात्र-छात्राएं



**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा में सीबीएससी बोर्ड कक्षा 10 में गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में सर्वोच्च अंक प्राप्त करके अलौकिक सक्सेना ने टॉप किया है 93 प्रतिशत लॉकर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है तथा अपने बांदा जनपद का नाम रोशन किया है गुरु राम राय पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य श्री राजेंद्र सिंह ने बताया की हमारे विद्यालय मैं अलौकिक सक्सेना ने सबसे अच्छे अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है अभिषेक नागपाल को मिले हैं 91 प्रतिशत अंक उन्होंने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है विद्यालय में तथा तीसरा स्थान संचित शर्मा को मिले हैं 90 प्रतिशत अंक। प्रधानाचार्य सभी बच्चों को साधुवाद दिया है।

# इंटरनेशनल नर्सेज दिवस के रूप में मनाया गया नाइटिंगेल का जन्मदिन



संवाददाता। फतेहपुर

**मां** रामरती मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज में आज इंटरनेशनल नर्सेज डे मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नर्सिंग कॉलेज के चेयरमैन डॉ अशोक पटेल, विशिष्ट अतिथि श्रीमती कुसुम पटेल, डॉ जवाहरलाल, श्रीमती प्रियंका सिंह, डॉक्टर प्रतिक प्रतीक पटेल, डॉक्टर रितिका पटेल, श्रीमती जोया बानो की मौजूदगी में आज फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस को इंटरनेशनल नर्सेज डे के रूप में मनाया गया।

इस उपलक्ष में मुख्य अतिथि नर्सिंग कॉलेज के चेयरमैन ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण किया व उनके बर्थ एनिवर्सरी का केक काटा। फ्लोरेंस नाइटिंगेल के नर्सिंग के क्षेत्र में उनके किए गए योगदान एवं समर्पण के बारे में बताते हुए कहा फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने अपना संपूर्ण जीवन मरीजों और दीन दुखियों की सेवा करने में समर्पित कर दिया।

मरीजों की सेवा करते हुए वह खुद भी बीमार हो गई थी लेकिन उन्होंने अपना सेवा का नहीं छोड़ा। इसी कड़ी में संवेदना हॉस्पिटल के संचालक नितिन मिश्रा एवं डॉ श्रीमती सुमित्रा श्रीवास्तव डॉ विवेक प्रशांत के द्वारा आज इंटरनेशनल नर्सेज डे के अवसर पर हॉस्पिटल में कार्यरत सभी नर्सों का उनके उत्कर्ष कार्यों के प्रति समर्पण की भावना को देखते हुए उनका स्वागत किया गया।

# बैंडबाजे के साथ निकली भागवत शोभा यात्रा



**जालौन,** उरई। ग्राम अकोढ़ी दुबे में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। गांव में बैंड-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में श्रद्धालु भक्तिमय होकर झूमे। श्रद्धा में झूम रहे भक्तों पर ग्रामीणों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। अकोढ़ी दुबे में अध्यापक बृजलाल प्रजापति के आवास पर श्रीमद्भागवत साप्ताहिक कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा स्थल पर विधि विधान से महिलाओं ने कलश में जल भरा और उन्होंने सिर पर कलश धारण कर यात्रा का शुभारंभ किया। कथा व्यास पंडित शुभम कृष्ण शास्त्री की अगुवाई में पारीक्षित बृजलाल प्रजापति व वसंती देवी आगे सिर पर भागवत पुराण लेकर चल रहे थे। कलश यात्रा ने गांव में स्थित विभिन्न मंदिरों पर भ्रमण किया। जिस मार्ग से होकर यात्रा निकल रही थी उन मार्गों पर श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा पर फूलों की वर्षा की।

## बास्केटबॉल कोर्ट का अपर मुख्य सचिव ने किया लोकार्पण

**फतेहपुर।** बेसिक/माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने जनपद भ्रमण के दौरान नीति आयोग की प्रदत्त धनराशि से ब्लॉक बहुआ के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शाह में निर्मित बास्केटबॉल कोर्ट का फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण करके लोकार्पण किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने अपर मुख्य सचिव समेत जिलाधिकारी श्रुति का रोली, टीका कर बैंड बाजे के साथ स्वागत किया। अपर मुख्य सचिव ने बास्केटबॉल के लिए बनायी गयी टीम की छात्राओं से परिचय प्राप्त किया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में स्थापित रसोईघर, कम्प्यूटर लैब, आवासीय परिसर व स्मार्ट क्लास आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओ से स्मार्ट क्लास में प्रोजेक्टर के माध्यम से दी जा रही शिक्षा के बारे में पूँछा और अपने समक्ष स्मार्ट क्लास के अंतर्गत बनाये गए इंटरैक्टिव पैनल डेस्क बोर्ड में छात्राओ द्वारा वीडियो चलाकर, वेबसाइट चलवाकर देखा, शिक्षा की गुणवत्ता को परखा।

# पेज एक का शेष

## ज्ञानवापी मामला...

महाधिवक्ता एमसी चतुर्वेदी और मुख्य स्थाई अधिवक्ता बिपिन बिहारी पांडेय ने राज्य सरकार की ओर से कहा, यदि उस ढांचे को नुकसान पहुंचाए बगैर कार्बन डेटिंग की जा सकती है तो राज्य को इस पर कोई आपत्ति नहीं है। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय ने 4 नवंबर, 2022 को इस मामले में एएसआई से जवाब मांगा था और एएसआई महानिदेशक को अपना मत रखने का निर्देश दिया था। ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में स्थित मां श्रृंगार गौरी एवं अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना का अधिकार दिए जाने की मांग के साथ वाराणसी की जिला अदालत में एक वाद दायर किया गया था। आठ अप्रैल, 2021 को वाराणसी की अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का एक समग्र सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया था और इस सर्वेक्षण के दौरान, 16 मई, 2022 को कथित शिवलिंग पाया गया।

## कर्नाटक के...

की उम्मीद में है। इसके लिए पार्टी मोदी प्रभाव पर भरोसा जता रही है। वहीं कांग्रेस भी इस चुनाव में जीत हासिल करना चाहती है ताकि वह इसका इस्तेमाल 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में नया जोश भरने के लिए कर सके। वहीं यह भी देखा जाना बाकी है कि त्रिशंकु जनादेश की स्थिति में क्या सरकार बनाने की कुंजी पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के नेतृत्व वाली जद (एस) के पास होगी। दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने भी इस विधानसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारे थे। इसके अलावा कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में कुछ छोटे दल भी मैदान में थे।

## यूपी में...

अध्यक्ष, नगर पालिका परिषदों के 5327 सदस्य, नगर पंचायतों के 544 अध्यक्ष और नगर पंचायतों के 7178 सदस्यों के निर्वाचन के लिए चुनाव होना था। चुनाव में 17 महापौरों और।,401 पार्षदों के चुनाव के लिए मतदान हुआ था जबकि 19 पार्षद निर्विरोध चुने गए। राज्य में नगर पालिका परिषदों के 198 अध्यक्षों और 5,260 सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान हुआ। मतदाताओं ने नगर पंचायतों के 542 अध्यक्षों और नगर पंचायतों के 7,104 सदस्यों के भाग्य का फैसला करने के लिए भी मतदान किया। कुल मिलाकर, 162 जनप्रतिनिधि निर्विरोध चुने गए, जबकि 14,522 पदों के लिए 83,378 उम्मीदवार मैदान में थे। उत्तर प्रदेश में महापौर का चुनाव आगरा, झांसी, शाहजहांपुर, फिरोजाबाद, सहारनपुर, मेरठ, लखनऊ कानपुर, गाजियाबाद, वाराणसी, प्रयागराज, अलीगढ़, बरेली, मुरादाबाद, गोरखपुर, अयोध्या, मथुरा-वृंदावन नगर निगम में हुआ। राज्य चुनाव आयुक्त मनोज कुमार ने शहरी नगरीय निकाय के चुनावों के लिए अधिसूचना जारी करने की घोषणा करते हुए पहले कहा था कि राज्य में महापौरों की 17 सीटों और पार्षदों की 1,420 सीटों पर ईवीएम के माध्यम से मतदान होगा, जबकि शेष पर मतपत्र का उपयोग किया जाएगा।

## सीबीएसई की...

अधिक अंक प्राप्त करने में सफल रहे हैं। बोर्ड के मुताबिक 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों में 271 विशेष आवश्यकता वाले बच्चे (सीएसडब्ल्यूएन) हैं जबकि इसी श्रेणी के 44 बच्चों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। पिछले साल।,34,797 विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए थे और 33,432 विद्यार्थियों को 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल हुए थे। हालांकि, वर्ष 2019 (कोविड महामारी पूर्व के शैक्षणिक सत्र) में क्रमश: 90 और 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 94,299 और 17,693 थी। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, पिछले शैक्षणिक सत्र के दौरान दो भागों में परीक्षा ली गई थी और पाठ्यक्रम को महामारी के मद्देनजर एकमुश्त राहत के तहत दो टर्म में विभाजित किया गया था। इस साल, बोर्ड की परीक्षा सालाना एक टर्म के तहत हुई जैसा कि महामारी से पहले कराई जाती थी और विद्यार्थियों ने एक ही बार में पूरे पाठ्यक्रम की परीक्षा दी। उन्होंने कहा, इसलिए, महामारी के पूर्व के वर्षों से ही तुलना उचित होगा और वर्ष 2019 के मुकाबले उत्तीर्ण प्रतिशत में वृद्धि हुई है। बोर्ड के मुताबिक 10वीं कक्षा में।,95,799 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं जबकि 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 44,297 रही है। बोर्ड ने बताया कि 10वीं कक्षा में विशेष आवश्यकता वाले 278 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं और इस श्रेणी के 58 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। गौरतलब है कि पिछले साल 10वीं कक्षा में 2,36,993 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से अधिक अंक के साथ उत्तीर्ण हुए थे और 64,908 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए थे। हालांकि, वर्ष 2019 में 10वीं कक्षा के 2,25,143 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 57,256 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए थे। बोर्ड ने साथ ही घोषणा की कि अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए कोई मेधा सूची जारी नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि बोर्ड ने विद्यार्थियों के अंकों के आधार पर उन्हें प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी देने की प्रक्रिया से दूर रहने का भी फैसला किया है। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, सीबीएसई विद्यार्थियों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए कोई मेधा सूची घोषित नहीं करेगा। हालांकि, बोर्ड 0.1 प्रतिशत विद्यार्थियों को मेरिट प्रमाणपत्र जारी करेगा जिन्होंने विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंक हासिल किए हैं। नेशनल प्रोग्रेसिव स्कूल कांफ्रेंस की अध्यक्ष सुधा आचार्य ने कहा सीबीएसई बोर्ड परीक्षा केवल अर्हता परीक्षा बन गई है जबकि महाविद्यालयों में प्रवेश सीयूईटी में आने वाले अंकों के आधार पर होगा। विद्यार्थी स्कूल प्रणाली से बाहर जा रहे हैं और सीयूईटी, जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के लिए कोचिंग में प्रवेश ले रहे हैं। नेशनल प्रोग्रेसिव स्कूल कांफ्रेंस के करीब 120 निजी स्कूल सदस्य हैं। गैर अनुदानित मान्यता प्राप्त निजी स्कूल कार्य समिति के अध्यक्ष भरत अरोड़ा ने भी इसी तरह की राय रखी। उन्होंने कहा, सीयूईटी बड़ा कारण है। उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए सीयूईटी एकमात्र अर्हता होने की वजह से उच्च माध्यमिक स्तर पर स्कूली शिक्षा के उद्देश्यों से समझौता हो रहा है। सीयूईटी के कई लाभ हैं लेकिन स्कूली शिक्षा के साथ भी संतुलन बनाया जाना चाहिए। बोर्डने यह भी घोषणा की कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में बोर्ड की परीक्षा अगले साल 15 फरवरी से शुरू होंगी। सीबीएसई ने फैसला किया कि कम्पार्टमेंट परीक्षा का नाम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिश के तहत बदलकर सप्लीमेंट्री (पूरक) परीक्षा कर दी गई है। बोर्ड द्वारा विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के अंकों में सुधार के लिए और अवसर देने का भी फैसला किया गया है। बोर्ड के मुताबिक 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दो विषयों में सप्लीमेंट्री (पूरक) परीक्षा देकर अंक सुधारने का मौका मिलेगा जबकि 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को यह मौका केवल एक विषय में मिलेगा। एक अधिकारी ने बताया, जिन विद्यार्थियों को पूरक श्रेणी में रखा गया है और जो अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहते हैं, उनके लिए परीक्षा जुलाई में आयोजित की जाएगी और तारीखों की घोषणा जल्द की जाएगी। गौरतलब है कि इस साल 10वीं कक्षा में 1.34 लाख से अधिक विद्यार्थियों को पूरक श्रेणी में रखा गया है, जबकि 12वीं कक्षा में ऐसे विद्यार्थियों की संख्या 1.25 लाख से अधिक है।

## दिल्ली और...

दिल्ली सरकार के सेवा विभाग के सचिव आशीष मोरे को उनके पद से हटा दिया गया। दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सीईओ एके सिंह, मोरे का स्थान लेंगे। सिंह आईएएस के 1995 बैच एजीएमयूटी कैडर के अधिकारी हैं। उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने बृहस्पतिवार को कहा कि नौकरशाहों पर निर्वाचित सरकार का नियंत्रण होना चाहिए।

## आधुनिक जरूरतों...

होता जा रहा है क्योंकि छात्रों को अपनी पढ़ाई खत्म करने के बाद शायद ही अपना स्कूल याद रहता है। इस कम होते लगाव को पाटने के लिए, प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि स्कूल प्रबंधन को शिक्षकों और स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर हर साल उस स्कूल का स्थापना दिवस मनाना शुरू करना चाहिए और पुराने छात्रों को आमंत्रित करना चाहिए।

# सुप्रीम कोर्ट का अपने लाडले इमरान का पक्ष लेना जारी : पीएम शहबाज

**भाषा।** इस्लामाबाद

**प्रधानमंत्री शहबाज** शरीफ ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा अपने लाडले इमरान खान को दी गई राहत पर सवाल उठाया और कहा कि इसके दोहरे मानक पाकिस्तान में न्याय की मौत का कारण बने हैं। खान को बड़ी राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को नाटकीय अंदाज में की गई उनकी गिरफ्तारी को गैर कानूनी और अवैध करार दिया और उन्हें तुरंत रिहा करने के आदेश दिए। खान (70) को गत मंगलवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के बाहर गिरफ्तार किया गया था और गत बुधवार को एक अदालत ने अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में उन्हें आठ दिन की रिमांड पर राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो



(एनएबी) को सौंप दिया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख इमरान खान को मिली राहत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शरीफ ने कहा कि यह और कुछ नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय सुलह अध्यादेश (एनआरओ) है। शहबाज ने कहा, जब वह (इमरान) कल अदालत में उपस्थित थे, तो मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आप को देखकर अच्छा लगा। और उन्होंने यह भ्रष्टाचार के एक मामले में कहा। शहबाज ने शुक्रवार को संघीय कैबिनेट को संबोधित करते हुए कहा, यदि आप इस लाडले का पक्ष लेते रहना चाहते हैं, तब तो आपको देश की जेलों में बंद सभी डकैतों को भी रिहा कर देना चाहिए। सभी को इसका लाभ मिले।

## इमरान और उनकी पार्टी पाकिस्तान को विनाश की ओर धकेल रहे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज खान ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी को झूठा करार दिया और उन पर नकदी संकट से गुजर रहे देश को विनाश की ओर धकेलने का आरोप लगाया। इमरान खान जब भ्रष्टाचार के एक मामले में जमानत के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष पेश हो रहे थे, उसी समय अपने मंत्रिमंडल को संबोधित करते हुए शरीफ ने खान के शासनकाल में उनकी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेताओ के जेल भेजे जाने पर साधी गई चुप्पी को लेकर अदालतो पर सवाल उठाया। उन्होने सवाल किया, क्या उन्होंने (अदालतो ने) संज्ञान लिया था जब हमें जेल भेजा जा रहा था? पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी प्रमुख खान के उस दावे को झूठ करार दिया जिसके मुताबिक अमेरिका समर्थित साजिश के तहत उन्हे सत्ता से बेदखल किया गया था। पीएमएल-एन अध्यक्ष शरीफ ने कहा कि पीटीआई अध्यक्ष खान और उनकी पार्टी झूठी है और पाकिस्तान को विनाश की ओर धकेल रही है।

# पाकिस्तान में हालात पर अमेरिका की करीबी नजर : बाइडन प्रशासन



**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका, पाकिस्तान में करीब से नजर रखता रहेगा। उसने इस बात को दोहराया कि वह किसी एक के पक्ष में नहीं है। अमेरिकी प्रशासन की यह टिप्पणी भ्रष्टाचार के एक मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद आई है, जिसके कारण देश के मुख्य शहरों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए और अनियंत्रित समर्थकों को रोकने के लिए सेना को बुलाया गया। विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने पत्रकारों से कहा, हम पाकिस्तान में स्थिति की बारीकी से निगरानी करते रहेंगे और जैसा कि अमेरिका ने पहले कहा है कि हम किसी एक के पक्ष में नहीं है। हम एक सुरक्षित और समृद्ध पाकिस्तान के पक्ष में है। यही अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों के हित में है और हम दुनिया भर में लोकतांत्रिक सिद्धांतों और कानून के शासन का सम्मान करने का आह्वान करते हैं। अमेरिका का कोई पसंदीदा उम्मीदवार या पसंदीदा राजनीतिक दल नहीं है और यह सिर्फ पाकिस्तान में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में किसी भी सरकारी तंत्र से संबंधित है। एक समृद्ध और मजबूत, लोकतांत्रिक पाकिस्तान अमेरिकी हितों के लिए महत्वपूर्ण है। यह कभी नहीं बदलेगा। पटेल ने एक सवाल के जवाब में कहा, इनमें से कुछ क्षेत्रों जैसे कि प्रेस की स्वतंत्रता, मानवाधिकार, उसी प्रकृति की अन्य चीजों की बात करें तो हमने न केवल पाकिस्तान में बल्कि अन्य देशों में भी अपने समकक्षों के साथ इन मुद्दों को उठाया है, क्योंकि इनके संदर्भ में हमारा अपना दृष्टिकोण है।

## क्विक न्यूज

### अमेरिका जासूसी गुब्बारे से आगे बढ़ना चाहता है : जेक सुलिवन

**वाशिंगटन।** ह्वाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने इस हफ्ते वियना में एक वार्ता के दौरान चीनी विदेशी नीति के वरिष्ठ सलाहकार वांग ई से कहा कि बाइडन प्रशासन अमेरिका में घुसे चीन जासूसी गुब्बारे को उनके देश द्वारा मार गिराए जाने के कारण उत्पन्न तनाव से आगे बढ़ने पर विचार कर रहा है। दोनों ने पक्षों ने माना कि फरवरी की घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी और अब संवाद का एक मानक और सामान्य चैनल फिर से बहाल करने पर विचार कर रहे हैं। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। ऑस्ट्रिया की राजधानी में बुधवार और बृहस्पतिवार की उच्च स्तरीय वार्ता से पहले इस बैठक को वाशिंगटन या बीजिंग द्वारा सार्वजनिक नहीं किया गया था। व्हाइट हाउस की ओर से इसे व्यापक दायरे वाली वार्ता करार दिया गया जिसमें दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के साथ आठ घंटे से अधिक समय तक बातचीत की। बाइडन प्रशासन के अधिकारी ने नाम नहीं सार्वजनिक करने की शर्त पर संवाददाताओं से कहा कि दोनों पक्षों ने माना कि फरवरी की घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी और अब संवाद का मानक और सामान्य चैनल फिर से बहाल करने पर विचार कर रहे हैं। इस तरह के कई संकेत मिले हैं कि विश्व की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तनाव कम हो सकता है और इस शृंखला में यह वार्ता एक ताजा संकेत है। चीन और अमेरिका के बीच राजनीतिक और सैन्य प्रतिस्पर्धा गहराने को लेकर कई अमेरिकी अधिकारी और विश्लेषक इस बात को लेकर चिंतित हैं कि भरोसेमंद संकट संवाद के अभाव से दोनों देशों के बीच छोटा-मोटा गतिरोध भी बड़ी शत्रुता में बदल सकता है।

### संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार संस्था ने सूडान में मानवाधिकार उल्लंघन पर प्रस्ताव पारित किया

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष मानवाधिकार संस्था ने सूडान में पिछले एक महीने से दो शीर्ष जनरल के बीच जारी संघर्ष के बाद से अफ्रीकी देश में नागरिकों की मौत के बढ़ते मामलों और मानवाधिकार उल्लंघन के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को एक प्रस्ताव पारित किया। सूडान में हिंसा के कारण नागरिकों समेत अब तक 600 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। यह संघर्ष अशांत दारफुर प्रांत समेत अन्य क्षेत्रों तक भी फैल चुका है। संयुक्त मानवाधिकार परिषद में 47 सदस्य देश हैं और इस प्रस्ताव के पक्ष में 18 देशों ने वोट किया जबकि 15 देश इसके खिलाफ रहे और 14 अन्य देशों ने मतदान से परहेज किया। इस प्रस्ताव का उद्देश्य सूडान में 15 अप्रैल के बाद से जारी मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों की पड़ताल करना है। सूडान की सेना के जनरल अब्देल फतह बुरहान और अर्द्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेस (आरएसएफ) की कमान संभालने वाले जनरल मोहम्मद हमदान डगालो के बीच सत्ता संघर्ष के नतीजतन देश में संघर्ष शुरू हुआ था। अरब और सूडान समेत अफ्रीकी देशों ने संयुक्त राष्ट्र के इस प्रस्ताव का विरोध किया और इसे सऊदी अरब में जारी वार्ता के मध्य एक संभावित बाधक बताया। अधिकांश पश्चिमी देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया और यूरोप एवं अमेरिका मसौदा प्रस्ताव के सह-प्रायोजक थे। दिन के आखिर में अमेरिकी विदेश विभाग ने घोषणा की कि दोनों सेनाओं के प्रतिनिधियों ने एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करते हुए नागरिकों की आपातकालीन जरूरतों को पूरा करने के वास्ते मानवीय कार्वाई विधाजनक बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारियों को समझा है। बयान में कहा गया है कि वार्ता अब मानवाधिकार प्रयासों में मदद के लिए तकरीबन 10 दिन तक एक प्रभावी संघर्ष विराम स्थापनित करने पर केंद्रित रहेगी।

### कैलिफोर्निया प्रांत में जाति आधारित भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने वाला विधेयक पारित

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कैलिफोर्निया स्टेट सीनेट ने जाति आधारित भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने के वास्ते बृहस्पतिवार को एक विधेयक पारित किया। इस विधेयक को एक के मुकाबले 34 मतों से पारित किया गया। इससे कैलिफोर्निया अमेरिका का पहला प्रांत बन जाएगा जो अपने भेदभाव रोधी विधेयकों में जाति की श्रेणी भी जोड़ेगा। इस विधेयक को पेश करने वाले लोगों ने बताया कि राज्य की प्रतिनिधि सभा में भी ऐसा ही एक विधेयक पेश किया जा रहा है जिसके बाद इसे कानून का रूप देने के लिए गवर्नर के पास हस्ताक्षर के वास्ते भेजा जाएगा। कैलिफोर्निया की सीनेटर आयशा वहाब द्वारा पेश किया विधेयक एसबी 403 एक मौजूदा कानून में जाति को संरक्षित श्रेणी के रूप में जोड़ता है। यह कानून कैलिफोर्निया प्रांत के सभी लोगों को सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में रहने, लाभ, सुविधाओं, विशेषाधिकारों या सेवाओं में एक समान अधिकार देता है। सीएटल काउंसिल की सदस्य क्षमा सावंत ने कैलिफोर्निया स्टेट सीनेट द्वारा एसबी 403 पारित करने का स्वागत किया। सावंत की सीएटल में जातिगत भेदभाव रोधी कानून पारित करने में अहम भूमिका है।

### कैलिफोर्निया में जाति आधारित भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने वाला विधेयक पारित

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कैलिफोर्निया स्टेट सीनेट ने जाति आधारित भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने के वास्ते बृहस्पतिवार को एक विधेयक पारित किया। इस ऐतिहासिक कदम से अमेरिका की सबसे घनी आबादी वाला कैलिफोर्निया जाति आधारित भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। कैलिफोर्निया की सीनेटर आयशा वहाब द्वारा पेश इस विधेयक को एक के मुकाबले 34 मतों से पारित किया गया। वहाब कैलिफोर्निया सीनेट में निर्वाचित पहली मुस्लिम और अफगान अमेरिकी नागरिक हैं। इस विधेयक को पेश करने वाले लोगों ने बताया कि राज्य की प्रतिनिधि सभा में भी ऐसा ही एक विधेयक पेश किया जा रहा है जिसके बाद इसे कानून का रूप देने के लिए गवर्नर के पास हस्ताक्षर के वास्ते भेजा जाएगा। विधेयक एसबी 403 एक मौजूदा कानून में जाति को संरक्षित श्रेणी के रूप में जोड़ता है। यह कानून कैलिफोर्निया प्रांत के सभी लोगों को सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में रहने, लाभ, सुविधाओं, विशेषाधिकारों या सेवाओं में एक समान अधिकार देता है। सिएटल काउंसिल की सदस्य क्षमा सावंत ने कैलिफोर्निया स्टेट सीनेट द्वारा एसबी 403 पारित करने का स्वागत किया।

### लिबिया में युद्ध अपराधों के लिए चार के खिलाफ वारंट जारी किए

**संयुक्त राष्ट्र।** अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के अभियोजकों ने बृहस्पतिवार को कहा कि न्यायाधीशो ने लिबिया में कथित युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराध की जांच के बाद चार लोगों के खिलाफ वारंट जारी किया है। आईसीसी के अभियोजक ने यह जानकारी दी। अभियोजक करीम खान ने यह भी कहा कि हाल में दो अन्य अतिरिक्त वारंट के लिए भी अर्जी दायर की गई है। उन्होने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि उन्होंने चार नए गिरफ्तारी वारंटो पर कार्वाई के लिए अदालत के स्वतंत्र न्यायाधीशों के पास आवेदन किया है और वे उचित समय पर निर्णय लेंगे। खान ने इन वारंट को मानवाधिकारो और पीड़ितों के अधिकारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण लेकिन पहला कदम बताया। सुरक्षा परिषद ने कथित युद्ध अपराधो और मानवता के खिलाफ अपराधों की जांच शुरू करने के लिए फरवरी 2011 में लीबिया का मामला नीदरलैंड के हेग स्थित आईसीसी को सर्वसम्मति से भेजा था। उस समय प्रदर्शनकारियों पर मोहम्मद गद्दाफी की क्रूर कार्वाई के बाद यह मामला आईसीसी मे भेजा गया था। यह विद्रोह बाद में नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) समर्थित अक्टूबर 2011 में गद्दाफी को पकड़ने और उसकी मौत का कारण बना।

### माली के गांव में पिछले साल हुए नरसंहार में कम से कम 500 लोग मारे गए थे

**डकार (सेनेगल)।** संयुक्त राष्ट्र ने शुक्रवार को कहा कि विदेशी सैनिकों के सहयोग से माली के सुरक्षा बलो ने एक गांव मे पिछले साल कुछ ही दिनों के भीतर कम से कम 500 लोगो की हत्या कर दी थी। इस घटना को पहले से ही माली मे चरमपंथियो के खिलाफ दशक भर से चल रहे युद्ध में एक दिन में किया गया सबसे बड़ा अत्याचार कहा जाता है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने मध्य माली के मोउरा गांव मे पांच दिनों तक हुई हिंसा के बारे मे विस्तृत रिपोर्ट दी है और कहा है कि इस दौरान कम से कम 500 लोगो की हत्या की गई थी। इससे पहले ह्यूमन राइट्स वाच ने मरने वालों की संख्या 300 बताई थी। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार मामलों के उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने रिपोर्ट के तथ्यो को बेहद परेशान करने वाला बताया है। सशस्त्र संघर्ष के दौरान हत्याएं, बलात्कार और प्रताड़ना युद्ध अपराध के समान है और परिस्थितियो के आधार पर यह मानवता के खिलाफ अपराध के समान है।

### यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की यूरोविजन गीत प्रतियोगिता कार्यक्रम को संबोधित नहीं करेंगे

**लिवरपूल।** इस सप्ताह के अंत में होने वाली यूरोविजन गीत प्रतियोगिता में यूक्रेनी झंडे, यूक्रेनी संगीतकार और यूक्रेनी प्रशंसक शामिल होंगे, लेकिन देश के युद्धकालीन नेता शामिल नही होंगे। आयोजकों का कहना है कि उन्होंने शनिवार को संगीत प्रतियोगिता के फाइनल में एक वीडियो संबोधन के यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। राष्ट्रीय सार्वजनिक प्रसारकों का एक समूह यूरोपीय ब्रॉडकास्टिंग यूनियन यूरोविजन का संचालन करता है। इस समूह ने कहा कि जेलेंस्की के भाग लेने से कार्यक्रम गैर-राजनीतिक नही रह जाएगा। समूह ने कहा कि जेलेंस्की ने यूरोविजन गीत प्रतियोगिता में दर्शकों को संबोधित करने का फैसला सही इरादों से लिया था, लेकिन खेदजनक रूप से यूरोपीय ब्रॉडकास्टिंग यूनियन प्रबंधन द्वारा उन्हें अनुमति नही दी जा सकती क्योंकि ऐसा करना नियमों के विरुद्ध होगा। जेलेंस्की के प्रवक्ता सर्गी न्यकिफोरोव ने इस बात से इनकार किया कि राष्ट्रपति ने उस कार्यक्रम में बोलने के लिए कहा था, जिसे अनुमानित तौर पर 16 करोड़ लोग देखेंगे।

### आस्ट्रेलिया: सिडनी में खालिस्तान दुष्प्रचार कार्यक्रम सुरक्षा कारणों से रद्द

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के प्रमुख शहर सिडनी की एक नगर परिषद ने अगले महीने प्रस्तावित खालिस्तान दुष्प्रचार कार्यक्रम को सुरक्षा कारणों से रद्द कर दिया। मीडिया में शुक्रवार को आई खबरों में यह जानकारी दी गई। द ऑस्ट्रेलिया टुडे अखबार ने खबर में कहा है कि सुरक्षा एजेंसियों की सलाह पर कार्वाई करते हुए ब्लैकटाउन सिटी में सिख फॉर जस्टिस समूह को कार्यक्रम के लिए दी गई अनुमति नगर परिषद ने वापस ले ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 24 मई को क्वाड सम्मेलन में शिरकत के लिए सिडनी की यात्रा का कार्यक्रम है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस इसकी मेजबानी करेंगे। नगर परिषद ने एक बयान में कहा है, परिषद ने आज सुबह इस बुकिंग को रद्द कर दिया है, क्योंकि यह परिषद की नीति के विरुद्ध है। बयान के अनुसार शहर में लगे कार्यक्रम के बैनर और पोस्टर को अनुमति के अभाव में हटा दिया गया है। खबर में कहा गया है कि विक्टोरिया स्थित समूह के खिलाफ जांच भी जारी है। खबर में इस मामले से संबंधित एक अधिकारी के हवाले से कहा गया है।

# इजराइल ने गाजा पट्टी में हवाई हमले किए



**भाषा।** गाजा सिटी

**इजराइली** बलों और फलस्तीनी आतंकवादियों के बीच महीनों से जारी हिंसक संघर्ष शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। इजराइली युद्धक विमानों ने जहां गाजा पट्टी में आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया तो वहीं आतंकवादियों ने इजराइल पर दनादन रॉकेट दागे। इस बीच, विदेशी मध्यस्थों द्वारा दोनों पक्षों के बीच संघर्षविराम के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। शुक्रवार को दोनों ओर से किए गए हमलों में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। इजराइली हवाई हमले में बृहस्पतिवार को गाजा पट्टी में दो और आतंकी कमांडर मारे गए थे और इसके साथ ही हालिया संघर्ष में अब तक फलस्तीनी पक्ष के 31 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, फलस्तीन की तरफ से दागे गए रॉकेट से इजराइल में 70 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। ताजा संघर्ष में किसी इजराइली नागरिक की मौत का यह पहला मामला है। इजरायली सेना ने कहा कि उसके युद्धक विमानों ने आतंकी समूह इस्लामिक जिहाद के रॉकेट दागे जाने के ठिकानों पर हमला किया। गाजा के निवासियों ने राफा शहर के पास खेतों में विस्फोट की जानकारी दी। शुक्रवार को फलस्तीन की तरफ से कई रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइल की दक्षिणी सीमा पर सतर्कता सायरन बजाए गए। इससे मिस्र, कतर और संयुक्त राष्ट्र की तरफ से संघर्षविराम के प्रयासों को झटका लगा है।

● **फलस्तीनी आतंकियों ने इजराइल में रॉकेट दागे**

## मोदी की मेजबानी करने के लिए उत्साहित है अमेरिका : बाइडन प्रशासन

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका जून** में राजकीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मेजबानी करने को लेकर उत्साहित है और इस दौरान उनसे व्यापार तथा जलवायु से जुड़े मुद्दों पर बातचीत होने की संभावना है। विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने बृहस्पतिवार को अपने नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम आगामी राजकीय यात्रा पर प्रधानमंत्री मोदी और भारत सरकार के सदस्यों की मेजबानी करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका की भारत के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी है। उन्होंने कहा, हम इस साझेदारी को और गहरा बनाने के लिए कदम उठाना जारी रखने की उम्मीद करते हैं। पटेल ने एक सवाल के जवाब में कहा, यह आगामी राजकीय यात्रा जलवायु संकट, व्यापार के मुद्दों पर बातचीत करने, हमारे सुरक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने तथा कई और क्षेत्रों पर बातचीत करने समेत कई साझा प्राथमिकताओं के बारे में चर्चा करने का अवसर होगी।

# जब राष्ट्र समझौतों का उल्लंघन करते हैं, तो भरोसे को भारी नुकसान पहुंचता है : जयशंकर



**भाषा।** ढाका

**चीन पर परोक्ष** हमला बोलते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि जब राष्ट्र कानूनी दायित्वों की अवहेलना या लंबे समय से चले आ रहे समझौतों का उल्लंघन करते हैं, तो भरोसे को भारी नुकसान पहुंचता है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आयोजित हिंद महासागर सम्मेलन के छठे संस्करण को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण साझा चिंता गैर-व्यवहार्य परियोजनाओं द्वारा उत्पन्न ऋण है। चीन द्वारा भारत के साथ सीमा समझौते के उल्लंघन के स्पष्ट संदर्भ में उन्होंने कहा, जब राष्ट्र कानूनी दायित्वों की अवहेलना या लंबे समय से चले आ रहे समझौतों का उल्लंघन करते हैं। जैसा कि हमने देखा है कि इससे भरोसे को भारी नुकसान पहुंचता है। भारत पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन द्वारा बड़ी संख्या में सैनिकों की तैनाती और उसके आक्रामक व्यवहार की आलोचना करता रहा है, जो सीमा संबंधी समझौते का उल्लंघन है। जयशंकर ने कहा, पिछले दो दशकों के कुछ सबक हैं, जिन्हें हम अपने जोखिम पर अनदेखा करते हैं।

# बांग्लादेश, म्यांमा भीषण चक्रवात से निपटने के लिए तैयार

● **तटीय इलाकों से हजारों को हटाया गया**

**भाषा।** ढाका



**बांग्लादेश** और म्यांमा में अधिकारियों ने शुक्रवार को तटीय इलाकों से हजारों लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न शक्तिशाली चक्रवाती तूफान मोखा के मद्देनजर उन्हें तटीय इलाकों से दूर रहने की चेतावनी दी है। भारत के मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि रविवार को 160 किलोमीटर प्रति घंटे और बांग्लादेश के कॉक्स बाजार तथा म्यांमा में क्यौकप्यू के बीच 175 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। बांग्लादेश 16 करोड़ लोगों की आबादी वाला देश है जहां बाढ़ एवं चक्रवातों जैसी प्राकृतिक आपदाएं अक्सर आती हैं। बांग्लादेश सरकार के प्रशासक मुहम्मद शाहीन इमरान ने कहा कि चक्रवात के मद्देनजर शनिवार को करीब 500,000 लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाए जाने की संभावना है और प्रभावित लोगों के लिए 576 शिविर बनाए गए हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग में वरिष्ठ वैज्ञानिक राजेंद्र कुमार जेनामणि ने कहा, उत्तर हिंद महासागर से उठा इस साल यह पहला चक्रवात है। उन्होंने कहा, यह चक्रवात भीषण है और इससे लाखों मछुआरों एवं तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों के प्रभावित होने की आशंका है। मई 2008 में चक्रवात नरगिस से म्यांमा का दक्षिण पश्चिम अय्यरवाडी या इरावडी क्षेत्र प्रभावित हुआ था और इरावडी नदी तट के आसपास के इलाकों में भारी तबाही मची थी।

इस आपदा के कारण कम से कम

# टिक्टॉक पर ई-सिगरेट का स्वीकार्य के तौर पर प्रचार

● **मनोरंजन, सुरक्षित तथा सामाजिक रूप से बढ़ावा देने का विचार**

**भाषा।** पर्थ ( ऑस्ट्रेलिया )

**इंस्टाग्राम**, टिकटॉक और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया मंच ई-सिगरेट को सकारात्मक तरीके से दिखाते हैं। यह इसे ऐसे दिखाते हैं जैसे ई-सिगरेट का इस्तेमाल आम है और इसे सामाजिक रूप से स्वीकार कर लिया गया है। ऑस्ट्रेलिया में पारंपरिक तंबाकू के विज्ञापन पर दशकों से प्रतिबंध लगा हुआ है। हालांकि, सोशल मीडिया पर ई-सिगरेट का व्यापक रूप से प्रचार किया जाता है। कुछ मंचों की कंटेंट नीतियां हैं जिसके तहत तंबाकू उत्पाद के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की मनाही है। लेकिन इस सप्ताह प्रकाशित हमारे नए अध्ययन से पता चलता है कि इन नीतियों का नियमित रूप से उल्लंघन किया जाता है। सकारात्मक वीडियो से बढ़ रहा है ई-सिगरेट का चलन : ऑस्ट्रेलिया समेत अन्य देशों के युवाओं में ई-सिगरेट का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। ई-सिगरेट को लेकर सोशल मीडिया पर सकारात्मक संदेशों का युवाओं पर असर पड़ सकता है जो सोशल मीडिया का सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। कुछ मामलों में इन संदेशों को खुले तौर पर किशोरों को लक्षित करके भी दिखाया गया। अनुसंधान से पता चलता है कि सोशल मीडिया पर ई-सिगरेट से जुड़े पोस्ट देखने वाले युवाओं के वैपिंग करने (सिगरेट का धुआं अंदर खींचने) तथा ई-सिगरेट को सकारात्मक तरीके से देखने की अधिक आशंका होती है। कंटेंट नीति का उल्लंघन करने वाले वीडियो में अक्सर यह जानकारियां भी दी गईं कि ई-सिगरेट उत्पादों को कैसे और कहां से खरीदा जा सकता है। इसमें ऑनलाइन रिटेलर तथा अन्य सोशल मीडिया खातों के लिंक भी उपलब्ध कराए गए। तो क्या होना चाहिए? हम कंटेंट नीति बनाने और उसे लागू करने के लिए सोशल मीडिया मंचों पर निर्भर नहीं रह सकते। सोशल मीडिया नीतियों का अक्सर उल्लंघन किया जाता है और इसमें कोई बड़े परिणाम भी नहीं होते। नीतियों के क्रियान्वयन पर जोर देने की आवश्यकता है। इसमें सोशल मीडिया मंचों को यह बताना अनिवार्य होना चाहिए कि वे नियमों का क्रियान्वयन कैसे सुनिश्चित कर रहे हैं। टिकटॉक पर ई-सिगरेट समर्थक सामग्री के प्रचार पर रोक लगाने के लिए मौजूदा नीतियां अपर्याप्त हैं।

## तरकीबों पर जोर और नुकसान को कम करता है :

हाल मे प्रकाशित हमारे अध्ययन मे हमने देखा कि टिकटॉक पर किन तरीको से ई-सिगरेट का विज्ञापन तथा प्रचार किया जा रहा है। हमने ई-सिगरेट की उपयोगकर्ता द्वारा बनाए गए अंग्रेजी भाषा के 264 वीडियो का विश्लेषण किया और फरवरी 2022 में टिकटॉक की अपनी कंटेंट नीति के खिलाफ उनका मूल्यांकन किया। हमने पाया कि ज्यादातर वीडियो (98 प्रतिशत) मे ई-सिगरेट को सकारात्मक रूप से दिखाया गया। एक चौथाई से अधिक वीडियो ने साफ तौर पर टिकटॉक की कंटेंट नीति का उल्लंघन किया और वैपिंग उत्पादो को खरीदने के लिए बढ़ावा दिया। कुछेक वीडियो मे ही स्वास्थ्य संबंधी चेतावनियां थी। केवल दो प्रतिशत पोस्ट में ही वैप या निकोटिन की लत बताया गया। लोकप्रिय पोस्ट्स मे वैप तरकीबे या ट्रिक्स बताई गई (जैसे कि एरोसोल का धुआं छोड़ने पर आकृतियां बनाना)। अध्ययन से पता चलता है कि किशोर अक्सर वैपिंग ट्रिक्स को आजमाने के लिए ई-सिगरेट पीना शुरू कर देते है।



# चीन शांति के प्रयासों के तहत अपना विशेष दूत यूक्रेन और रूस भेजेगा

**भाषा।** बीजिंग

**चीन, यूक्रेन** संकट का राजनीतिक समाधान निकालने में मदद करने के वास्ते अगले सप्ताह अपना विशेष दूत यूक्रेन और रूस भेज रहा है। यह जानकारी चीन के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को दी। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बताया कि चीन के यूरेशिया मामलों के विशेष दूत और मॉस्को में उसके पूर्व राजदूत रह चुके ली हुई पोलैंड, फ्रांस और जर्मनी की यात्रा भी करेंगे। चीन का कहना है कि यूक्रेन युद्ध को लेकर उसका रुख तटस्थता का रहा है लेकिन उसने साथ ही घोषणा की है कि रूस के साथ संबंधों की उसकी कोई सीमा नहीं है। चीन ने साथ ही संघर्ष को उकसाने के लिए अमेरिका और नाटो को जिम्मेदार ठहराया है। गौरतलब है कि चीन ने यूक्रेन में संघर्ष को समाप्त करने के लिए शांति योजना की पेशकश की थी जिसे यूक्रेन के समर्थक देशों ने खारिज कर दिया है। यूक्रेन समर्थक पश्चिमी देशों का कहना है कि इस मुद्दे का समाधान तभी हो सकता है जब रूस हमलों को रोके और अपने सैनिकों को यूक्रेन के इलाके से वापस बुलाए। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पिछले महीने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर बात की थी। वांग ने शुक्रवार को अपने दैनिक मीडिया संबोधन में कहा, चीनी प्रतिनिधि प्रासंगिक देशों की यात्रा बीजिंग की शांति और वार्ता को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को जाहिर करने के लिए करेंगे उन्होंने कहा कि चीन की इच्छा स्थिति को बिगड़ने से रोकने की है। वांग के मुताबिक ली की अगले सप्ताह से यूरोप यात्रा शुरू होगी। हालांकि, उनके कार्यक्रम की जानकारी नहीं दी गई है।

## रूस को हथियार देने के आरोपों को लेकर दक्षिण अफ्रीका ने अमेरिकी राजदूत को तलब किया

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले लगाए गए आरोपों को लेकर अमेरिकी राजदूत को शुक्रवार को तलब किया। अमेरिकी राजदूत ने आरोप लगाया था कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध लड़ रहे रूस को दक्षिण अफ्रीका ने हथियार और गोला-बारूद मुहैया कराए थे। संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर जारी राजनयिक घटनाक्रम के बीच दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री नालेदी पंडोर अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से बात करेंगे। पंडोर दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय संबंध और सहयोग विभाग (प्रभावी रूप से विदेश मंत्रालय) के साथ बात करेंगे। अमेरिकी राजदूत रूबेन ब्रिगेटी ने कहा था कि दक्षिण अफ्रीका ने पिछले साल दिसंबर में केप टाउन शहर के पास साइमन टाउन नौसैनिक अड्डे में एक रूसी पोत पर हथियार और गोला-बारूद लादा।

# उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु बंगाल सरकार से मांगा जवाब

## ● द केरल स्टोरी का नहीं दिखाया जाने पर सवाल

भाषा। नई दिल्ली




**उच्चतम न्यायालय** ने शुक्रवार को फिल्म द केरल स्टोरी के निर्माताओं की ओर से दायर उस याचिका पर पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सरकार से जवाब मांगा जिसमें कहा गया है कि इन दोनों राज्यों के सिनेमाघरों में उनकी फिल्म नहीं दिखाई जा रही है। पश्चिम बंगाल सरकार ने सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने के तीन दिन बाद इस फिल्म पर प्रतिबंध लगा दिया। तमिलनाडु ने फिल्म पर प्रतिबंध नहीं लगाया है, लेकिन सुरक्षा कारण से फिल्म को सिनेमाघरों से हटा लिया गया है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार से सवाल करते हुए कहा कि फिल्म को देश के बाकी हिस्सों में बिना किसी समस्या के प्रदर्शित किया जा रहा है और इस पर प्रतिबंध लगाने का कोई कारण नहीं दिख रहा।

पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कहा, देश के बाकी हिस्सों में फिल्म दिखाई जा रही है जिसमें वे राज्य भी शामिल हैं जिनकी जनसांख्यिकीय संरचना समान है और वहां कुछ नहीं हुआ। इसका फिल्म के कलात्मक मूल्य से कुछ नहीं लेना–देना है। यदि लोग फिल्म को नहीं पसंद करते, तो वे फिल्म को नहीं देखेंगे।

सिंघवी ने कहा कि खुफिया जानकारी के मुताबिक, यहां कानून–व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है और विभिन्न समुदायों के बीच शांति भंग हो सकती है। पीठ ने तमिलनाडु सरकार से कहा कि वह फिल्म द केरल स्टोरी का प्रदर्शन करने वाले सिनेमाघरों को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में स्पष्ट करे। पीठ ने तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता अमित आनंद तिवारी से कहा, राज्य सरकार नहीं कह सकती कि जब सिनेमाघरों पर हमला किया जाता है और कुर्सियों को जलाया जाता है, तो वह मुंह मोड़ लेगी। फिल्म के निर्माताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने कहा कि तमिलनाडु में वास्तव में पाबंदी लगाई गई है क्योंकि फिल्म का प्रदर्शन करने वाले सिनेमाघरों को धमकी दी जा रही है और उन्होंने इसका प्रदर्शन बंद कर दिया है। साल्वे ने कहा, पश्चिम बंगाल को लेकर हम अनुरोध करते हैं कि पाबंदी लगाने के आदेश को रद्द किया जाए। पीठ ने कहा, हम दोनों राज्यों को नोटिस जारी कर रहे हैं और वे अपना जवाब बुधवार तक दाखिल कर सकते हैं। हम इस मामले पर बृहस्पतिवार को विचार करेंगे।

द केरल स्टोरी का निर्देशन सुदिप्तो सेन ने किया है और इसे गत पांच मई से सिनेमाघरों में प्रदर्शित किया जा रहा है। फिल्म में दावा किया गया है कि केरल की महिलाओं को इस्लाम अपनाने के लिए बाध्य किया गया और आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) द्वारा उनकी अपने संगठन में भर्ती की गई। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आठ मई को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घृणा और हिंसा की किसी भी घटना से बचने के लिए राज्य में फिल्म के प्रदर्शन पर तत्काल प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार करने के केरल उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ एक अलग याचिका पर सुनवाई 15 मई को करेगी और उसी दिन नई याचिका पर भी सुनवाई की जाएगी। पांच मई को उच्च न्यायालय ने फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था और कहा था कि फिल्म के ट्रेलर में किसी समुदाय विशेष के खिलाफ कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है।

उच्च न्यायालय ने निर्माताओं की उस दलील का जिक्र किया था कि वे अपमानजनक टीजर को बनाए रखने के इच्छुक नहीं हैं जिसमें एक बयान है कि केरल की 32,000 महिलाओं को मतांतरित किया गया और आतंकवादी संगठन में शामिल हुईं। यह भी कहा गया कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने फिल्म की समीक्षा करने के बाद पाया कि यह सार्वजनिक प्रदर्शन के लिहाज से उपयुक्त है। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा था कि निर्माताओं ने फिल्म के साथ एक डिस्क्लेमर प्रकाशित किया जिसमें विशेष रूप से कहा गया है कि यह घटनाओं का फंतासीयुक्त और नाटकीय रूपांतरण है और फिल्म सटीकता का दावा नहीं करती है।

## बिरला समूह को मिला सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड्स

**नई दिल्ली।** बिरला कॉर्पोरेशन लि., एमपी बिरला समूह की प्रमुख कंपनी को सीआईआई द्वारा स्थापित 2022 के लिए 17वें सीआईआई–आईटीसी सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड्स में कॉर्पोरेट एक्सीलेंस में महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए कमेंडेशन (प्रशस्ति पत्र) प्राप्त हुआ है। कंपनी प्रबंधन को यह अवॉर्ड 10 मई 2023 को नई दिल्ली में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी द्वारा प्रदान किया गया। बिरला कॉर्पोरेशन लि. के प्रबंध निदेशक और सीईओ संदीप घोष ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस पुरस्कार ने सस्टेनेबल बिजनेस (सतत व्यवसाय) में एक्सीलेंस की दिशा में कंपनी के व्यापक दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया है। हमारे ग्रह पृथ्वी के दीर्घकालिक अस्तित्व के लिए मजबूत सस्टेनेबल मानकों का निर्माण आवश्यक है। इसलिए, इंडस्ट्री ने सभी संभावित सस्टेनेबल आयामों को कॉर्पोरेट स्ट्रेटजी और बिजनेस प्रोसेस और प्रेक्टिसिज में गहराई से शामिल किया गया है।

# पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र कोमा में: जेपी नड्डा

भाषा। नई दिल्ली




**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र नाम की कोई चीज बची नहीं है, बल्कि यह कहना सही होगा कि वहां लोकतंत्र कोमा (अचेतन अवस्था) में चला गया है। नड्डा ने यह बात डेमोक्रेसी इन कोमा: साइलेंस्ड वायसेस आफ वूमन विक्टिम्स इन बंगाल के विमोचन के बाद अपने संबोधन में कही।

तृणमूल कांग्रेस शासित पश्चिम बंगाल में अपराध और विभिन्न राजनीतिक हत्याओं सहित कई अन्य घटनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, "बंगाल में लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं है। यह कहना बिल्कुल सही है कि बंगाल में लोकतंत्र कोमा में है"। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को जागरूक करने और बंगाल के गौरव को स्थापित करना की जरूरत पर बल दिया। हम बंगाल में बदले की बात नहीं करते, बदलाव की बात करते हैं। वहां बदलाव चाहिए और आप सबकी ताकत से हम बदलाव कर सकते हैं। पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रमुख विपक्षी दल बनने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को यह पसंद नहीं आया कि केंद्र की सत्ताधारी पार्टी बंगाल में इतनी तेजी से कैसे आगे बढ़ रही है। यह ममता बनर्जी पचा नहीं पाई और उन्होंने हमले करना शुरू कर दिया। जब उन्होंने मुझे नहीं बख्शा तो आम आदमी के साथ क्या व्यवहार करते होंगे, आप समझ सकते हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान पर खुद पर हुए एक कथित हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, "जब चुनाव प्रचार शुरू हुआ तो पहले दिन पहला हमला मुझ पर हुआ, जब मैं डायमंड हार्बर जा रहा था। यह एक ठंडे खून वाली गतिविधि थी"। उन्होंने कहा कि एक तरफ भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है वहीं दूसरी ओर ममता बनर्जी की कार्यशैली विपक्ष को चुप कराने की है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई विरोध न हो। नड्डा ने कहा कि राष्ट्रीय अपराध नियंत्रण ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 74 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने दावा किया कि महिलाओं पर एसिड हमलों की संख्या में पश्चिम बंगाल सबसे ऊपर है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि बंगाल में मई 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद वहां अपराध की कुल 12,000 घटनाएं हुई और 80000 से अधिक लोग विस्थापित हुए। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल में 57 लोगों की हत्या हुई और इस दौरान यौन उत्पीड़न की कुल 123 घटनाएं हुई।

# राजस्थान में झुलसाने वाली गर्मी आगामी दिनों में लू चलने की चेतावनी

**जयपुर।** राजस्थान के पश्चिमी हिस्सों में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी के साथ झुलसाने वाली गर्मी और लू चलने से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। गर्मी के कारण लोगों की आवाजाही कम हो गई। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में शुक्रवार को अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। विभाग ने बताया कि बाड़मेर 45.7 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। विभाग के अनुसार शुक्रवार को बाड़मेर में अधिकतम तापमान 45.7 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर–चूरू में 45.3–45.3 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर–फलोदी–टोंक–जालौर में 45–45 डिग्री सेल्सियस, डूंगरपुर मे 44.3 डिग्री सेल्सियस, जोधपुर –वनस्थली (टोंक) में 44.2–44.2 पिलानी (झुंझुनूं) में 44.1, अन्य प्रमुख शहरों में 43.7 डिग्री सेल्सियस से लेकर 41.2 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

इसके अनुसार, रात का तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस से लेकर 20.8 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर व बीकानेर संभाग के जिलों में लू चलने की प्रबल संभावना है। विभाग के अनुसार इस दौरान यहां अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के ऊपर रहने की संभावना है। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि एक नए पश्चिमी विक्षोभ से 13–14 मई से दोपहर बाद जोधपुर, बीकानेर संभाग व शेखावाटी क्षेत्र में मेघ गर्जन के साथ कहीं–कहीं तेज आंधी चलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 15–16 मई को आंधी–बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने से तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस गिरावट आने की संभावना है।

## जाजपुर में बिजली का करंट लगने से दो लोगों की मौत

**जाजपुर ( ओडिशा )।** ओडिशा के जाजपुर जिले में कथित तौर पर बिजली के तार के संपर्क में आने से प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका समेत कम से कम दो लोगों की शुक्रवार को मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना जिले के टोमका थाना क्षेत्र के जनिंदपाल गांव की है। पुलिस ने कहा कि मृतकों की पहचान रेलवे पुलिस के कांस्टेबल श्यामसुंदर मरांडी (45) और रायघाटी प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीतू मरांडी (33) के रूप में हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार पता चला है कि शुक्रवार सुबह कपड़े सुखाते समय वे बिजली के तार के संपर्क में आ गए। इस घटना के संबंध में टोमका थाने में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## क्विक न्यूज

### प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) नेता ने किया आत्मसमर्पण

**करीमनगर (तेलंगाना)।** प्रतिबंधित भाकपा-माओवादी की सदस्य नेरेला ज्योति उर्फ ज्योतक्का ने शुक्रवार को यहां पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। करीमनगर के पुलिस आयुक्त एल सुब्बारायडू ने यह जानकारी दी। सुब्बारायडू ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राजन्ना सिरसिल्ला जिले के शिवंगुलपल्ले गांव की रहने वाली नेरेला ज्योति 2004 में 12वी कक्षा की पढ़ाई के दौरान माओवादियो के क्रांतिकारी गीतों की ओर आकर्षित हुई। ज्योति (38) अदविपादिरा गांव के कमांडर रघु के माध्यम से संगठन में शामिल हुई और 20 वर्ष तक तेलंगाना, महाराष्ट्र और ओडिशा में काम किया। पुलिस आयुक्त ने बताया कि आत्मसमर्पण करने से पहले ज्योति माओवादी संगठन के लिए तेलंगाना राज्य समिति की प्रेस प्रभारी के रूप में काम करती थी।

### तारक मेहता का उल्टा चश्मा की अभिनेत्री की ओर से लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच शुरू

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने तारक मेहता का उल्टा चश्मा धारावाहिक की अभिनेत्री जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल द्वारा निर्माता असित कुमार मोदी और उनकी टीम के दो सदस्यों पर लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। निर्माता असित कुमार मोदी ने इन आरोपों का खंडन करते हुए दावा किया है कि दुर्व्यवहार के कारण जेनिफर को धारावाहिक से बाहर कर दिया गया था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि शिकायत में नामजद लोगों के बयान दर्ज किए जाने के बाद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। मुंबई में पोवई पुलिस को पहले जेनिफर का एक ईमेल मिला था, जिसमें उसने निर्माता और उनकी टीम के दो सदस्यों के खिलाफ शिकायत की थी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्हें अब एक लिखित शिकायत मिली है जिसमें अभिनेत्री ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए है। ।

### जयंत नार्लीकर को एएसआई के पहले गोविंद स्वरूप लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया

**नई दिल्ली।** वयोवृद्ध खगोलशास्त्री जयंत नार्लीकर को एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (एएसआई) द्वारा स्थापित पहले गोविंद स्वरूप लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से शुक्रवार को सम्मानित किया गया। एएसआई अध्यक्ष दीपांकर बनर्जी ने व्यक्तिगत रूप से पुणे जाकर नार्लीकर को सम्मानित किया क्योंकिवह इंदौर में इस साल केशुरुआत मे आयोजित सोसाइटी की 41वी बैठक में शामिल नही हो सके थे। नार्लीकर एएसआई के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं और वह अंतर - विश्वविद्यालय केंद्र : खगोलविज्ञान और खगोलभौतिकी (आईयूसीएए) के संस्थापक निदेशक रह चुकेहै। नार्लीकर देश में खगोलीय अनुसंधान की शुरुआत करने वाले पहले वैज्ञानिकों में से एकहै। यह पुरस्कार प्रोफेसर गोविंद स्वरूप (1929-2020) केसम्मान में स्थापित किया गया है जिन्हें देश में रेडियो एस्ट्रोनॉमी का संस्थापकमाना जाता है।

### क्रिएटर्स को मिलेगा मौका

**मुंबई।** भारत का सबसे बड़ा शॉर्ट वीडियो ऐप - मौज लेकर आ रहा है आ देखें किसमें कितना हैदम , जो 90 और 2000 के दशक के सर्वश्रेष्ठ का जश्न मनाने वाला दो हफ्ते का कैंपेन है, जो ऐप पर 8 मई को शुरू होकर 21 मई रात 8 बजे तक जारी रहेगा कॉमेडी और संगीत से लेकर सौंदर्य, भोजन और नृत्य तक की थीम के साथ, देश भर के क्रिएटर्स इन दो दशकों में प्रचलित हर चीज़ के लिए अपने प्यार को शोकेस करने की कोशिश करेंगे साथ ही रु. 50,000 के आकर्षक पुरस्कारों के लिए आपस में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी को तीन राउंड के दौरान कम से कम 45 मिनट के लिए लाइव जाना होगा, और न्यूनतम 10 मिनट और अधिकतम 30 मिनट तक चलने वाली बैटल के साथ, प्रतियोगिता काफी ते? होने वाली है। क्रिएटर्स को प्रोत्साहित किया जाएगा कि वे जितनी बार संभव हो लाइव जाएं तथा अधिक से अधिक वर्चुअल गिफ्ट इकट्ठे करें। कैम्पेन के बारे में बात करते हुए, सीनियर डायरेक्टर, शशांक शेखर ने कहा, बीते वक्त की यादें एक शक्तिशाली जरिया है जो मौजूदा वक्त का जश्न मनाते हुए हमें हमारे अतीत से जोड़ता है।

### अनएकेडमी देगा छात्रो को मंच

**कानपुर।** भारत के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में अपना पहला सेंटर खोलने की घोषणा की है। ब्राण्ड के ऑफलाईन लर्निंग टचपॉइन्ट्स के नेटवर्क के विस्तार के साथ कानपुर का यह सेंटर शहर के छात्रों को लर्निंग का बेजोड़ अनुभव प्रदान करेगा।इस अवसर पर अनएकेडमी के चीफ़ ऑपरेटिंग ऑफिसर विवेक सिन्हा ने कहा कि अनएकेडमी में हम छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा के साथ बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कानपुर में पहले सेंटर का उद्घाटन करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। अपने इस कदम के साथ हम महानगरों के दायरे से बाहर जाकर छात्रों को हाइब्रिड लर्निंग का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करना चाहते हैं और छात्रों को सशक्त बनाना चाहते हैं।

# बाटला मुठभेड़ : अदालत ने सजा-ए-मौत पाए दोषी की पृष्ठभूमि पर रिपोर्ट दाखिल करने को समय दिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2008 बाटला हाउस मुठभेड़ में दिल्ली पुलिस के निरीक्षक मोहनचंद शर्मा की हत्या के मामले में मौत की सजा पाने वाले आरिज खान के संबंध में सामाजिक जांच रिपोर्ट जमा करने के लिए शुक्रवार को प्रशासन को सात जुलाई तक का वक्त दिया है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की विशेष पीठ ने पहले भी प्रशासन से यह रिपोर्ट तलब की थी, लेकिन उसने शुक्रवार को प्रशासन को इसके लिए और वक्त दिया। अदालत ने प्रशासन से खान के गृह नगर की रिपोर्ट के अलावा पूरी विस्तृत रिपोर्ट की प्रति सौंपने को कहा है। पीठ ने निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई से पहले या सुनवाई के लिए रिपोर्ट अदालत को सौंपी जाए। अगली सुनवाई के लिए सात जुलाई की तारीख तय की गई है। दिल्ली सरकार की ओर से पेश हुए विशेष लोक अभियोजक राजेश महाजन ने पूरी रिपोर्ट देने के लिए कुछ और वक्त मांगा।

उच्च न्यायालय ने वकील से कहा कि वह रिपोर्ट की एक प्रति आरिज खान के वकील कौसर खान को भी मुहैया कराए। सामाजिक पड़ताल रिपोर्ट में दोषी के संबंध में विस्तृत जानकारी शामिल होती है... जैसे उसकी उम्र, शुरुआती पारिवारिक पृष्ठभूमि, वर्तमान पारिवारिक पृष्ठभूमि, शिक्षा का स्तर और गुणवत्ता, समाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि, पुराना आपराधरिक रिकॉर्ड, आय का जरिया, रोजगार का प्रकार आदि शामिल होता है। इसमें दोषी जिस जेल में बंद है उसकी रिपोर्ट भी शामिल होती है जिसमें दोषी के आचरण, मानसिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति के बारे में जानकारी होती है।

## जयपुर बम विस्फोट के आरोपियो की रिहाई के लिए भाजपा जिम्मेदार: खाचरियावास

**जयपुर।** राजस्थान के खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने शुक्रवार को कहा कि जयपुर सीरियल बम धमाकों के आरोपियों की रिहाई के लिए भारतीय जनता पार्टी जिम्मेदार है। साथ ही उन्होंने बम विस्फोट मामले में भाजपा पर राजनीति करने का आरोप लगाया। जयपुर में अपने आवास पर संवाददाताओं से बातचीत में खाचरियावास ने कहा, 2008 में राजस्थान में भाजपा की सरकार थी और वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री थीं। उस वक्त ही जयपुर में सीरियल बम धमाके हुए थे। उस वक्त की भाजपा सरकार ने न तो मामले की अच्छी तरीके से जांच की और ना ही पीड़ितों को कोई अच्छा राहत पैकेज दिया। आरोप लगाते हुए कहा भाजपा सरकार ने केस की पैरवी मजबूत तरीके से नहीं की और ऐसी चार्जशीट पेश की जिससे आरोपी बरी हो गए। हमारी सरकार ने उच्चतम न्यायालय में इस केस को लेकर विशेष अनुमति याचिका दायर की है।



जम्मू में गर्मी से बचने के लिए दुपट्टे से सर ढके हुए छात्राएं।

# अडाणी-हिंडनबर्ग विवाद: न्यायालय ने जांच पूरी करने के लिए सेबी को और तीन महीने देने का संकेत दिया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह अडाणी समूह द्वारा शेयरों की कीमतों में हेराफेरी के आरोपों की जांच पूरी करने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को और तीन महीने का समय देने पर विचार करेगा। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा कि उसने नियामकीय नाकामी के बारे में कुछ नहीं कहा है। न्यायालय ने विभिन्न जनहित याचिकाओं और बाजार नियामक की याचिका को 15 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। सेबी ने अडाणी समूह की कथित हेराफेरी की जांच पूरी करने के लिए समय बढ़ाने का अनुरोध किया है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की।

एक याचिकाकर्ता के वकील की इस दलील पर अदालत ने नाराजगी जताई कि नियामक सेबी की ओर से नाकामी हुई है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, जिम्मेदारी की भावना होनी चाहिए... आपको इस तथ्य को लेकर सचेत रहना चाहिए कि आप जो भी आरोप लगाते हैं, वह शेयर बाजार की धारणा और स्थिरता को प्रभावित कर सकता है।

पीठ ने सेबी को ज्यादा समय नहीं देने का फैसला किया और कहा कि वह तत्परता दिखाए और तीन महीने के अंदर जांच पूरी करे। सेबी ने जांच पूरी करने के लिए छह महीने का समय मांगा था। पीठ ने कहा कि अदालत की रजिस्ट्री को इस मुद्दे पर सर्वोच्च अदालत द्वारा नियुक्त न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ए एम सप्रे समिति की रिपोर्ट मिल गई है लेकिन काम के दबाव के कारण वह इसका अध्ययन नहीं कर सकी। पीठ ने कहा कि समिति के तथ्यों पर गौर करने के बाद वह इस मामले पर सोमवार को सुनवाई करना चाहेगी। "इस बीच हमें रिपोर्ट पर गौर करना होगा। हम इस मामले की 15 मई को सुनवाई करेंगे। सुनवाई के दौरान, पीठ ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वह जांच पूरी करने के लिए बाजार नियामक को छह महीने के बजाय तीन महीने का समय दे सकती है। याचिकाकर्ता जया ठाकुर की ओर से पेश वकील की दलील पर पीठ ने कहा, आरोप लगाते समय आप सावधानी बरतें। इससे शेयर बाजार की धारणा पर असर पड़ सकता है। यह सभी आपके आरोप हैं और इनकी जांच के लिए समिति का गठन किया गया है। याचिकाकर्ता अनामिका जायसवाल की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि सेबी को अदालत को यह बताना चाहिए कि उसने 2016 से मॉरीशस में पंजीकृत मुखौटा कंपनियों की शिकायत पर अब तक क्या जांच की है। पीठ ने भूषण से कहा कि इस समय उसका खुलासा करने के लिए कहने से जांच प्रभावित होगी और यह कोई आपराधिक जांच नहीं है जिसमें हम केस डायरी देख रहे हैं।

# अदालत ने केरल सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा कि नावों में क्षमता से अधिक लोग सवार नही हों

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सरकार को यह सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए कि राज्य में संचालित नौकाओं में क्षमता से अधिक यात्री सवार नहीं हों और प्रत्एक नौका पर अधिकतम वहन क्षमता को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए। अदालत सात मई को तनूर में हुई नाव दुर्घटना को लेकर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस दुर्घटना में 15 बच्चों सहित 22 लोगों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति देवन रामचंद्रन और न्यायमूर्ति सोफी थॉमस की पीठ ने कहा कि क्षमता से अधिक यात्रियों का सवार होना नौका दुर्घटना के प्रमुख कारकों में से एक है।अदालत ने कहा, इसलिए हमारे मन में इस बात को लेकर कोई शंका नहीं है कि केरल में प्रत्एक नाव में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित अधिकतम क्षमता तक ही लोगों के सवार होने की अनुमति दी जाए। पीठ ने निर्देश दिया कि नाव संचालकों को प्रमुख स्थानों पर एक बोर्ड प्रदर्शित करने के लिए कहा जाना चाहिए जिसमें लोगों की अधिकतम संख्या की जानकारी दी जानी चाहिए।पीठ ने मलप्पुरम जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के सुझाव पर विचार किया कि प्रत्एक नौका को उस बोर्ड को प्रमुखता से प्रदर्शित करने के लिए कहा जाना चाहिए जिसमें नौका में सवार लोगों की अधिकतम संख्या की जानकारी हो और कहा कि इसे तुरंत लागू किया जाना चाहिए। इस बीच अदालत ने इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता वी. एम. श्यामकुमार को न्यायमित्र नियुक्त किया। इसने न्यायमित्र की प्रारंभिक टिप्पणियों पर विचार किया कि प्रत्एक नाव में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को अलग–अलग दिखाने वाले यात्रियों की संख्या का एक लिखित रिकॉर्ड होना चाहिए।अदालत ने कहा, उन्होंने (न्यायमित्र) ने यह भी सुझाव दिया कि एक व्यक्ति को यह सुनिश्चित करने का काम भी सौंपा जाना चाहिए ।

# गृह मंत्रालय ने नया आदर्श कारागार अधिनियम तैयार किया

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र** ने मौजूदा कानून की कमियों को दूर करने और सुधार तथा कैदियों के पुनर्वास पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए एक नया आदर्श कारागार अधिनियम 2023 तैयार किया है जो आजादी से पहले के 130 साल पुराने कानून की जगह लेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि आदर्श अधिनियम की मुख्य विशेषताओं में जेलों में प्रतिबंधित वस्तुओं जैसे मोबाइल फोन आदि का प्रयोग करने वाले बंदियों एवं जेल कर्मचारियों के लिए दण्ड का प्रावधान है। इसमें कहा गया कि नए अधिनियम में कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करने, अच्छे आचरण को बढ़ावा देने के लिए पैरोल , फर्लो और समय से पहले रिहाई आदि के लिए भी प्रावधान हैं।

बयान में कहा गया कि देश में जेल और उनमें हिरासत में रखे गए व्यक्ति राज्य का विषय हैं तथा इस संदर्भ में मौजूदा कानून, 1894 का जेल अधिनियम आजादी से पहले का कानून है और लगभग 130 साल पुराना है। इसमें कहा गया कि पिछले कुछ वर्षों में, गृह मंत्रालय ने देखा है कि मौजूदा कारागार अधिनियम में सुधारोन्मुखी प्रावधानों के अभाव के अलावा कई खामियां हैं। मंत्रालय ने कहा कि आधुनिक समय की जरूरतों और जेल प्रबंधन की आवश्यकताओं के अनुरूप अधिनियम को संशोधित एवं अद्यतन करने की आवश्यकता महसूस की गई। इसमें कहा गया, "(मौजूदा) अधिनियम मुख्य रूप से अपराधियों को हिरासत में रखने और जेलों में अनुशासन और व्यवस्था को लागू करने पर केंद्रित है। मौजूदा अधिनियम में कैदियों के सुधार और पुनर्वास के लिए कोई प्रावधान नहीं है।

गृह मंत्रालय ने कहा कि व्यापक आदर्श कारागार अधिनियम, 2023 को समग्र रूप से मार्गदर्शन प्रदान करने और मौजूदा जेल कानून की खामियों को दूर करने तथा जेल प्रबंधन में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल आदि के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्णायक मार्गदर्शन में, समकालीन आधुनिक समय की जरूरतों और सुधारवादी विचारधारा के अनुरूप, औपनिवेशिक काल के पुराने जेल अधिनियम की समीक्षा और संशोधन करने का निर्णय लिया गया। गृह मंत्रालय द्वारा कारागार अधिनियम, 1894 के साथ ही कैदी अधिनियम, 1900 और कैदियों का स्थानांतरण अधिनियम, 1950 की भी समीक्षा की गई है और इन अधिनियमों के प्रासंगिक प्रावधानों को आदर्श कारागार अधिनियम, 2023 में शामिल किया गया है।

# सूर्य का बल्ला फिर चमका, मुंबई जीता

**● इंडियंस ने गुजरात टाइटंस को 27 रन से हराया**




भषा। मुंबई

**मुंबई इंडियंस** ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शुक्रवार को यहां गुजरात टाइटंस को 27 रन से हराया। मुंबई इंडियंस ने पांच विकेट पर 218 रन बनाने के बाद गुजरात की पारी को आठ विकेट पर 191 रन पर रोक दिया। गुजरात के लिए राशिद खान ने 32 गेंद में 10 छक्के और तीन चौको की मदद से नाबाद 79 रन बनाए। मुंबई के लिए आकाश मधवाल ने 31 रन देकर तीन विकेट लिए। इससे पहले सूर्यकुमार यादव की 49 गेंद में 103 रन की आतिशी पारी के दम पर मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शुक्रवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ पांच विकेट पर 218 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया

सूर्यकुमार ने मैच की आखिरी गेंद पर अल्जारी जोसेफ के खिलाफ छक्का जड़कर आईपीएल में अपना पहला शतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में मैदान के चारों ओर 11 चौके और छह छक्के जड़े। मिस्टर 360 डिग्री बल्लेबाज ने इस दौरान दो अर्धशतकीय साझेदारी की। उन्होंने विष्णु विनोद (20 गेंद में 30 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 42 गेंद में 62 रन की साझेदारी करने के बाद छठे विकेट के लिए कैमरून ग्रीन के साथ 18 गेंद में 54 रन की अटूट साझेदारी की। इसमें ग्रीन का योगदान तीन गेंद महज तीन रन का था। टीम को इशान किशन (20 गेंद में 31 रन), रोहित शर्मा (18 गेंद में 29 रन) और विष्णु ने भी बल्ले से अच्छा योगदान दिया। गुजरात के लिए राशिद खान ने चार ओवर में 30 रन देकर चार विकेट लिए। एक सफलता मोहित शर्मा (चार ओवर में 43 रन) को मिली। मोहम्मद शमी (चार ओवर में 53) और अल्जारी जोसेफ (चार ओवर में 52 रन) ने बिना किसी सफलता के रन लुटाए। इससे पहले रोहित और इशान ने पावरप्ले में 61 रन जोड़कर मुंबई को शानदार शुरुआत दिलाई। रोहित ने मोहित शर्मा के खिलाफ दूसरे ओवर में दो चौके और छक्का लगाकर लय में वापसी का संकेत दिया। अगले ओवर में उन्होंने और इशान किशन ने मोहम्मद शमी के खिलाफ एक-एक छक्का जड़ा। राशिद ने सातवें ओवर में दोनों सलामी बल्लेबाजों को चलता कर गुजरात को जश्न मनाने का मौका दिया। पिछले दो मैचों में शानदार प्रदर्शन करने वाले नेहाल वढेरा ने नूर अहमद के खिलाफ चौका और छक्का जड़ा लेकिन नौवें ओवर में बोल्ड होकर राशिद का तीसरा शिकार बने। शानदार लय में चल रहे सूर्यकुमार यादव ने अल्जारी जोसेफ के खिलाफ चौका लगाकर हाथ खोला तो वही सत्र में पहली बार बल्लेबाजी कर रहे विष्णु विनोद ने इस गेंदबाज के खिलाफ 12वें ओवर में छक्का जड़ दिया। इसी ओवर में सूर्यकुमार ने अपनी पारी का पहला छक्का लगाया। विष्णु ने 13वें ओवर में शमी के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौका और छक्का लगाकर कैमरून ग्रीन और टिम डेविड से पहले बल्लेबाजी के लिए भेजने के टीम प्रबंधन के फैसले को सही साबित किया। राशिद और नूर के खिलाफ संभल कर बल्लेबाजी करने वाले सूर्यकुमार ने 15वें ओवर में जोसेफ के खिलाफ फिर से चौका और छक्का लगाकर टीम के रनों के आंकड़े को 150 के पार पहुंचाया।

## स्कोरबोर्ड

**मुंबई इंडियंस पारी**: इशान किशन पगबाधा राशिद खान 31, रोहित शर्मा का तेवतिया बो राशिद 29, सूर्यकुमार नाबाद 103, वढेरा बो राशिद 15, विनोदका मनोहर बो मोहित 30, डेविडका एवं बो राशिद 05, ग्रीननाबाद 03, अतिरिक्तः (लेग बाईः 02) 02, **कुल योगः** (20 ओवर मे पांच विकेट पर) 218 रन, **विकेट पतनः** 1-61, 2-66, 3-88, 4-153, 5-164, **गेंदबाजीः** शमी 4-0-53-0, मोहित 4-0-43-1, राशिद 4-0-30-4, अहमद 4-0-38-0, अल्जारी 4-0-52-0

**गुजरात टाइटंस पारी**: रिद्धिमान पगबाधा मधवाल 02, गिल बो मधवाल 04, पंड्या का इशान बो बेहरनडोर्फ 06, शंकर बो चावला 29, मिलर पगबाधा मधवाल 41, मनोहर बो कार्तिकेय 02, तेवतिया का ग्रीन बो चावला 14, राशिद नाबाद 79, अहमद बो कार्तिकेय 01, जोसेफ नाबाद 07, **अतिरिक्तः** (लेग बाईः 03, वाइडः 03) 06, **कुल योगः** (20 ओवर मे आठ विकेट पर) 191 रन **विकेट पतनः** 1-7, 2-12, 3-26, 4-48, 5-55, 6-100, 7-100, 8-103, गेंदबाजीः बेहरनडोर्फ4-0-37-1, आकाश 4-0-31-3, जॉर्डन 4-0-34-0, पीयूष 4-0-36-2, कार्तिकेय 3-0-37-2, ग्रीन 1-0-13-0

## आईपीएल-16 स्टेडियम से

### टी20 विश्व कप टीम चयन में हार्दिक की बातों को मिलेगी तवज्जो, दिखगें कई नए चेहरेः शास्त्री



नई दिल्ली। पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री अगले साल टी20 विश्व कप की भारतीय टीम में कई नए चेहरों की उम्मीद कर रहे है, जिसके चयन मामलो में कप्तान हार्दिक पंड्या की बातों को काफी तवज्जो दी जाएगी। टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अब भी टी20 टीम की योजना में बने हुए है लेकिन पिछले साल ऑस्ट्रेलिया मे हुए टी20 विश्व कप मे सेमीफाइनल से बाहर होने के बाद सीनियर खिलाड़ियों को चरणबद्ध तरीके से बाहर करने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। शास्त्री ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, मुझे लगता है कि वे ऐसा (नए खिलाड़ियों को टीम में मौका) ही करेंगे। इस पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी ने कहा, टी 20 विश्व कप आ रहा है और युवाओं में बहुत प्रतिभा है। इस साल के आईपीएल मे हमने कुछ बेहतरीन प्रतिभाएं देखी हैं। यह पूरी तरह नई टीम नही होगी लेकिन इसमें कई नए चेहरे होंगे। वह (हार्दिक) पहले से ही इस प्रारूप में भारत के कप्तान हैं। अगर फिटनेस समस्या नही हुई तो वह टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। शास्त्री को लगता है कि 2007 के विश्व कप की तरह आगामी टूर्नामेंट मे युवा खिलाड़ियों को मौका मिलेगा। उस समय महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व मे युवाओं से भरी भारतीय टीम ने विश्व कप का खिताब जीता था।

### टी20 में पावरप्ले के बाद स्पिनरों को स्वीप शॉट खेलकर रन बना सकता है विराट : स्मिथ

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ का मानना है कि विराट कोहली को पावरप्ले के बाद स्पिनरों को स्वीप शॉट लगाने जैसे स्कोर करने के दूसरे विकल्प आजमाने चाहिए। कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए आईपीएल के मौजूदा सत्र में 133 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 400 से ज्यादा रन बनाए है लेकिन उनकी आलोचना इस बात को लेकर हो रही है कि वह बीच के ओवरों में रनगति नही बढा पा रहे। आईपीएल में जियो सिनेमा पर विशेषज्ञ स्मिथ ने पीटीआई से कहा , अगर कोई इतना महान बल्लेबाज है तो कहना मुश्किल होता है। मुझे लगता है कि आरसीबी का मध्यक्रम तीसरे नंबर के बाद जूझ रहा है। उन्होने कुछ संयोजन आजमाए लेकिन जूझते नजर आए। इससे विराट, ग्लेन मैक्सवेल और फाफ डु प्लेसी पर दबाव बन गया। अगर आरसीबी को बेहतर करना है तो विराट पर से दबाव हटाना होगा। मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव स्वीप शॉट खेलने में माहिर है लेकिन विराट पारंपरिक शॉट्स पर रन बनाते है।

### बटलर पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना



**कोलकाता।** राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज जोस बटलर पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने बयान में कहा, राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर पर कोलकाता के ईडन गार्डन्स मे कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच 11 मई को खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया है, बटलर ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत लेवल एक का अपराध स्वीकार किया है। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का फैसला अंतिम होता है। बटलर इस मैच में शुरू में ही रन आउट होने के कारण खाता भी नही खोल पाए थे। राजस्थान रॉयल्स ने यह मैच नौ विकेट से जीता।

### वेंकटेश ने राणा के पहले ओवर का बचाव किया

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान पहला ओवर करने के कप्तान नितीश राणा के फैसले का बचाव किया। केकेआर को केवल 149 रन का बचाव करना था और ऐसे में राणा ने स्वयं पहला ओवर किया। यशस्वी जायसवाल ने इस ओवर में दो छक्कों और तीन चौकों की मदद से 26 रन बटोरे। रॉयल्स ने यह मैच आसानी से नौ विकेट से जीता। वेंकटेश ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, बाएं हाथ का बल्लेबाज (जायसवाल) क्रीज पर था और वह (राणा) ऑफ स्पिनर है। ऐसे में मुझे नही लगता कि यह गलत फैसला था। राणा का यह फैसला टीम पर भारी पड़ गया लेकिन वेंकटेश ने कहा कि अगर उन्हे इस ओवर मे विकेट मिल जाता तो परिदृश्य भिन्न होता। हम सभी जानते है कि वह गेंदबाजी करने में सक्षम है। उन्होंने अपने करियर में कई बार महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए हैं। उनका यह फैसला हमारी टीम के पक्ष में नही रहा लेकिन अगर उन्होंने (जायसवाल का) विकेट हासिल कर लिया होता तो यह कप्तान का मास्टरस्ट्रोक होता। खेल में ऐसी चीजे होती रहती हैं। वेंकटेश ने कहा, विकेट थोड़ा धीमा था और हम नई गेंद से स्पिनरों के जरिए इसका फायदा उठाना चाहते थे।

## बीडब्ल्यूएफ ने नए स्पिन सर्विस पर लगाया अंतरिम प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन में नई स्पिन सर्वस की बढ़ती लोकप्रियता के बीच इस खेल की वैश्विक शासी निकाय बीडब्ल्यूएफ ने 29 मई 2023 तक इस पर अंतरिम प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। डेनमार्क के युगल खिलाड़ी मार्कस रिंडशोज ने पिछले महीने पोलिश ओपन में इस स्पिन सर्विस से अंक अर्जित किए और तभी से विश्व भर के खिलाड़ी इसमें अपना हाथ आजमाने की कोशिश कर रहे है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के बयान के मुताबिक, बीडब्ल्यूएफ परिषद ने तत्काल प्रभावी 29 मई 2023 तक नए स्पिन सर्व के उपयोग पर रोक लगाने के लिए बैडमिंटन के नियमों में प्रायोगिक बदलाव के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

## बाफ्टा उभरते गेम्स के सितारों को भी निखारेगा

**कानपुर।** वर्ष 2021 और 2022 में बाफ्टा ब्रेकथ्रू इंडिया प्रोग्राम की जबर्दस्त सफलता के बाद, बाफ्टा एक बार फिर तीसरे साल इस स्कीम को लॉन्च करने जा रहा है। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया आज से आरम्भ हो रही है और यह 5 जुलाई तक चलेगी। यह प्रोग्राम राष्ट्र स्तर पर और यूके तथा यूएस में कार्यरत गेम्स, फिल्म और टेलीविजन उद्योगों में क्रिएटिव के लिए खुला है। यह साल इसलिए भी खास है क्योंकि भारत में बाफ्टा ब्रेकथ्रू को नेटफ्लिक्स के सहयोग का तीसरा साल और यूके एवं यूएस में इसका चौथा साल है। बाफ्टा के शिक्षण, समावेशन, नीति और सदस्यता के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, टिम हंटर ने कहा कि, यूके की संस्कृति में दक्षिण एशियाई समुदाय के महत्वपूर्ण योगदान और भारत के फिल्म उद्योग के विश्वव्यापी प्रभाव के मद्देनज़र, हमें भारत की रचनात्मक कलाओं पर अपनी छाप छोड़ने और हमारे दोनों देश के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान में सहयोग करने के लिए चेंज-मेकर्स की अगली पीढ़ी को सहयोग करते हुए बेहद खुशी हो रही है। नेटफ्लिक्स इंडिया की वाइस प्रेसिडेंट - कंटेंट, मोनिका शेरगिल ने कहा कि, ब्रेकथ्रू इंडिया के लिए लगातार तीसरे साल बाफ्टा के साथ सहयोग करने वाले अपने साझीदारों पर हमें गर्व है। हम इस प्रोग्राम के द्वारा क्रिएटर्स की अगली पीढ़ी को आगे बढ़ने के अवसर देने और उन्हें अपनी सर्वोत्तम कृतियों को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रतिष्ठित वैश्विक मंच प्रदान करने के लिए अत्यंत उत्साहित हैं।

## तेंदुलकर का नाम इस्तेमाल, पुलिस ने मामला दर्ज किया

**मुंबइ।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के नाम, फोटो और आवाज का इस्तेमाल बिना उनकी अनुमति के औषधीय उत्पादो के प्रचार के लिए करने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह जानकारी शुक्रवार को एक अधिकारी ने दी। इस अधिकारी ने बताया कि तेंदुलकर के एक सहयोगी ने इस संबंध मे गुरुवार को पश्चिम क्षेत्र साइबर पुलिस थाने मे शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसे एक दवा कंपनी का ऑनलाइन विज्ञापन देखा, जिसमे दावा किया गया था कि तेंदुलकर उसकी उत्पाद का समर्थन करते है।

## भारतीय अंडर-17 टीम को एटलेटिको डी मैड्रिड अंडर-18 टीम ने हराया

नई दिल्ली। भारतीय अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम शुक्रवार को स्पेन दौरे के अपने आखिरी अभ्यास मैच में एटलेटिको मैड्रिड अंडर-18 से 0-4 से हार गई।घरेलू टीम ने दोनों हाफ में दो-दो गोल किए। उमर (37वां मिनट), (एलेक्स 45वां मिनट) ने पहले हाफ मे अपनी टीम को 2-0 की बढ़त दिलाई जबकि दूसरे हाफ मे एमिलियो (54वे, 57वे मिनट) मे दो और गोलकर टीम को बड़ी जीत दिला दी।भारतीय टीम थाईलैड मे आगामी एएफसी अंडर-17 एशियाई कप के तैयारियो के लिए 16 मई को

## पंजाब के समीकरण बिगाड़ने उतरेगी दिल्ली की टीम



भाषा। नई दिल्ली

**प्लेऑफ की** दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी दिल्ली कैपिटल्स की टीम शनिवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में जीत दर्ज करके पंजाब किंग्स के समीकरणों को बिगाड़ने और अपनी धुंधली उम्मीदों को कायम रखने की कोशिश करेगी। दिल्ली ने अभी तक 11 मैचों में केवल चार मैच जीते हैं और अगर वह अपने बचे हुए तीनों मैच में जीत भी दर्ज करता है तब भी उसके 14 अंक होंगे जो कि शीर्ष चार में जगह बनाने के लिए संभवत: पर्याप्त नहीं होंगे। अगर मगर के समीकरणों को देखते हुए दिल्ली की टीम का भाग्य अब दूसरी टीमों के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। पंजाब किंग्स की स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं है। उसके 11 मैचों में पांच जीत से 10 अंक हैं और उसे प्लेऑफ की उम्मीदों को बरकरार रखने के लिए अपने बाकी बचे तीनों मैच में जीत हासिल करनी होगी। दिल्ली की सबसे बड़ी समस्या उसकी टीम में शामिल भारत के बल्लेबाजों का नहीं चल पाना। उसकी टीम अपने विदेशी खिलाड़ियों कप्तान डेविड वॉर्नर, विकेटकीपर बल्लेबाज फिल सॉल्ट और मिशेल मार्श पर काफी निर्भर है। दिल्ली के मध्यक्रम में शामिल भारतीय बल्लेबाजों में मनीष पांडे, रिपल पटेल और अमन खान जैसे खिलाड़ी शामिल है लेकिन ए सभी अभी तक परिस्थितियों के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए।

## लखनऊ के स्पिन आक्रमण के सामने सनराइजर्स की होगी कड़ी परीक्षा


भाषा। हैदराबाद

**पिछले मैच में** अप्रत्याशित जीत दर्ज करके अपनी उम्मीदें जगाने वाली सनराइजर्स हैदराबाद टीम के बल्लेबाजों की शनिवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में लखनऊ सुपरजाइंट्स के स्पिनरों के सामने कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा। लखनऊ ने पिछले तीन में से दो मैच गंवाए हैं लेकिन यदि वह एडेन मार्कराम की अगुवाई वाली सनराइजर्स की टीम को हरा देता है तो फिर वह शीर्ष चार में जगह बना देगा। जहां तक सनराइजर्स की टीम की बात है तो वह 10 टीमों की अंक तालिका में अभी 10 मैचों में आठ अंक लेकर नौवें स्थान पर है। क्रुणाल पंड्या की अगुवाई वाली लखनऊकी टीम 11 मैचों में 11 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। उप्पल का विकेट हालांकि धीमी गति के गेंदबाजों को मदद पहुंचाता रहा है और



ऐसे में स्पिनरों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। लखनऊ के पास रवि बिश्नोई, अनुभवी अमित मिश्रा और कप्तान क्रुणाल के रूप में उपयोगी स्पिन तिकड़ी है जिनके सामने सनराइजर्स के बल्लेबाजों को संघर्ष करना पड़ सकता है। सनराइजर्स की बल्लेबाजी तीन विदेशी खिलाड़ियों एडेन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन और ग्लेन फिलिप्स पर निर्भर है। फिलिप्स ने 13.25 करोड़ रुपए में बिके हैरी ब्रूक के नहीं चल पाने के कारण अंतिम एकादश में जगह बनाई। अगर स्पिनरों की बात की जाए तो लखनऊ का पलड़ा हैदराबाद पर भारी लगता है। वाशिंगटन सुंदर के चोटिल हो जाने से सनराइजर्स का स्पिन विभाग कमजोर पड़ा है। उसकी तरफ से केवल एक स्पिनर मयंक मारकंडे ही अब तक अच्छा प्रदर्शन कर पाया है। हैदराबाद की टीम कागजों पर मजबूत नजर आती है लेकिन उसे दो प्रमुख भारतीय बल्लेबाजों मयंक अग्रवाल (9 मैच 187 रन) और राहुल त्रिपाठी (10 मैच में 237 रन) की खराब फॉर्म का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## हुसामुद्दीन, दीपक और निशांत को कांस्य



**● मुक्केबाजी विश्व चैंपियनशिप**

भाषा। ताशकंद

**भारतीय मुक्केबाज** मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किलो), निशांत देव (71 किलो) और दीपक भोरिया (51 किलो) को शुक्रवार को विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक मिले और भारत ने टूर्नामेंट में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। हुसामुद्दीन बदकिस्मत रहे जिन्होंने घुटने की चोट के कारण सेमीफाइनल मुकाबले से नाम वापिस ले लिया। निजामाबाद के 29 वर्ष के हुसामुद्दीन को बुल्गारिया के जे डियाज इबानेज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान घुटने में चोट लगी थी। निशांत का सेमीफाइनल मुकाबला रिव्यू तक पहुंचा और निर्णायकों ने 2022 एशियाई चैम्पियन और 2018 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता कजाखस्तान के असलानबेक शिमबेरगेनोव के पक्ष में फैसला दिया। भोरिया को दो बार के कांस्य पदक विजेता फ्रांस के बिलाल बेनामा ने रोमांचक मुकाबले में बंटे हुए फैसले पर 4 . 3 से हराया। भोरिया को 2019 विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता अमित पंघाल पर तरजीह देकर टीम में चुना गया था। इससे पहले भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने एक बयान में कहा , हुसामुद्दीन को चोट के कारण विरोधी को वॉकओवर देना पड़ा। उसे कांस्य पदक से ही संतोष करना होगा। उसे क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दौरान चोट लगी थी और उसे आगे नहीं खेलने की सलाह मिली थी। हुसामुद्दीन पहली बार विश्व चैम्पियनशिप खेल रहे थे। उन्हें सेमीफाइनल में क्यूबा के सेडेल होर्टा से खेलना था। भारत को तीनों पदक ओलंपिक वर्गों में मिले हैं जो एशियाई खेलों की तैयारियां को पुख्ता करेंगे। एशियाई खेल पेरिस ओलंपिक का पहला क्वालीफायर भी है। भारत ने इससे पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2019 में किया था जब पंघाल को रजत और मनीष कौशिक को कांस्य पदक मिला था। विश्व चैम्पियनशिप में इससे पहले भारत के लिए विजेंदर सिंह (कांस्य, 2009), विकास कृष्णन (कांस्य 2011), शिवा थापा (कांस्य , 2015), गौरव बिधूड़ी (कांस्य 2017), पंघाल (रजत 2019), कौशिक (कांस्य 2019) और आकाश कुमार (कांस्य 2021) ने पदक जीते हैं।

## अगर भारतीय टीम पाकिस्तान नही आती तो हम विश्व कप खेलने भारत नहीं जाएंगे : पीसीबी प्रमुख




भाषा। नई दिल्ली

**पाकिस्तान क्रिकेट** बोर्ड के प्रमुख नजम सेठी ने शुक्रवार को साफ तौर पर कहा कि पाकिस्तानी टीम भारत में वनडे विश्व कप खेलने तभी जाएगी जब भारतीय टीम आगामी एशिया कप और 2025 चैम्पियंस ट्रॉफी खेलने सरहद पार जाएगी। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने हाल ही में हाइब्रिड मॉडल को खारिज कर दिया। सेठी का मानना है कि भारत और पाकिस्तान जब तक एक दूसरे के देश में खेलना शुरू नहीं करते , यही एक विकल्प नजर आ रहा है। प्रश्न: एशिया कप की क्या स्थिति है और आपके प्रस्तावित हाइब्रिड मॉडल पर एसीसी की क्या प्रतिक्रिया थी। उत्तर : मौजूदा हालात में हमने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान में चार मैच हों और बाकी मैच किसी तटस्थ स्थान पर खेले जा सकते हैं। एशियाई क्रिकेट परिषद दो फैसले ले सकती है। या तो वह राजी हो और मेरे इस प्रस्ताव के अनुसार शेड्यूल बनाए या कह दे कि सारे मैच तटस्थ स्थान पर खेले जाएंग। पहला विकल्प लेने पर सब कुछ सुलझ जाएगा। दूसरा विकल्प चुनने पर हम एशिया कप नहीं खेलेंगे। हम जय शाह और दूसरों के जवाब का इंतजार कर रहे हैं।

## हृदय हजारिका, नैंसी को सीनियर विश्व कप में पहले पदक

**बाकू।** पूर्व जूनियर विश्व चैम्पियन हृदय हजारिका और हरियाणा की नैंसी ने सीनियर विश्व कप निशानेबाजी में व्यक्तिगत स्तर पर पहले पदक जीते और दस मीटर एयर राइफल में क्रमश: पुरूष और महिला वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। असम के हजारिका ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। उनका न्यूनतम स्कोर 10.1 रहा जबकि नैंसी का न्यूनतम स्कोर 10.2 हो गया। हजारिका को फाइनल में हंगरी के जालान पेकलेर ने हराया। हजारिका का स्कोर 251.9 था जबकि पेकलेर ने 252.4 स्कोर किया। क्वालीफाइंग दौर में हजारिका सातवें स्थान पर रहे थे। नैंसी को चीन की हान जियायू ने मात दी। नैंसी का स्कोर 253.3 रहा जबकि जियायू ने 254 . 0 स्कोर किया।

## शशांक, सुंदरम व सौरभ के कमाल से मेगा ट्रेंड्स क्लब बना चैंपियन

**लखनऊ।** मैन ऑफ द मैच शशांक यादव 5 विकेट की धारदार गेंदबाजी के बाद शानदार बल्लेबाजी के चलते मेगा ट्रेंड्स क्लब ने प्रथम व्यूज एडवरटाइजिंग अंडर.16 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ को आठ विकेट के बड़े अंतर से हराकर जीत लिया। आरआर स्टेडियम पर खेले गए मैच में गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 29.3 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 100 रन का स्कोर बनाया। टीम की शुरुआत काफी खराब रही और अभिषेक राय 2, व हर्ष यादव ,1, की सलामी जोड़ी कुल 12 रन ही बना सकी।, जवाब में मेगा ट्रेंड्स क्लब ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 18.5 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 104 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम शुरू में ही तब संकट में फंस गयी थी जब 5 रन के कुल स्कोर पर दो विकेट गिर गए थे। सलामी बल्लेबाज आयुष कुमार 5 रन ही बना सके जबकि निशांत यादव खाता भी नहीं

## भारतीय महिला यूथ व जूनियर हैंडबॉल टीम पहुंची बांग्लादेश



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में आयोजित आईएचएफ ट्राफी महिला यूथ व जूनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए भारतीय महिला यूथ व जूनियर हैंडबॉल टीम शुक्रवार को बांग्लादेश पहुंच गयी। आगामी 13 से 17 मई 2023 तक ढाका में होने वाली इस चैंपियनशिप के लिए चयनित भारतीय टीम में उत्तर प्रदेश की तीन खिलाड़ियों को जगह मिली है। भारतीय जूनियर महिला टीम में आराधना त्रिपाठी व समृद्धि सिंह और भारतीय यूथ महिला टीम में शिवानी भारती चयनित की गई है। भारतीय जूनियर टीम के दल प्रमुख डाण्आनन्देश्वर पाण्डेय बनाए गए है। भारतीय यूथ टीम के कोच उत्तर प्रदेश के मोहम्मद तौहीद बनाए गए है। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष जगनमोहन राव व महासचिव तेजराज सिंह ने नई दिल्ली से रवानगी से पूर्व भारतीय टीम के चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना की। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक आनन्देश्वर पाण्डेय ने टीम के पहुंचने के बाद जानकारी देते हुए बताया कि गत वर्ष आयोजित चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में भारतीय जूनियर महिला टीम और भारतीय यूथ महिला टीम ने स्वर्ण पदक जीते थे।

## अंतर महाद्वीपीय कप के पहले मैच में मंगोलिया से भिड़ेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में नौ जून से शुरू होने वाले अंतर महाद्वीपीय कप के पहले दिन मंगोलिया की टीम का सामना करेगी। भारत और मंगोलिया के अलावा इस प्रतियोगिता में लेबनान और वनातू की टीम भी भाग लेगी। यह दोनों टीम भी टूर्नामेंट के पहले दिन आमने सामने होंगी। यह टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच भी होगा। यह प्रतियोगिता कतर में होने वाले एएफसी एशियाई कप 2023 की तैयारियों के सिलसिले में आयोजित की जा रही है। भारतीय टीम इसके तुरंत बाद बेंगलुरु में 21 जून से तीन जुलाई तक होने वाली सैफ चैंपियनशिप में भाग लेगी। भारतीय टीम इन दोनों टूर्नामेंट की तैयारियों के लिए मुख्य कोच इगोर स्टिमक की देखरेख में भुवनेश्वर 15 मई से अभ्यास शिविर में हिस्सा लेगी। अंतर महाद्वीपीय कप में चारों टीम एक-दूसरे का सामना करेंगी तथा शीर्ष पर रहने वाली दो टीम 18 जून को फाइनल खेलेंगी।

## जब कोच ने यशस्वी से कहा , जिंदगी में अलग बनना है तो कुछ खास करना पड़ेगा

भाषा। नई दिल्ली

**आईपीएल के** इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल जब शुरूआती मैचों में अर्धशतकीय पारियां खेल रहे थे तब उनके कोच और मेंटोर ज्वाला सिंह ने उन्हें सलाह दी कि जिंदगी में अलग बनना है तो कुछ खास करना पड़ेगा और उसके बाद से उन्होंने आईपीएल के इस सत्र को अपने लिए खास बना डाला। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ ईडन गार्डंस पर बृहस्पतिवार को यशस्वी ने 200 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से 47 गेंद में नाबाद 98 रन बनाकर टीम को नौ विकेट से जीत दिलाई। उन्होंने महज 13 गेंद में अर्धशतक बनाकर केएल राहुल और पैट कमिंस (14 गेंद) का रिकॉर्ड तोड़ा। इसके साथ ही इस सत्र में उनके 12 मैचों में 575 रन हो गए हैं और आरेंज कैप की दौड़ में वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान फाफ डु प्लेसी से महज एक रन पीछे दूसरे स्थान पर हैं। पिछले दस साल से उनके कोच और मार्गदर्शक ज्वाला ने मुंबई से भाषा से बातचीत में कहा , जिस तरह से वह खेल रहा है और इतने महान बल्लेबाजों के बीच आरेंज कैप की तरफ जा रहा है। यह तो हमारा सपना था जो सच हो रहा है। मार्च में ईरानी ट्रॉफी के पहले मैंने उसे मैसेज भेजा था कि जिंदगी में अलग बनना है तो कुछ खास करना पड़ेगा। उसने दोहरा शतक और शतक समेत शेष भारत के लिए रिकॉर्ड 357 रन बनाए।

### मैं अपनी इस पारी को लंबे समय तक याद रखूंगा

कोलकाता। भारतीय क्रिकेट के उदीयमान सितारे यशस्वी जायसवाल ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल मैच मे 47 गेंदो पर नाबाद 98 रन बनाने के बाद कहा कि उनके छोटे से करियर मे यह उनकी सबसे यादगार पारी है जिसे वह लंबे समय तक याद रखेंगे। जायसवाल ने अपनी इस पारी के दौरान 13 गेंदो पर अर्धशतक पूरा करके आईपीएल में नया रिकॉर्ड बनाया। उनकी इस पारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने यह मैच आसानी से नौ विकेट से जीता।जायसवाल ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, मै अपनी इस पारी को लंबे समय तक याद रखूंगा। यह काफी अच्छी पारी थी। जब मै बल्लेबाजी के लिए क्रीज पर उतरा तो मुझे लगा कि मेरे पास बहुत कम समय है और अचानक ही मुझे अहसास हुआ कि सब कुछ सही जा रहा है। मैने तय किया कि मुझे इसी तरह से बल्लेबाजी करना जारी रखना चाहिए। यह मेरी यादगार पारी थी। उन्होंने कहा, मेरा अपनी दिनचर्या और प्रक्रिया को लेकर कड़ा नियम है जिसका मै पूरी तरह से पालन करता हूं। यह मेरे लिए काफी मायने रखता है। मै अपनी एकाग्रता बनाए रखने के लिए अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करता हूं और प्रत्एक मैच से कुछ नई सीख लेता हूं। जब मै अपनी पारी को आगे बढ़ा रहा होता हूं तब यहां काफी महत्वपूर्ण होता है। जायसवाल ने कहा कि वह अपनी मानसिक और शारीरिक तैयारियो से आत्मविश्वास हासिल करते है। उन्होने कहा, 20 ओवर तक क्षेत्ररक्षण के बाद आपको पारी की शुरुआत करने के लिए जाना होता है। इसलिए मै खुद को फिट और मानसिक रूप से मजबूत रखता हूं। मै इससे आत्मविश्वास हासिल करता हूं।